# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 20 सितंबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 312 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ नये संसद भवन में और... ■ कांग्रेस नेतृत्व 2024 में ... 04
■ अमेरिका में आशिकी कर बैठे थे चीन के... ■ क्या है खालिस्तान की मांग जिसकी आग ... 09
■ देश के आयात में 12 प्रतिशत गिरावट... ■ 100 डॉलर की दहलीज पर कच्चा ... 11
■ अश्विन के खिलाफ... ■ एशियाई खेलों के लिए... 10



## नए संसद भवन में नई इबारत

# लोकसभा में पेश हुआ महिला आरक्षण विधेयक



### सौगात मिली लेकिन मंजिल अभी दूर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में मंगलवार को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया।

इसके मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाएगा। इस फॉर्मूले के मुताबिक, लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। ये परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है।

*इस विधेयक का उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी को विस्तार देना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।* **–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



**अभी लोकसभा में हैं 82 महिला सांसद** –कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

- 2024 चुनाव में नहीं हो पाएगा लागू
- 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा
- 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक दिया नाम

### कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या 181 होगी

## सोनिया बोलीं- बिल हमारा



*इसी बीच कांग्रेस संसदीय दल प्रमुख सोनिया गांधी ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक हमारा है। कांग्रेस ने सोमवार शाम को कहा था कि वह इस कदम का स्वागत करती है, क्योंकि पार्टी लंबे समय से यह मांग उठाती रही है और बिना शर्त समर्थन का वादा भी किया था।*

*राजीव जी ने पहली बार यह विचार पेश किया। 2010 में, सोनिया के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान, डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित किया।*
**– केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस नेता**

*महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी की महिलाओं का आरक्षण निश्चित प्रतिशत रूप में स्पष्ट होना चाहिए।*
**– अखिलेश यादव, सपा नेता**

*एनडीए की सरकार को 10 साल होने वाले हैं। अगर उन्होंने यह पहले ही किया होता तो 2024 के चुनाव में महिलाओं को बड़ी तादाद में भाग लेने का मौका मिलता।*
**– महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

**सार संक्षेप**

### एल-1 प्वॉइंट की ओर निकला भारत का आदित्य सूर्ययान

**चेन्नई, (एजेंसियां)।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगलवार तड़के आदित्य-एल1 सौर वेधशाला को ट्रांस-लैग्रेंजियन प्वॉइंट 1 पर सफलतापूर्वक स्थापित करके सूर्य की ओर रवाना किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, देश की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को मंगलवार सुबह 2 बजे ट्रांस-लैग्रैन्जियन प्वॉइंट 1 पर स्थापित किया गया। इसरो ने कहा, अंतरिक्ष यान अब एक प्रक्षेप पथ पर है, जो इसे सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु पर ले जाएगा। इसे लगभग 110 दिनों के बाद एक प्रक्रिया के माध्यम से एल1 के आसपास की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। यह लगातार पांचवीं बार है, जब इसरो ने किसी वस्तु को अंतरिक्ष में किसी अन्य खगोलीय पिंड या स्थान की ओर सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-बहुत लम्बे इंतजार के बाद महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश हो पाया।
**चुहिया- हां प्रिये**- हम बेहद खुश हैं लेकिन इंतजार अभी और बाकी है।



मुख्यमंत्री शिवराज चौहान स्वयं सपरिवार श्री गणेशजी की प्रतिमा लेकर स्थापना हेतु मुख्यमंत्री निवास पहुचे जहां विधि-विधान से विघ्नहर्ता को स्थापित किया गया।

## बहनों के लिए हर साल 16 हजार करोड़ : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की 1 करोड़ 32 लाख बहनों के परिवारों को राहत दी है।

परिवार की छोटी.छोटी जरूरतों के लिए बहनों को चिंता नहीं करनी पड़ती। इस योजना में क्रमश राशि बढ़ती जाएगी। बहनों की आँखों में आंसू नहीं होंगे। उन्हें इस योजना के माध्यम से सम्मान देने का कार्य भी किया गया है। मुख्यमंत्री विदिशा जिले के गंजबसौदा में आम नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को गृह, जेल एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक लीना जैन के अलावा विदिशा जिले के अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। गंजबासौदा में मुख्यमंत्री श्री चौहान का पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया।

**टूटी टपरिया के बदले मिलेगा अपना मकान**– मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वे परिवार जो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से छूट गए हैंए उन्हें मुख्यमंत्री जन आवास, लाड़ली बहना जन आवास योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। परिवारों को मुख्यमंत्री भू–आवासीय अधिकार योजना में पट्टे भी प्राप्त होंगे। आवास योजना के लिए प्रपत्र भरवाने का कार्य शुरू किया गया है।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### गंजबासौदा में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

### जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज

## कनाडाई राजनयिक को सरकार ने किया निष्कासित

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया।

भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है।

**निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का लगाया था आरोप**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जिस राजनयिक का निष्कासित किया गया है, वह कनाडा में उच्चायोग में कनाडाई खुफिया सेवा के स्टेशन प्रमुख ओलिवर सिल्वेस्टर हैं।

## कनाडा के आरोपों पर मोदी सरकार के साथ खड़ी हुई कांग्रेस

### कहा- आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कनाडा में अलगाववादी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान की पृष्ठभूमि में मंगलवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए और देशहित को हमेशा सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस का हमेशा से मानना रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की लड़ाई में किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विशेष रूप से तब, जब आतंकवाद से भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा हो। उन्होंने कहा कि हमारे देश के हितों और चिंताओं को हमेशा सर्वोपरि रखा जाना चाहिए।




**विडम्बना** इडली बेच रहे हैं चंद्रयान-3 के टेक्नीशियन

## गिरवी हैं पत्नी के गहने; सिर पर 4 लाख का कर्ज

**रांची।** चंद्रयान-3 की सफलता ने पूरे विश्व भर में भारत का झंडा बुलंद किया है। इस मिशन को सफल बनाने में इसरो के वैज्ञानिकों, कई इंजीनियर, चीफ स्टार और टेक्नीशियन ने दिन रात एक कर दिया होगा, तब जाकर चंद्रयान-3 की इबारत लिखी गई होगी। मगर जैसे हर सिक्के के दो पहलू होते हैं इसी तरह इस मिशन को लेकर भी कई रिपोर्ट्स में अलग-अलग खुलासे किए जा रहे हैं।

एक न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक रांची के रहने वाले दीपक कुमार उपरारिया, जिन्होंने चंद्रयान-3 मिशन में अहम रोल अदा किया था, आज सड़कों पर इडली बेचने को मजबूर हैं। दीपक उपरारिया का कहना है कि उन्हें 18 महीने से सैलरी नहीं मिली है। जिसके बाद मजबूरन उन्हें यह काम करना पड़ा। इसरो के टेक्नीशियन दीपक रांची के धुर्वा एरिया के ओल्ड लेजिस्लेटिव असेंबली के सामने 15 रुपये प्लेट इडली बेचते हैं। उन्होंने इसरो के मून मिशन चंद्रयान-3 के लॉन्च पैड को तैयार करने में मदद की थी।



### 18 माह से नहीं मिला वेतन

वेतन न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो गई है। हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) रांची में स्थित हैं, जिसे चंद्रयान-3 के स्पेसक्राफ्ट के फोल्डिंग प्लेटफॉर्म और स्लाइडिंग डोर बनाने का जिम्मा सौंपा गया था। इसी प्रोजेक्ट के तहत दीपक उपरारिया ने चंद्रयान-3 मिशन में काम किया था।दीपक उपरारिया की मानें तो उन्होंने इडली बेचने का काम तो शुरू कर दिया है, लेकिन उन्होंने अपनी एचईसी वाली जॉब नहीं छोड़ी। वो रोज सब कुछ मैनेज करते हैं। सुबह वो इडली बेचते हैं और फिर जॉब पर जाते हैं। जॉब से आने के बाद भी वह इडली और चाय बेचा करते हैं।चैनल से बातचीत के दौरान दीपक उपरारिया ने कहा, बुरे दौर में मैंने क्रेडिट कार्ड से अपना घर चलाया। बाद में मुझे 2 लाख रुपयों का लोन मिला। मुझे डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया।

इसके बाद मैंने रिश्तेदारों से पैसे लेकर घर चलाना शुरू किया। अब तक मेरे सिर पर चार लाख रुपये का कर्ज हो चुका है। क्योंकि मैंने अभी तक किसी के पैसे नहीं लौटाये, इसलिए अब सबने मुझे उधार देना बंद कर दिया है। साथ ही मैंने अपनी पत्नी के गहने भी गिरवी रखकर कुछ दिनों तक घर चलाया।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## पंजाब में नहर में गिरी बस, 8 की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुक्तसर में मंगलवार को एक पुल पार करते समय एक निजी बस अनियंत्रित होकर मुक्तसर-कोटकपुरा राजमार्ग पर सरहिंद फीडर नहर में गिर गई, जिससे 8 यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। कथित तौर पर दो लोग लापता हैं। 40 लोगों से भरी बस मुक्तसर से कोटकपुरा जा रही थी, जो नहर में गिर गई। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### संसद भवन की स्मृतियों को किया याद

# संसद से लोगों ने भारत की नियति में बदलाव देखा

## औपनिवेशिक अतीत से स्वतंत्र भारत तक की यात्रा देखी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि संसद की पुरानी इमारत से देश ने औपनिवेशिक अतीत से स्वतंत्र भारत तक की यात्रा देखी है और लोगों ने देश की नियति में बदलाव देखा है।

सेंट्रल हॉल में पुराने संसद भवन की स्मृति में एक विशेष समारोह को संबोधित करते हुए, चौधरी ने कहा, इस अवसर का लाभ उठाते हुए, बिना कोई शिकायत किए और बिना कोई शब्द कहे, मुझे कहना होगा कि मैं इस मंच पर खड़ा होकर गौरवान्वित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। दिग्गजों की आकाशगंगा के बीच में ऐतिहासिक घटनाओं और कई महत्वपूर्ण घटनाओं का एक कारवां देखा था, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित सदन में भारत के संविधान को तैयार करने के लिए अपना दिमाग लगाया और आधी रात को तेल जलाया था जिसे संविधान सभा कहा जाता था। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें उन सभी पर गर्व है। उन्होंने पुराने संसद भवन की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि इसी सदन में 22 जनवरी वर्ष 1947 को उद्देश्य प्रस्ताव संख्या 8 पारित किया गया था और अपनाया गया था, जिसे पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रस्तावित किया था, जो बाद के चरणों में संविधान को आकार देने के लिए आवश्यक था। .

### प्रधानमंत्री ने दिया सुझाव-'संविधान सदन' के नाम से जानी जाए पुरानी इमारत

सेंट्रल हॉल में समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा मेरा एक सुझाव है। अब जब हम नई संसद में जा रहे हैं तो पुराने भवन की गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। इसे सिर्फ पुराना संसद भवन बनकर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसलिए मेरा आग्रह है कि यदि आप सहमत हैं तो इसे 'संविधान सदन% के नाम से जाना जाना चाहिए।' अपने 40 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था, '1947 में अंग्रेजों ने यहीं सत्ता का हस्तांतरण किया था, हमारा सेंट्रल हॉल उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह है।'

**संविधान की प्रति लेकर नए भवन पहुंचे कांग्रेस सांसद**-नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद मंगलवार को संविधान की एक प्रति के साथ पुराने भवन से नए संसद भवन की ओर चले। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, पार्टी सांसद गौरव गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, केसी वेणुगोपाल, राजीव शुक्ला, शक्तिसिंह गोहिल, अखिलेश प्रसाद सिंह, ए. रेवंत रेड्डी, डीएमके नेता कनिमोझी और अन्य लोग पुराने संसद भवन से निकलते समय संविधान की प्रति लेकर चले। इसके बाद वे संविधान की प्रति के साथ नए संसद भवन में दाखिल हुए। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाव दिया था कि पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' के रूप में जाना जाना चाहिए, जिस दिन सभी विधायी कार्य नए संसद भवन में स्थानांतरित हो जाएंगे।



## सिंधिया ने सेंट्रल हॉल में सोनिया से की बात

मंगलवार को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में हुए कार्यक्रम के शुरू होने से पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वयं आगे बढ़कर सबसे आगे की पंक्ति में बैठी सोनिया गांधी के पास जाकर उनका अभिवादन किया। सिंधिया ने कुछ देर खड़े रहकर सोनिया गांधी और उनके बगल में बैठे अधीर रंजन चौधरी से बात भी की। बाद में सिंधिया बगल की दूसरी वाली पंक्ति में आगे की सीट पर जाकर बैठ गए। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सोनिया गांधी के साथ बैठे अधीर रंजन चौधरी और मल्लिकार्जुन खरगे जब मंच पर चले गए तब ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी सीट से उठकर सोनिया गांधी की सीट पर आ गए और सोनिया गांधी ने अपनी सीट से खिसक कर सिंधिया को बैठने की जगह दी। इसके बाद पूरे कार्यक्रम के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया और सोनिया गांधी एक साथ एक ही टेबल वाली सबसे आगे की सीट पर बैठे रहे।

### सुको के कड़े रुख के बाद शिवसेना विवाद में बोले स्पीकर

## फैसला लेने में देरी नहीं करेंगे पर जल्दबादी भी गलत होगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा है कि वह शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी नहीं करेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मसले पर कोई जल्दबाजी भी नहीं दिखाएंगे, क्योंकि ऐसा करने से अन्याय भी हो सकता है।

यह मसला मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके साथ गए शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं का है। इस पर फैसला लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर स्पीकर से समयसीमा बताने को कहा है।

नार्वेकर ने कहा कि उन्हें शीर्ष न्यायालय की टिप्पणी के बारे में जानकारी नहीं है। मुझे इस मामले में देरी करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और न ही मैं जल्दबाजी करने जा रहा हूं, क्योंकि इसका नतीजा घोर अन्याय के रूप में सामने आ सकता है।


शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की थी कि उचित समय के भीतर याचिकाओं पर निर्णय लेने के निर्देश के बावजूद स्पष्ट रूप से अब तक कुछ भी नहीं किया गया है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियमों और संवैधानिक प्रावधानों का पालन करने के बाद जल्द से जल्द निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति नहीं मिली है। अदालत में क्या हुआ, इसकी भी जानकारी मुझे नहीं है। मैं अदालत के आदेश का अध्ययन करने के बाद ही कोई टिप्पणी कर पाऊंगा।

नार्वेकर ने अपने समक्ष दायर अयोग्यता याचिकाओं की संख्या का खुलासा करने से इनकार किया।

### कश्मीर के कोकेरनाग में 7 दिन से मुठभेड़ जारी

# लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर भी ढेर



**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है।

एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए।

**अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर** -कोकेरबाग के घने पहाड़ी जंगलों के बीच आतंकी 12 से 20 फीट गहरी गुफाओं में छिपे हुए थे, जिसके कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किल हो रही थी। हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से आतंकियों का ठिकाना खत्म किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है।

**शीर्ष कमांडर था उजैर खान** -विजय कुमार के मुताबिक, उजैर खान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर था। अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए पैरा कमांडो और सुरक्षाबलों की 10 और कंपनियां मंगलवार को तैनात की गईं। सोमवार 18 सितंबर को सुरक्षाबलों ने जंगल से दो शव बरामद किए थे। इनमें एक की पहचान जवान प्रदीप सिंह के रूप में की गई है। प्रदीप अनंतनाग में मुठभेड़ के पहले दिन 13 सितंबर से लापता थे।

## आईएमएफ से फंडिंग के लिए पाकिस्तान ने दुनिया से चोरी-छिपे यूक्रेन को बेचें हथियार

### रिपोर्ट पर बौखलाया पड़ोसी देश

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने यूक्रेन को हथियार और गोला-बारूद बेचने की बात को खारिज कर दिया है। दरअसल, हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से एक महत्वपूर्ण बेलआउट पैकेज हासिल करने के लिए यूक्रेन को हथियार और गोला-बारूद बेचा है।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने सोमवार को इंटरसेप्ट रिपोर्ट को निराधार और मनगढ़ंत बताया। गौरतलब है कि हाल ही आई रिपोर्ट में कहा गया था कि नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा करने के लिए अमेरिका का सहारा लिया था। इसके लिए पाकिस्तान ने उसे हथियार मुहैया कराया था।

**पाकिस्तान ने बताया अपना सच**-रिपोर्ट में कहा गया है कि हथियारों की बिक्री यूक्रेनी सेना को आपूर्ति करने के उद्देश्य से की गई थी। ऐसे में रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया था कि रूस के साथ जारी युद्ध में पाकिस्तान ने यूक्रेन का समर्थन किया है। दरअसल, यह सबकुछ अमेरिका के दबाव में पाकिस्तान ने किया है। एक विदेशी न्यूज चैनल ने कहा- पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच विवाद में सख्त तटस्थता की नीति बनाए रखी और उस संदर्भ में उन्हें कोई हथियार या गोला-बारूद उपलब्ध नहीं कराया। पाकिस्तान का रक्षा निर्यात हमेशा सख्त अंतिम उपयोगकर्ता आवश्यकताओं के साथ होता है।

**यूक्रेनी विदेश मंत्री भी कर चुके हैं खारिज**-डॉन के अनुसार, जुलाई में पाकिस्तान की यात्रा के दौरान, यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने ऐसी ही रिपोर्टों को खारिज कर दिया था। जिसमें कहा जा रहा था कि नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान, रूस के साथ जारी जंग में यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।

रूस-यूक्रेन के बीच करीब डेढ़ साल से अधिक समय से संघर्ष जारी है, ऐसे में पाकिस्तान क्रेमलिन और वाशिंगटन के साथ संबंधों में एक संतुलन बनाए रखने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में अमेरिका खुलकर यूक्रेन के साथ है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए दुविधा की स्थिति बनी हुई है।

### समर्थन देने के साथ आप ने यह भी कहा-

## महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला है महिला आरक्षण विधेयक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक को महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला बिल करार दिया है। आतिशी ने कहा कि- यह 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला विधेयक है। इसके अलावा दिल्ली की मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी सैद्धांतिक रूप से महिला आरक्षण का समर्थन करती है। अगर ऐसा कोई बिल आता है तो हम उसका स्वागत करेंगे।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने कहा कि भाजपा को महिलाओं की भलाई और कल्याण में कोई दिलचस्पी नहीं है। बिल के प्रावधानों को करीब से पढ़ने पर पता चलता है कि यह महिला बेवकूफ बनाओ बिल है। विधेयक के अनुसार परिसीमन प्रक्रिया शुरू होने के बाद आरक्षण लागू होगा और 15 वर्षों तक जारी रहेगा। प्रत्येक परिसीमन प्रक्रिया के बाद महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों को घुमाया जाएगा।

आतिशी ने कहा- परिसीमन और जनगणना के प्रावधान क्यों शामिल किए गए हैं, इसका मतलब है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि परिसीमन और जनगणना के प्रावधानों को खत्म किया जाए और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए महिला आरक्षण लागू किया जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### लोकसभा में पेश हुआ.....

यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा की कार्यवाही 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

**अमित शाह व अधीर रंजन में हुई बहस**-सरकार द्वारा महिला आरक्षण को लेकर नया बिल पेश करने पर सवाल उठाते हुए हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजीव गांधी, नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने कई बार कोशिश किया। लेकिन, यह कभी लोकसभा से पास हुआ तो राज्यसभा से नहीं हुआ और कभी राज्यसभा से पास हुआ तो लोकसभा से नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्य सभा से पास महिला आरक्षण बिल आज तक जीवित है तो फिर यह नया बिल क्यों लाया गया? अधीर रंजन चौधरी के दावे को गलत बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में खड़े होकर बताया कि अधीर रंजन चौधरी ने दो बातें गलत कही है और या तो वह इसे साबित करें या इसे रिकॉर्ड से हटा दिया जाए।

**महिलाओं की उम्मीदों के साथ बड़ा धोखा** -महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार भले ही इसे अपना मास्टर स्टोक मान रही हो,लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे जुमला करार देते हुए देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात करार दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अपनी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि चुनावी जुमलों के इस मौसम में यह सबसे बड़ा जुमला है। यह विधेयक देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बडा विश्वासघात है। उन्होंने लिखा कि वे पहले भी बता चुके हैं कि मोदी सरकार ने अभी तक 2021 में होने वाली जनगणना नहीं कराई है। जयराम में दावा किया कि भारत जी-20 का एकमात्र देश है,जो जनगणना कराने में विफल रहा है।

### बहनों के लिए हर साल.....

स्क्रीनिंग के बाद हितग्राहियों का चयन कर लाभ दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जहाँ 200 रूपये की कमी कर रसोई गैस सिलेंडर के दाम घटाए हैं, वहीं प्रदेश सरकार ने सावन का उपहार देते हुए उज्ज्वला योजना की हितग्राही बहनों को 450 रूपए में रसोई गैस सिलेंडर दिलवाने का कार्य किया है। यही नहीं बिजली के बढ़े हुए बिलों का भुगतान भी सरकार द्वारा किया जाएगा। इसके लिए एक किलोवॉट क्षमता का विद्युत उपयोग करने वाले निर्धन परिवार पात्र होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान वर्ग के लिए राज्य सरकार ने वे सभी योजनाएं पुनः प्रारंभ कीं, जो पूर्व सरकार ने वर्ष 2019 में बंद कर दी थीं। जहाँ किसान सम्मान निधि के अंतर्गत केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से किसान को वर्ष में 12 हजार रूपए की राशि प्राप्त हो रही है, वहीं अब किसानों के बेटा-बेटी भी सरकारी स्कूल में अध्ययन के बाद नीट के माध्यम से एमबीबीएस पाठ्यक्रम में चयन के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान का लाभ लेकर डॉक्टर बनेंगे। इसी तरह मेडिकल और इंजीनियरिंग की हिंदी में पढ़ाई का प्रबंध किया गया है।

**सिंचाई योजनाओं के अमल में तेजी**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व सरकार ने गंजबसौदा क्षेत्र सहित प्रदेश में सिंचाई योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं दिलवाया। अब इन योजनाओं के अमल में तेजी आई है। इसी तरह कृषकों को ट्रांसफर्मर के लिए अनुदान योजना के प्रपत्र भरवाना शुरू किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन का लाभ बड़ी संख्या में परिवारों को मिला है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अब प्रदेश के बुजुर्ग हवाई यात्राएं कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आम जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचाने और विकास कार्यों को अंजाम देने के लिए धनराशि की कमी नहीं होती। राज्य सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य कर सकती है। इसके लिए सरकार में बैठे लोगों के हृदय में जनता के लिए कार्य करने की तड़प होना चाहिए। कुछ करने की ललक हों तो वित्तीय बाधाएं भी आड़े नहीं आती हैं। जो लोग कहते हैं कि सरकार में कार्यों के लिए राशि नहीं हैं, दरअसल वे जनकल्याण करना ही नहीं चाहते।


**कार्यालय, जिला सहकारी संघ मर्यादित, जबलपुर ( पं.क्रं.-15 )**
**सहकारी सदन, राईट टाउन, जबलपुर**
**'वार्षिक साधारण सभा सूचना'**

जबलपुर जिला सहकारी संघ मर्यादित, जबलपुर (पंजीयन क्रमांक-15) की समस्त सदस्य सहकारी समितियों को सूचित किया जाता है कि संघ की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 26.09.2023 दिन- मंगलवार समय दोपहर 1.00 बजे संघ कार्यालय-प्रांगण में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थित सादर प्राथनीय है निर्धारित दिनांक एवं समय पर संघ की आमसभा में उपस्थिति होने का कष्ट करें।

प्रभारी प्रबंधक
जिला सहकारी संघ मर्यादित
जबलपुर
र.नं. 1210

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0668/अ-6/2023-2024
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरव त्रिपाठी/स्व. विजय प्रकाश त्रिपाठी, नि.- सुभाष वार्ड एल.आई.जी. 36 पुनीत नगर अधारताल ने नजूल ब्लाक नं. 22 प्लाट नं. 10/1, निर्मित/रकवा 739 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. विक्रय पत्र दिनांक 30/09/2000 मृत्यु दिनांक 02/09/2012 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 22 प्लाट नं. 10/1, निर्मित/रकवा 739 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. ........ के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 22/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 28/08/2023
पेशी दिनांक 22/09/2023

र.नं. 1213
तहसीलदार,
रांझी, जबलपुर

**पत्नी का नाम एवं जन्मतिथि में सुधार की सूचना**

मैं NARESH KUMAR S/O SATYVEER यह सूचित करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड (JC390975Y, Rank-NB SUB) में मेरी पत्नी का नाम VIMALA DEVI एवं जन्मतिथि 18/05/1983 दर्ज है जो कि गलत है।

मेरी पत्नी का सही नाम VIMALA KUMARI एवं सही जन्मतिथि 15.07.1985 है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। VIMALA KUMARI एवं VIMALA DEVI दोनों ही नाम एक महिला अर्थात मेरी पत्नी के ही नाम है।

अतः मेरी पत्नी के नाम को VIMALA KUMARI एवं मेरी पत्नी की जन्मतिथि को 15.07.1985 ही पढ़ा- लिखा एवं समझा जावे।
पत्नी का त्रुटिपूर्ण नाम-VIMALA DEVI
एवं त्रुटिपूर्ण जन्मतिथि- 18/05/1983
पत्नी का सही नाम- VIMALA KUMARI
एवं सही जन्मतिथि- 15/07/1985
पता- VILLAGE-DHINDHWATHUNA, POST, DHINDHWAAGUNA TEHSIL SURAJGARGTH, DISTT, JHUNJHUNU STATE- RAJASTHAN 333030
र.नं. 1211

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मालती चौबे पति स्व. डॉ. संजीव कुमार चौबे निवासीः म.नं. 84 पुरानी बस्ती करमेता तह. जिला जबलपुर म.प्र. वालों की सम्पत्ति मौजा करमेता नं.बं. 497 प.ह.नं. 26 तह. व जिला जबलपुर भूमि खसरा नं. 420/3 का भाग जिसका कुल प्लॉट एरिया 1000 वर्गफुट जिसकी चौहद्दी उत्तर में क्रेता की जमीन, दक्षिण में मालती चौबे पूर्व में साईड रोड पश्चिम में नरेन्द्र कुमार चौबे का प्लॉट स्थित है जिसे मालती चौबे के पति द्वारा अपने जीवनकाल में रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 23.04.2004 को विक्रेता राम प्रसन्न श्रीवास्त्व पिता श्री कामता प्रसाद श्रीवास्तव निवासी जबलपुर वालों से क्रय की थी। जिस पर मेरे पक्षकार द्वारा मकान निर्माण कर निवास किया जा रहा है। उक्त मकान पर बजाज फायनेंस लि. होम लोन से ऋण प्राप्त कर निर्माण कार्य कराया गया। उक्त मकान को इंडियन बैंक द्वारा प्रीतमलाल चौधरी द्वारा प्राप्त लोन के आधार पर नीलाम करने का प्रयास किया जा रहा है कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त मकान को बैंक के माध्यम से क्रय न करे अन्यथा होने वाले हर्जे खर्चे के लिए वह स्वतः जवाबदार एवं जिम्मेदार रहेगा। उक्त सम्पत्ति का विवाद माननीय दशम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड जबलपुर में लंबित है।

अजीत कुमार शर्मा ( एडवोकेट )
नि: म.नं. 470, जॉर्ज डिसिलवा वार्ड
गोरखपुर जबलपुर
र.नं. 1209 मो.नं 9329591744

**कार्यालय नगर निगम, (कॉलोनी सेल) जबलपुर**
क्रमांक/अधी, यंत्री / कालोनी सेल / 2023-24/508 दिनांक 19/09/2023
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा / ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10 नं.बं. 505 खसरा नं. 404 पुराना का भाग नया खसरा नं. 404/1/2 कुल रकबा 0.427 हेक्टेयर में से 0.413 हेक्टेयर भूमि पर (जीवन रेसीडेंसी फेस-2) विकासकर्ता / कालोनाईजर मेसर्स अध्यांत रियल्टी LLP द्वारा अधिकृत व्यक्ति श्री नितिन ढिमोले कालोनाईजर निवासी 992, संजीवनी नगर गढ़ा जबलपुर द्वारा आवासीय भूखण्डीय विकास हेतु कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के एवज में भूखंड क्रमांक 3, 4, 13, 23, 24 कुल 5 भूखण्ड क्षेत्रफल 404.55 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति / भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

**अधीक्षण यंत्री - कालोनी सेल, नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर**
क्र./2580 A / 2023 24 सिहोरा दिनांक 13/09/2023
**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद सिहोरा द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों एवं अधिकृत संस्थानों से निकाय क्षेत्रान्तर्गत शिवाजी वार्ड में अमृत-2 योजना के अन्तर्गत हरितक्षेत्र में उद्यान / पार्क निर्माण हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा लागत राशि रूपये 49.65 लाख, आमानत राशि रूपये 37240.00 तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 5000.00 निर्धारित है। निविदा दिनांक 18/10/2023 समय 17.30 तक ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत की जा सकेगी। निविदा से संबंधित सभी अन्य विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in में प्रकाशित / उपलब्ध है। अन्य आवश्यक जानकारी या संशोधन केवल वेबसाईट पर प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिहोरा**

**न्यायालय तहसीलदार**
**रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./0615/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि शंकर लाल सौंधिया/ महावीर सौंधिया म.नं. 4459 खण्डेलवाल बिल्डिंग के पीछे संजय गांधी वार्ड कांचघर ने नजूल ब्लॉक नं. 26 प्लाट नं. 3/146, 3/147 निर्मित रकवा/ रकवा 662 व.फु./अवि.हिस्सा... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं..... रकवा.... व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक... मृत्यु दिनांक 09.04.2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 26 प्लाट नं. 3/146, 3/147 निर्मित रकबा 662 व.फु./अवि.हिस्सा...ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं....खसरा नं. ...रकवा...व.फु./हे... श्रीमती शांतिबाई सौंधिया/शंकर लाल के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 26.9.2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 06.09.2023
पेशी दिनांक 26.09.2023

तहसीलदार
र.नं. 1208 रांझी, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं (आर्मी नं- JC-732251K रैंक - SUB) लोमन सिंह सोनबोइर उम्र 52 वर्ष पुत्र स्वर्गीय ढाल सिंह सोनबोइर निवासी ग्राम झलमला पोस्ट झलमला थाना बालोद जिला बालोद छ ग है तथा मैं COD जबलपुर में कार्यरत हूँ। मेरे बेटे का नाम (DOMENDRA SINGH SONBOER) मेरे सेवा रिकॉर्ड में गलत दर्ज हैं जबकि मेरे बेटे का नाम (DOMENDAR SINGH SONBOER) मेरे बेटे के शिक्षा प्रमाण पत्र, पैन कार्ड और आधार कार्ड में दर्ज है जो सही और सत्य है, इसलिए मैं अपने बेटे का नाम पंजीकरण कराना चाहता हूं मैं अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पुत्र का नाम. (DOMENDRA SINGH SONBOER) के स्थान पर नाम (DOMENDAR SINGH SONBOER) संशोधित एवं पंजीकृत करना चाहता हूँ.
जबलपुर
दिनांक 18/09/2023

भवदीय,
(आर्मी नं- JC-732251K रैंक-SUB) लोमन सिंह सोनबोइर सी-ओ-डी.
र.नं. 1214 जबलपुर (म.प्र.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रेनू दुबे पति श्री अभिषेक दुबे निवासी- 662 चंदन अपार्टमेंट गोल बाजार राईट टाउन जबलपुर सिटी म.प्र. सत्यनिष्ठा पूर्वक करती हूँ कि-

1. यह कि मेरी पुत्री आत्रेयी दुबे (ATREYI DUBEY) का दाखिला केन्द्रीय विद्यालय पचमढ़ी में हुआ था ।
2. यह कि आत्रेयी दुबे का दाखिला का समय नाम ATRYE DUBEY हो गया था इनका सही नाम आधार कार्ड के अनुसार ATREYI DUBEY है।
3. अतः यह कि इनका सही नाम ATREYI DUBEY (आत्रेयी दुबे) लिखा एवं पढ़ा जावे।

दिनांक 05/05/2022

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRO-407<br>19/09/2023 | संभाग क्रं. 13 अंतर्गत पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में श्रीनाथ की तलैया में नाला निर्माण कार्य। (कवर्ड) | 03 माह<br>रू. 16.855 लाख | रू. 2000/-<br>रू. 12641/- | 20/10/2023 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

## खड़गे ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** खड़गे ने सोमवार को लोकसभा में अपने भाषण में नेहरू को याद करने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, यह सेंट्रल हॉल पंडित नेहरू के ट्रिस्ट विद डेस्टिनी भाषण का गवाह था और कल प्रधानमंत्री ने भी अपने भाषण में इसका जिक्र किया था। मैं आपका आभारी हूं कि आपने ऐतिहासिक भाषण को याद रखा। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने अपने भाषण में जोर देकर कहा था कि- पंडित नेहरू का वह भाषण आज भी सदन में गूंज रहा है।



जन आशीर्वाद यात्रा : शिवराज और धामी का हुआ जोरदार स्वागत, खुरई को मिली कई सौगातें

## बरोदिया में कॉलेज और बांदरी में आईटीआई खुलेंगे



**सागर, देशबन्धु।** जन आशीर्वाद यात्रा के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का खुरई की जनता ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खुरई को कई सौगातें दी। उन्होंने मंत्री भूपेंद्र सिंह के मांगपत्र पर बरोदिया कलां में कॉलेज, खुरई सिविल अस्पताल का 150 बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नयन, बांदरी में आईटीआई खोलने, रजवांस में 132 केवी, विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करने की घोषणाएं की हैं। श्री चौहान ने भोपाल, बीना, खुरई, सागर मार्ग को औद्योगिक कारीडोर के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। इस मार्ग की पूरी सरकारी भूमि को औद्योगिक उपयोग के लिए रिजर्व कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने मंच से खुरई के उद्योगपतियों और युवाओं से आव्हान किया कि आगे आकर उद्योग लगाईए और युवाओं को मैं ऋण की सुविधा दूंगा, ताकि वे भी अपने उद्योग, कारखाने, फैक्ट्री शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि खुरई ने मुझे प्यार और विश्वास दिया, मैंने खुरई को विकास दिया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान कमला नायक की पुस्तक वेद ज्ञान का विमोचन मुख्यमंत्री श्री चौहान और मंत्री श्री सिंह ने किया। कार्यक्रम में जन आशीर्वाद यात्रा प्रभारी अश्विनी राय, विधायक महेश राय, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, नपा अध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार, जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, नपा अध्यक्ष जयंत सिंह, सुधा विश्वनाथ लोधी सहित चारों मंडल अध्यक्ष मंच पर मौजूद थे।

**खुरई अस्पताल अब 150 बिस्तरों का होगा**

### विकास पुरुष हैं भूपेन्द्र : शिवराज

इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भूपेंद्र सिंह मेरे मंत्री हैं और मित्र हैं। वे सिर्फ खुरई का ही विकास नहीं कर रहे हैं बल्कि प्रदेश के नगरीय निकायों का उन्होंने कायाकल्प कर दिया है। यह सही है कि प्रदेश में सर्वाधिक विकास कार्य खुरई में हुए हैं। भूपेंद्र जी विकास पुरुष हैं, उनमें विकास की तड़प है, ललक है। यहां आकर देखिए विकास बोलता है। देखिए उन्होंने आज फिर मांगों की सूची थमा दी।

### वीरों की भूमि है बुंदेलखंड : धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड यदि देवभूमि है तो बुंदेलखंड वीरों की भूमि है। मुख्यमंत्री का दिल हमेशा जनता के लिए धड़कता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की वैश्विक ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री भारत को विश्व का सिरमौर और शक्तिशाली बनाने का कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2003 की तुलना में आज का मध्यप्रदेश विकसित और समृद्ध है। बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री धामी में सागर में बिताए बचपन के दिनों का भी जिक्र किया।

### मुख्यमंत्री फिर शपथ लेंगे : भूपेन्द्र

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश और खुरई के लिए ईश्वर का वरदान बताया। उन्होंने कहा कि यहां जो कुछ भी बीते 7 सालों में हुआ, वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ही दिया हुआ आशीर्वाद है। खुरई और मैं उनका ऋण कभी नहीं चुका सकते। श्री सिंह ने कहा कि हमारी जीवन रेखा बीना नदी परियोजना को आज भाजपा सरकार ने पूरा किया है। इसका 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और मुख्यमंत्री के रूप में फिर शपथ लेने के बाद शिवराज सिंह चौहान ही इसका लोकार्पण करेंगे।

मानवता को शर्मसार करने वाली घटना


## दलित गायक से सिर पर जूते रखवाकर माफ़ी मंगवाई गई

**चित्तौड़गढ़, एजेंसी।** जिले के परसोली थाना इलाके के दुगार गांव में दलित भजन गायक कलाकार के सिर पर जूतियों की गठरी रख कर सार्वजनिक मंच पर माफी मंगवाने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग भजन गायक कलाकार पर आरोप है कि उसने बगड़ावत गायन के दौरान गुर्जर समाज की देवी साडू माता का अपमान किया है। घटना 16 सितंबर की बताई गई है।

घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार व गांव में बसे दलित डरे हुए हैं। कुछ लोग दलितों को फोन कर जान से मारने की धमकी तक दे रहे हैं। धमकाने के ऑडियो भी वायरल है। बुजुर्ग दलित भजन गायक कलाकार के साथ हुई बर्बरता का वीडियो वायरल होने के बाद दलित संगठनों में आक्रोश है। घटना के विरोध में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के बैनर तले विभिन्न दलित संगठनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सामाजिक संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर बयान लिए है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की नहीं हुई है।

मेघवाल महासभा जिलाध्यक्ष शंकर लाल मेघवाल बिलड़ी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले के बेगू उपखण्ड के दुगार ग्राम में डालचन्द सालवी उम्रदराज व्यक्ति है। गांव-गांव घूम कर बगड़ावत गीत गाने का काम करते है। गत 16 सितम्बर को दुगार एवं आस-पास के गांवों के असामाजिक तत्वों ने भजन गायक कलाकार पर बगड़ावत गीत में साडू माता का अपमान करने का आरोप लगा डरा धमकाकर कर माफी मांगने के लिए विवश किया। इस दौरान गायक कलाकार के सिर पर जूतों की गठरी रख कर हाथ जोड़ कर माफी मंगवाई गई। यह अमानवीय घटना है। आरोपियों ने घटना का वीडियो भी वायरल किया है। इस तरह की घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली है। इस घटना के बाद से ही दलित संगठनों में आक्रोश है।

भारतीय दलित साहित्य अकादमी के संरक्षक निर्मल देसाई ने कहा कि यह घटना जातीय मानसिकता के बढ़ते अपराधों की ओर इशारा करती है। जिस गीत पर गुर्जर समाज के लोगों ने आपत्ति जताई है। मैंने नहीं सुना है। गीत के बोल से यदि आपकी लोक मान्यताओं को आघात पहुंचा है तो आप कानूनी कार्रवाई कर सकते थे। वो बुजुर्ग भजन गायक कलाकार है। जिन्हें आपने केवल दलित होने के कारण अपमानित किया है। निर्मल देसाई कहते हैं कि इस घटना के विरोध में हमने पुलिस अधीक्षक को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा है। पुलिस से वायरल वीडियो में नजर आ रहे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



अखिल भारतीय सालवी सूत्रकार महासभा संरक्षक मदरन सालवी ने कहा कि चित्तौड़गढ़ जिले के पारसोली थानान्तर्गत दुगार गांव में एक बुजुर्ग व्यक्ति डालचन्द बलाई बगड़ावत भजन गायक कलाकार को गांव के बीच में खड़ा कर सिर पर जूते रखवा कर सरेआम खाफ पंचायत के फैसले के तहत माफी मंगवाई गई। यह घटना अतिनिन्दनीय है। इस घटना को लेकर दलित संगठनों ने राज्य के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक एवं मानवाधिकार आयोग तथा जिला कलेक्टर को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान अम्बेडकर विचार मंच संस्थान के संस्थापक एवं संयोजक छगनलाल चांवला, बामसेफ के राष्ट्रीय पदाधिकारी रामावतार मीणा, सीताराम मीणा प्रतापगढ़, गौरव जाटव छोटीसादड़ी, अशोक मीणा बडीसादडी, शंकरलाल मीणा प्रतापगढ़, विनोद मीणा बड़ीसादड़ी, गोविन्द मीणा बड़ीसादडी, भैरूलाल बैरवा चित्तौड़गढ़ तथा भैरूलाल मीणा मुरोली, गंगाराम मेघवाल चित्तौड़गढ़, शांतिलाल मेघवाल, वृद्धि चन्द मेघवाल, नानालाल रैगर सहित दर्जनों दलित संगठनों से लोग मौजूद रहे। चित्तौडगढ़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने इस घटना में संबंधित पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की जांच बेगू पुलिस उपाधीक्षक को सौंपी गई है। द मूकनायक ने बैगू पुलिस उपाधीक्षक अनुपम मिश्रा से सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

## मणिपुर में बंद से सामान्य जनजीवन प्रभावित

**इंफाल।** मणिपुर के घाटी इलाकों में विभिन्न नागरिक समाज संगठनों ने पांच 'ग्राम सुरक्षा स्वयंसेवकों' की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर राज्य भर में 48 घंटे के बंद का आह्वान किया था, जिसके चलते इलाकों में मंगलवार को सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर पुलिस ने शनिवार को वर्दी में अत्याधुनिक हथियारों के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

इस गिरफ्तारी का विरोध करते हुए रविवार को बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं विरोध प्रदर्शन करने निकले और गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग करते हुए इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन पर धावा बोलने की कोशिश की। संयुक्त सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागकर थाने पर हुए हमले को विफल कर दिया। हाथापाई में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान सहित कई पुरुषों और महिलाओं को मामूली चोटें आईं। घाटी के पांच जिलों में बंद के मद्देनजर सुरक्षा बलों सहित सभी प्रकार के वाहन सड़कों से नदारद रहे, अंतर-जिला, अंतर-राज्य बसें और ट्रक नहीं चले। घाटी के पांच जिलों, बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में बाजार, दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, बैंक, सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान बंद भी रहे।

खड़गे ने सभी सांसदों को दी नसीहत

## कहा- संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के लिए रहें प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** पुराने संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि सांसदों को संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। खरगे ने यह भी कहा कि सांसदों के सामूहिक प्रयासों ने एक राष्ट्र के रूप में भारत के विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा, संस्था की सफलता संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों को कायम रखने में निहित है। यह विचार कि संस्थाएं पवित्र हैं और सफलता के लिए आवश्यक हैं। यह शासन और विकास में एक बुनियादी सिद्धांत है।

खड़गे ने कहा, जैसे-जैसे देश आगे बढ़ रहा है, हमें संवैधानिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए... अपने राजनीतिक दलों को भूलकर, हमें राष्ट्र के निर्माण, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक होना चाहिए। यह हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के योगदान को भी याद किया।

एक साथ 7 स्थानों से शुरू हुई कांग्रेस की 'जन आक्रोश यात्राएं', नेताओं ने लगाया आरोप

## प्रदेश में अराजकता व भ्रष्टाचार की छूट

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा की जनआशीर्वाद यात्राओं के जवाब में आज से कांग्रेस ने जनआक्रोश यात्राएं शुरू की। श्योपुर, जबेरा, चितरंगी, सिमरिया, हरदा, खरगोन, मंदसौर से प्रारंभ हुई यात्राओं का नेतृत्व कर रहे दिग्गज नेताओं ने जहां मंहगाई, भ्रष्टाचार, अराजकता को मुद्दा बनाया। वहीं कमलनाथ के नेतृत्व में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। कमलनाथ और कांग्रेस के वचनों को भी इस दौरान दोहराया गया। वहीं भाजपा की कमियों को गिनाया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश भर में जहां भाजपा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश है, वहीं कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की जनआशीर्वाद यात्राओं पर तंज कसा और कहा कि भाजपा नेता किस बात का जन आशीर्वाद चाहते हैं, क्या इन्हें विधायकों की खरीद फरोख्त के लिए जन आशीर्वाद चाहिए, क्या इन्हें प्रदेश को 4 लाख करोड़ से अधिक के कर्ज में डुबाने का जन आशीर्वाद चाहिए, क्या इन्हें पटवारी भर्ती घोटाले का जन आशीर्वाद चाहिए, आज प्रदेश का किसान देश में सबसे ज्यादा कर्जदार है, क्या इन्हें इस बात का जन आशीर्वाद चाहिए!

मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने श्योपुर के गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की और जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं हरदा में जन आक्रोश यात्रा शुरू करने से पहले पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन ने ओम पटेल, आर के दोगने, रामू टेकाम सहित कांग्रेस नेताओं के साथ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया किया। मप्र विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय कपूर ने रीवा के किला प्रांगण में भगवान महामृत्युंजय का अभिषेक एवं भगवान श्री गणेश की पूजा के बाद जन आक्रोश यात्रा शुरू की। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, सी.पी. मित्तल ने दमोह में भगवान जागेश्वरधाम में पूजन-अर्चन कर 'जन आक्रोश यात्रा' का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री और विधायक जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा, प्रदेश प्रभारी कुलदीप इंदौरा, मंदसौर अध्यक्ष नव कृष्णा पाटिल, विधायक दिलीप गुर्जर, विधायक कुणाल चौधरी, महेश परमार, अर्चना जायसवाल, प्रकाश रातडिया, वीरेंद्र सोलंकी के साथ मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया। खरगोन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सुश्री विजयलक्ष्मी साधौ एवं उमंग सिंघार, विधायक रवि जोशी, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, विधायक मुकेश पटेल पूर्व विधायक परसराम डंडीर ने गणेश मंदिर में पूजा अर्चन कर यात्रा की शुरूआत की। पूर्व मंत्री व विधायक कमलेश्वर पटेल ने आज चितरंगी स्थित हनुमान मंदिर में पूजा कर पूर्व सांसद मानिक सिंह, पूर्व विधायक सरस्वती सिंह, जिला अध्यक्ष सिंगरौली शहर अरविंद सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष ग्रामीण ज्ञानेंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत सिंगरौली श्रीमती अर्चना सिंह के साथ जन आशीर्वाद यात्रा की आरंभ किया। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश भर में कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही प्रथम दिन की जन आक्रोश यात्रा में जनता का भारी समर्थन मिला है। प्रदेश भर की जनता ने भाजपा सरकार हो हटाने का पूरा मन बना लिया है। कांग्रेसजनों और यात्रा के मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा बनाए प्रभारियों का भी पूरा सहयोग यात्रा के दौरान मिल रहा है। यात्रा लगातार 15 दिन से अधिक चलेगी।



## एमसीयू के रीवा परिसर के नवीन भवन का मुख्यमंत्री आज करेंगे लोकार्पण

### नवीन परिसर विंध्य क्षेत्र की पत्रकारिता जगत में बनाएगा विशिष्ट पहचान-शुक्ल

**भोपाल, देशबन्धु।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर का मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 20 सितम्बर को सुबह 10 बजे वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्लए सांसद श्री जनार्दन मिश्र उपस्थिति रहेंगे। जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने इसे विश्वविद्यालय की सतत प्रगति का एक और स्वर्णिम सोपान बताते हुए आशा व्यक्त की है कि प्रदेश के साथ विंध्य क्षेत्र के युवा छात्रों के लिए पत्रकारिता जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में रीवा परिसर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कुलपति प्रो्ण् ;डॉण्द्ध केण्जीण्सुरेश ने बताया कि एमसीयू रीवा परिसर में वर्ष 2016 से मीडिया व कम्प्यूटर के स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के अनेक डिग्री व डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। जिनमें देशभर के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वर्तमान में इस परिसर से शिक्षा प्राप्त करके अनेक विद्यार्थी देश के नामी मीडिया संस्थानों व कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पूर्व में यह परिसर रीवा शहर के शिल्पी प्लाजा में संचालित हो रहा था।


**Change of Name & DOB**

Service No JC-388848L Nb Sub Darsan Singh Pal Resident of Village & Post Barhi, District Bhind, (MP) My wife name is GEETA and Date of Birth is 05 MAY 1977 as per my Army Service Records name & date of birth which is wrong. My Wife correct name is GEETA PAL and Date of Birth is 18 APR 1977 as per his Aadhar Card and PAN Card, and should be corrected in my all Army Records to Wife name is GEETA PAL and Date of Birth is 18 APR 1977 which is my actual name & date of birth of my wife.

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/

दिनांक 19/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री विजय मलिक पिता श्री प्रेम नाथ मलिक 2. श्रीमती बीना मलिक पत्नी श्री विजय मलिक ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 402 एफएफ ब्लाक-ए दत्त अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382786 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित फोर्थ फ्लोर 1100 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/बंटवारानामा, शपथ पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मुकेश राठौर पिता श्री एम.एल. राठौर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.19.9.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. राजकुमार वर्मा पिता स्व. श्री छोटेलाल वर्मा 2. उर्मिला वर्मा पति श्री राजकुमार वर्मा ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 12 महगवां सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003863072 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा रिक्त भूमि 1520 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/बंटवारानामा, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री धनराज वाणी पिता ए.एन. वाणी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**


## युवा कांग्रेस का चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध शुरू करते हुए उन्हें देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने मंगलवार को कहा मुख्यमंत्री केसीआर हर चीज में 30 प्रतिशत कमीशन ले रहे हैं, यही कारण है कि हमने 'बुक माय सीएम' पोस्टर लॉन्च किया है। सीएम राज्य में हर परियोजना और योजना में कमीशन ले रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं। पोस्टर वॉर का उद्देश्य सीएम केसीआर के कुकर्मों को उजागर करना और उनके इस्तीफे की मांग करना है।'

## बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र बना, पूर्वी भारत में भारी बारिश की आशंका

### छत्तीसगढ़, पूर्वी मप्र में कई जगहों पर होगी बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल-ओडिशा तटों के पास उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने की सूचना दी है। इस मौसम प्रणाली के अगले दो दिनों में उत्तरी ओडिशा और दक्षिणी झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम वार्डों पर नजर रखने की उम्मीद है, जिससे अगले तीन दिनों तक पूर्वी भारत में भारी वर्षा होने की संभावना है। अपने बुलेटिन में आईएमडी ने कहा कि पश्चिम भारत में गरज और बिजली के साथ हल्की से व्यापक वर्षा होने की संभावना है।

इसके अतिरिक्त, गुजरात राज्य, उत्तरी कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में भारी वर्षा की अलग-अलग घटनाएं होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, 'सौराष्ट्र और कच्छ में एक ही दिन में अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होना विशेष चिंता का विषय है।' पूर्वी भारत में शनिवार तक गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में भारी वर्षा की संभावना के साथ हल्की से व्यापक वर्षा और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

आईएमडी की भविष्यवाणी के अनुसार उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बुधवार से शुक्रवार तक इन स्थितियों का अनुभव होगा, जबकि बिहार में गुरुवार से शनिवार तक ऐसे मौसम का अनुभव होगा। विशेष रूप से ओडिशा में मंगलवार से गुरुवार तक बहुत भारी वर्षा हो सकती है। आईएमडी ने यह भी भविष्यवाणी की है कि पूर्वोत्तर भारत में, शनिवार तक हल्की से व्यापक वर्षा और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा, इस अवधि के दौरान असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग जगहों पर भारी वर्षा की संभावना है। इसके अलावा, बुधवार, गुरुवार को नागालैंड और मणिपुर में और गुरुवार और शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

मध्य भारत में यह पूर्वानुमान शनिवार तक है। इस अवधि के दौरान, हल्की से मध्यम व्यापक वर्षा और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, साथ ही इस समय सीमा के भीतर विशिष्ट दिनों में छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और पश्चिम मध्य प्रदेश में भारी वर्षा की अलग-अलग घटनाएं होने की संभावना है।

## राजस्थान में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 9 की मौत

जयपुर। राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के चलते हुई घटनाओं में अब तक नौ लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को सिरोही, जालोर, श्रीगंगानगर और बाडमेर सहित कई जगहों पर मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। अधिकारियों ने बताया कि जिला कलेक्टर पीसी शर्मा के अनुसार बांसवाड़ा में सोमवार को दो लोगों की मौत की खबर है, वहीं उदयपुर में एक अन्य महिला की मौत खेरवाड़ा के कनबई गांव में घर की दीवार गिरने से हो गई।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2699141Y, RANK - HAV, NAME- KISHAN SINGH GURJAR, UNIT- TBH, 5 TC, GRC JABALPUR MP 482001 (5 GRENADIERS) निवासी VILLAGE- NAYABAS, POST- NAYABAS, TEH- BANSUR DISTT - ALWAR, STATE- (RAJ) PIN- 301024 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम SARLA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SARLI DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SARLI DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- SARLA DEVI
सही नाम- SARLI DEVI

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 2703638W RANK- GDR, NAME-SANJAY SINGH, UNIT- 24 GRENADIERS R/O VILLAGE- GULUVA, POST- PAVAIA, TEH - RAGHURAJNAGAR, DISTT- SATNA, STATE- (MP) PIN - 485666 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम SARSTI SINGH एवं उसकी जन्म तिथि 20/07/2011 दर्ज है 222 जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम SHRISTI SINGH एवं उसकी जन्मतिथि 18/10/2011 है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड, एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पुत्री के इस नाम SHRISTI SINGH एवं उसकी जन्मतिथि 18/10/2011 को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- SARSTI SINGH
गलत जन्मतिथि- 20/07/2011
सही नाम- SHRISTI SINGH
सही जन्मतिथि- 18/10/2011

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 20 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## नारी शक्ति वंदन उर्फ महिला आरक्षण

चुनावी साल में हार की आशंकाओं के बीच जूझ रही भाजपा ने 19 सितम्बर को फिर एक चुनावी दांव चला। दांव पुराना था, लेकिन मोदी सरकार ने अपने चलन के अनुरूप उस पर नया मुलम्मा चढ़ाकर इस तरह पेश किया, मानो यह उसी की पहल हो। 19 सितम्बर, 2023 को संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद के नए भवन से कामकाज शुरु हुआ। मोदी सरकार ने इसके लिए गणेश चतुर्थी का दिन ही क्यों चुना, ये समझना कठिन नहीं है। हिंदुओं के लिए गणेश चतुर्थी का दिन खास मायने रखता है। पहले गणेश उत्सव महाराष्ट्र के अलावा कुछ गिने-चुने राज्यों में ही धूमधाम से मनाया जाता था। लेकिन सिनेमा और टीवी की पहुंच और प्रभाव के कारण धीरे-धीरे सारे देश में इसका दायरा बढ़ने लगा। लेकिन फिर भी इस दिन को राजनैतिक तौर पर भुनाने की कोशिश अब तक किसी सरकार ने नहीं की। श्री मोदी यहां भी कीर्तिमान स्थापित कर गए।

गणेश चतुर्थी के दिन संसद में प्रवेश से पहले, वे सेंट्रल विस्टा का उद्घाटन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कर चुके हैं और दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न होना कई सवालों को खड़े कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को इन महत्वपूर्ण अवसरों पर मोदी सरकार ने क्यों शामिल नहीं किया, इसका जवाब वही दे सकते हैं। लेकिन एक बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह स्पष्ट है कि संसद के कामकाज में भगवान और पूजा पाठ शामिल कर मोदी सरकार ने संविधान की भावना का अनादर किया, जो धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करता है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी इस मंच को एक धर्म तक समेटने की कोशिश की, ताकि इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सके। श्री मोदी के पास जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन का मौका अभी बचा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सत्ता के हिलने का अहसास होने लगा है और इसलिए वे इस वक्त किसी भी मौके को चूकना नहीं चाहते।

संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। मोदी सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में तो अब तक इस पर कुछ नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में जब साल भर भी नहीं बचे हैं, तो श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद- 239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यानी, दिल्ली विधानसभा में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। जो लोकसभा या विधानसभा सीट महिलाओं के एक चुनाव में आरक्षित होगी अगले चुनाव में वही सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। बल्कि अन्य 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। एक झटके में सारी व्यवस्था सुधर जाएगी, महिला विरोधी मानसिकता ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत फिलहाल ऐसी नहीं है। विधेयक के मसौदे पर में यह लिखा है कि इसे 'संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होने' के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता में शायद जनगणना के आंकड़े जुटाना है ही नहीं। जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा।

इसका यही मतलब है कि संसद के नए भवन में प्रवेश के साथ ही मोदी सरकार ने जिस तरह महिला आरक्षण को एक नए नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पेश किया, वो सभी दलों से विचार-विमर्श के बाद पूरी तैयारी के साथ पहले या बाद में भी पेश हो सकता था, लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके। श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में बोलते हुए कहा भी कि ईश्वर ने इस शुभ काम के लिए शायद मुझे चुना है। इस वक्तव्य में श्रेय बटोरने की हड़बड़ी साफ दिखाई देती है। क्योंकि मोदी सरकार ये जानती है कि महिला आरक्षण का विचार राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल से ही पनपना शुरु हुआ है, और बाद की तमाम सरकारों ने अपने-अपने स्तरों पर इसे पारित करवाने की कोशिश की। 2010 में सोनिया गांधी के प्रयासों से राज्यसभा तक में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया, लेकिन तब राजद, सपा जैसे दलों की कुछेक आपत्तियों के कारण लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने-अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। सरकार ने यही इशारा दिया है कि केवल वही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, जबकि यह पूरा सच नहीं है। आधे-अधूरे सच और आधी-अधूरी तैयारियों के साथ महिला आरक्षण या नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस दिशा में बढ़ता है और किस दशा को प्राप्त होता है, ये जानने के लिए इंतजार करना होगा।

# नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है

पूर्व घोषणा के अनुसार भारतीय संसद अपने नये पते पर स्थानांतरित हो गई है। सोमवार को पुरानी इमारत में उसने अपना अंतिम कामकाज निपटाया और मंगलवार को गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर नये भवन का श्रीगणेश हुआ। 22 सितम्बर तक कई काम निपटाकर 5 दिवसीय विशेष सत्र समाप्त तो हो जायेगा लेकिन सोच-विचार करने वाला हर कोई जानता है कि इस नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य क्या है। औचित्य पर इसलिये सवाल उठता रहेगा क्योंकि देश के पास पहले से एक शानदार भवन उपलब्ध है जिसने अपने सभा कक्षों एवं गलियारों में देश को निर्मित होते देखा है; और जो अभी भी इस हाल में है कि वह अगले सौ-एक साल तक तो देश को प्रेरणा देने के अलावा हमारी संसदीय ज़रूरतों को पूरा भी कर सकता है- अगर आवश्यक हुआ तो थोड़ी-बहुत मरम्मत करके एवं उसमें कुछ बदलाव लाकर। हालांकि कोई कह सकता है कि अब तो नयी इमारत न केवल बन गई है और संसद का काम-काज नये पते पर प्रारम्भ भी हो गया है, तो इसके निर्माण के औचित्य पर सवाल करने का क्या अर्थ है। तो बात यह है कि संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था। वैसे नये भवन के औचित्य पर तभी से सवाल उठते रहे हैं जब उसकी योजना बनी ही थी। जवाब न देने की आदी और सफाई देने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार ने इस पर विस्तार से कभी अन्य दलों से चर्चा तक नहीं की। यहां तक कि भाजपा के सासंद तक इससे अनभिज्ञ थे।

दूसरे, जो शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जायेगा क्योंकि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। दूसरे, जो 7-8 शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जा रहा है कि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। अभी देशवासी इस राष्ट्रीय तमाशे के बीच में पहुंचे थे कि नये-नये तमाशों को एक के बाद एक प्रस्तुत करने में माहिर प्रधानमंत्री ने नया आईटम पेश कर दिया जो सबसे महत्वपूर्ण है- महिला आरक्षण। सोमवार की शाम को कैबिनेट की हुई बैठक में बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण का मसौदा मंजूर करने से लगा था कि इसके लिये भी रास्ता साफ हो गया है। अगर ऐसा होता होता यह अच्छी बात होती परन्तु जो 6 पेजी विधेयक लाया गया तो वह भी 'पोस्ट डेटेड' निकला। इसे पुनर्सीमांकन के बाद 2026 में लागू किया जायेगा। इसके प्रारूप का अध्ययन करने एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के भीतर विचार-विमर्श के लिये सांसदों को समय तक नहीं दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र में दूसरे कार्यकाल के लगभग अंतिम चरण में यह विधेयक लाना बहुत कुछ बतलाता है। अब देखना होगा कि जब इसके लागू होने का वक्त आएगा (2026 में) तो इसके प्रावधान क्या होंगे और उसका स्वरूप क्या रहेगा। वह सभी वर्गों की महिलाओं को समुचित न्याय दे पाता है या नहीं, यह भी देखे जाने की आवश्यकता है। पहले और दूसरे दौर में भाजपा के पास बहुमत की कमी तो थी नहीं और उसने अनेक विधेयक बगैर चर्चा या सर्वसम्मति की परवाह किये बिना ही पारित कर कानून बनाये हैं, तो इसे तत्काल पारित करने में कहां दिक्कत थी- यह भी स्पष्ट होना चाहिये।



डॉ. दीपक पाचपोर

> संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था।

यह विधेयक पिछले करीब चार दशकों से दिन के उजाले का इंतज़ार कर रहा था। उसके कुछ प्रावधानों को लेकर अनेक दलों की आपत्तियां थीं। मुख्य आपत्ति समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल की थी जिनकी मांग थी कि जिस प्रकार इस विधेयक में आरक्षण के भीतर उप आरक्षण के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिये प्रावधान हैं, वैसे ही अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये भी प्रावधान हों। भाजपा इन दिनों जातिगत गणना के मुद्दे पर घिरी हुई है क्योंकि कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियां इसके हक में हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो नारा ही दिया है कि 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी।' अगर भाजपा सरकार इस विधेयक में उस विसंगति को ठीक कर देती तो यह विपक्ष की जीत मानी जायेगी तथा उसे ओबीसी की अधिक भागीदारी का सिद्धांत मानना होगा। फिर तो जातीय जनगणना भी कराने की मांग जोरदार ढंग से उठेगी। तो भी उम्मीद थी वे विसंगतियां दूर होतीं और विधायिकाओं में प्रतिनिधित्व के बढ़े हुए हक की बाट जोहती देश की आधी आबादी को विधायिकाओं में बड़ी हिस्सेदारी मिल सकती। महिलाओं समेत सभी समतावादियों को मोदी ने निराश किया है। यह भी एक तरह से झुनझुना साबित हो गया है।

ये सारी कवायदें बताती हैं कि मोदी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना एक बड़ी चुनौती है। वह ऐसे और कठिन होता जायेगा क्योंकि इस साल के अंत में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव (छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम) भी जीतना भाजपा के लिये कठिन माना जा रहा है। अब तो मुकाबले में मजबूत विपक्षी गठबन्धन इंडिया भी है। प्रशासक के रूप में पूर्णत: नाकाम और हर मोर्चे पर सुपर फ्लॉप साबित हो चुके प्रधानमंत्री के पास ऐसे आयोजनों के जरिये अपनी छवि चमकाने के अलावा और कोई उपाय नहीं हैं। 9-10 सितम्बर को भारत में हुए जी-20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करने का अवसर एक तयशुदा रोटेशन व प्रक्रिया के तहत देश को मिला था। इसे यूं प्रचारित किया गया मानों वह मोदी की लोकप्रियता के बल पर हासिल किया गया पद हो।

श्री मोदी के लिये पहले तो अपनी पीएम की उम्मीदवारी को ही बचाने और फिर भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने के कठिन टास्क हैं। ऐसे में छोटे-मोटे इवेंट काम नहीं आने वाले। इसलिये जी-20 का इस्तेमाल उन्होंने अपनी छवि चमकाने के लिये तूफानी अंदाज़ में किया। दिल्ली में उनके पोस्टर छाये हुए थे तथा उनके आर्थिक मॉडल के दुष्परिणामों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया था ताकि विदेशी मेहमान गुजरात मॉडल के ढोल की पोल को न जानें। उसी श्रृंखला में संसद के स्थानांतरण को भी देखा जाना चाहिये। पुराने भवन से नये में जाने के कार्यक्रम को ऐसा डिज़ाइन किया गया था जिससे मोदी की गिरती छवि को टेका मिले। अंतिम समारोह में सत्ता से जुड़े जिन लोगों के भाषण हुए, उन्होंने ख्याल रखा था कि सारा श्रेय मोदी को जाये तथा उनके नेतृत्व की प्रशंसा हो। प्रोटोकॉल के अनुसार समारोह के सर्वोच्च अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तक यह कहकर प्रधानमंत्री को खुश करते नज़र आये कि श्री मोदी के कहने के बाद उन्हें दिक्कत आती है कि अब क्या कहा जाये। नये संसद भवन में इसी तरह से काफी कुछ देखने को मिलेगा क्योंकि मोदी एवं उनकी सरकार पुराने भवन में बनी संसदीय परम्पराओं, मर्यादाओं, आदर्शों और नैतिकता का बोझ उतारकर नये पते पर बिंदास तरीके से रहने जा रही है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर आश्वस्त

■ **कल्याणी शंकर**

हैदराबाद में पिछले सप्ताहांत कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता उत्साहित हैं। वे अब चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं। पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था सी.डब्ल्यू.सी. ने कई विवादास्पद और संवेदनशील विषयों पर विचार किया और एकजुटता से अपने भविष्य की योजना बनाई।

मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बैठक थी। सम्मेलन में सोनिया, राहुल और प्रियंका के शामिल होने से गांधी परिवार की मजबूत उपस्थिति रही। इंडिया विपक्षी गठबंधन की तीन सार्थक बैठकों के बाद कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने राहुल गांधी के नेतृत्व और उनके भारत जोड़ो यात्रा को और आगे बढ़ाने के इरादे का समर्थन किया। माहौल आश्वासन भरा था और उसमें सकारात्मकता का भाव था।

विभाजित-तेलंगाना की राजधानी के रूप में हैदराबाद का चयन महत्वपूर्ण है क्योंकि तीन महीने में वहां राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं। 2014 के बाद से कांग्रेस दोनों राज्य-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हार गई है।

राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा स्थितियों पर विचार करने के बाद, सी.डब्ल्यू.सी. ने जोरदार ढंग से घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 लोकसभा के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के समर्थन से खुद को भाजपा के विकल्प के तौर पर पेश किया।

> कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।

कांग्रेस नेता इंडिया गठबंधन को लेकर आशावादी हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में प्राथमिक भूमिका निभाना चाहती है और उसने सभी मोर्चों पर, खासकर मणिपुर और कश्मीर में मोदी सरकार की विफलता की आलोचना की।

14 प्रस्तावों में से एक में कहा गया है, 'सी.डब्ल्यू.सी. इंडिया गठबंधन की पहल को वैचारिक और चुनावी सफलता बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराती है ताकि हमारा देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो, सामाजिक समानता और न्याय की ताकतें मजबूत हों, और लोग एक ऐसी केंद्र सरकार प्राप्त करें जो जिम्मेदार, उत्तरदायी, संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह हो।' संक्षेप में, यही चुनाव अभियान का जोर होगा।

यह संदेश अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में कार्य करता है। खिलाड़ियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों के कारण इसे लेकर संदेह बना हुआ है।

पार्टी ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई। इसमें चुनौतियों पर ध्यान दिया गया जिसमें गठबंधन बनाने और इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों के साथ सीटों के समायोजन पर केंद्रीय नेतृत्व और विशिष्ट राज्य इकाइयों के बीच अलग-अलग विचार शामिल हैं।

आंतरिक आकलन के अनुसार, पार्टी को पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में अपने भीतर से परेशानी की आशंका है। पंजाब और दिल्ली में पार्टी नेता प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य नेतृत्व का सीधा मुकाबला तृणमूल कांग्रेस से है। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सत्ता के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में थोड़ा फायदा हो रहा है और मध्य प्रदेश में उसकी मजबूत स्थिति है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र यह भी बता रहे हैं कि तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ मजबूत हो रही है। पार्टी ने 17 सितंबर को हैदराबाद दिवस मनाने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया था जो 1948 में शहर के भारत में शामिल होने का प्रतीक दिवस है।

संसद में विधायी कार्य के बारे में संकल्प मुख्य रूप से संविधान की समीक्षा के प्रस्तावों को अस्वीकार करने पर केंद्रित थे। पार्टी ने एक तिहाई महिला आरक्षण विधेयक और एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग की। इन उपायों का उद्देश्य विभिन्न मतदाता समूहों का दिल जीतना है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्तावित विधेयक का भी विरोध करने का निर्णय किया। उनका तर्क था कि यह विधेयक चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचा सकता है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने भाजपा के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को असंवैधानिक बताते हुए इसका विरोध किया है। फिर भी, मोदी सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए सह-अस्तित्व चुनाव कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक समिति की स्थापना की है।

एक प्रस्ताव में भाजपा की हृदयहीनता की आलोचना की गई। जम्मू-कश्मीर में संकट के दौरान मोदी की जी-20 उपलब्धियों का जश्न मनाने की निंदा की गई और इसे घाटी में सुरक्षा कर्मियों के बलिदान का अनादर कहा गया।

कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।

सी.डब्ल्यू.सी. के बाद सार्वजनिक रैली में, सोनिया गांधी ने आगामी तेलंगाना चुनावों के लिए छह वायदे किये, जो इस प्रकार हैं: 1. महिलाओं को 2,500 की मासिक राशि प्राप्त होगी, 2. किसानों और बटाईदार किसानों को वार्षिक 15,000 की राशि दी जायेगी, 3. जिसे गृह ऋण चाहिए उसे दिया जायेगा, 4.बेघरों को घर के लिए जगह और 5 लाख की राशि मिलेगी, 5. युवाओं को विकास में सहायता के लिए कार्यक्रम लाये जायेंगे और 6. सभी जरूरतमंद नागरिकों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इन लाभों का उद्देश्य मतदाताओं को मुफ्त सुविधाओं से आकर्षित करना था।

हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक अपनी नयी कहानी का खुलासा नहीं किया है, जबकि यह स्पष्ट है कि विचारधारा केंद्रीय मुद्दा है। कांग्रेस को अपनी स्थिति सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी की सफलता सीट साझाकरण, उम्मीदवार चयन, गठबंधन, संसाधन और कार्यकर्ता समर्थन सहित कई कारकों पर निर्भर करेगी। लेकिन नि:संदेह कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

## पावन प्रसंग

### श्रेष्ठता के लिए करें स्वयं को होम

मित्रो! श्रेष्ठता के लिए आदर्शवादिता के लिए अपने आप को होम कर देना, अपने आप को खतम कर देना, उसी के लिए संभव है, जिसके मन में से बेहिसाब करुणा टपकती हो, जहां कहीं भी हम देखते हैं, हमको करुणा ही दिखाई पड़ती है, जो आदमी की उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती चली जाती है। जितने भी अच्छे श्रेष्ठ आदमियों को हम देखते हैं, वे सब करुणा से भरे हुए हैं। जापान में कागाबा को गांधी कहते हैं, जैसे कि हिंदुस्तान के गांधी थे। कागाबा कौन है? बेटे कागाबा उस आदमी का नाम है जिसने एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद में यह निश्चय किया कि अपनी बची हुई जिंदगी को दुखियारों के लिए खर्च करूंगा। जिन मुहल्लों में पीड़ित लोग रहते थे, शराबी, बीमार, कोढ़ी लोग रहते थे, उसी जगह उन्होंने अपनी झोपड़ी डाल ली और जिंदगी भर दरिद्रनारायण की सेवा में समर्पित हो गए। पचास रुपए में अपना गुजारा करने वाले जापान के गांधी कागाबा सारे के सारे दुखियारों की, दीनों की, पीड़ितों-पतितों की सेवा करने में लगे रहे। जापान की गवर्नमेंट ने, जनता ने उन्हें भरपूर सहायता दी।

मित्रो, भगवान की सहायता किसको मिली? जिनके पास कलेजा और हृदय है। आपके पास हृदय है कहां? जरा अपनी छाती पर हाथ रखकर देखें। अक्ल तो है, पर कितनी बड़ी है? जालिम अक्ल, बेईमान, अक्ल, दुष्ट अक्ल, पापी अक्ल, पतित अक्ल, और कमीनी अक्ल हमारे ऊपर के हिसाब रूप से हावी हो गई और हमको न जाने क्या से क्या कराती है, न जाने कितने तरह के जाल बुनने को हमें मजबूर करती है और न जाने कहां-कहां हमको भटकाती और ले जाती है। बेटे यह अक्ल एक कोने पर लेकिन जहां तक आध्यात्मिक जीवन का संबंध है, जहां तक भगवान को भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, जहां तक भगवान की भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, ये सारी की सारी बातें हृदय से ताल्लुक रखती हैं। ये आदमी की उदारता से ताल्लुक रखती है। ये आदमी की श्रद्धा से ताल्लुक रखती है भक्ति से ताल्लुक रखती है। जो आदमी कोमल हृदय वे होगा, वह अकेले खा नहीं सकता, जमा नहीं कर सकता, अमीर नहीं बन सकता, क्योंकि उसके सामने हजारों हाथ पीड़ितों के चारों ओर फैले दिखाई पड़ेंगे। वह खा नहीं सकता। ईश्वचंद्र विद्यासागर ने देखा कि अमीरी और गरीबी और पिछड़ापन समाज में अभी भी विद्यमान है, जो हमारे समय में था। हमारे पिता सुविधा नहीं जुटा पाए। हम किताबें मांग करके लाते और स्ट्रीट लाइट के नीचे खड़े होकर पढ़ते थे। यदि आज भी ऐसे विद्यार्थी हैं तो उनकी मुझे सहायता करनी चाहिए। उनके ईमान ने सोचा कि जो भगवान गरीबों के रूप में हजारों-हजार हाथों से आदमी से मांगता और पुकारता है, उसके लिए मुझे कुछ करना चाहिए।

मित्रो, अगर ईमान हमारे और आपके भीतर हो तब, उदार हृदय हमारे पास हो तब? पर हम तो हृदयहीन हैं। हृदय कहीं से धड़कता तो है, यह लोहार की धौंकनी के तरीके से है। इसमें करुणा का नाम भी नहीं। दया, उदारता का नाम भी नहीं है। इसमें तो महत्वाकांक्षाएं, लालसाएं और लिप्साएं इतनी ज्यादा जमा हो गई हैं कि यहां आकर के भगवान क्या करेगा? यहां आकर के देवी क्या करेगी? यहां आकर केआध्यात्मिकता क्या करेगी? ईश्वरचंद्र विद्यासागर को पांच सौ रुपए तनख्वाह मिलती थी। उन्होंने अपने घरवालों से कहा कि आप लोगों को पचास रुपए महीने में ही गुजारा करना पड़ेगा। आपके ऊपर ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता। चार सौ पचास रुपए महीने के बारे में उन्होंने यह व्यवस्था बनाई कि जो विद्यार्थी यह अनुभव करते हों कि हमारे पास किताबें, पेंसिल, मिट्टी के तेल, फीस आदि की कमी है या दूसरी चीजों की कमी है तो वे हमारे घर से ले जाया करें। सब बच्चे आते और अपनी जरूरत की चीजें ले जाते। मित्रो, उस जमाने में भले ईमानदार आदमी रहे होंगे, लेकिन आजकल जैसे बेईमान और चालाक कम है? आज तो फीस कम करवाने धनवानों के बच्चे अपने रिश्तेदारों के नाम पर फीस माफ करवा लेते हैं और जो वास्तव में जरूरतमंद हैं, वे गरीब रह जाते हैं। आज सब बंटाधार होता चला जा रहा है किसी जमाने में लेने वालों में भी शराफत थी और देने वालों में भी शराफत थी। केवल वे ही विद्यार्थी पाते थे, जो पाने के हकदार होते थे। चार सौ पचास रुपए में हजारों विद्यार्थी लाभ उठाते। कोई पेंसिल, कोई मिट्टी का तेल, कोई कापी, कोई फीस मांग ले जाते। चार सौ पचास रुपए में सैकड़ों हजारों बच्चे को पढ़ते देख विद्यासागर निहाल होते थे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### बाजार से निराश किसान का आक्रोश आंदोलन में बदला

भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गांरटी कानून की मांग को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतर चुके है। लखनऊ में इको गार्डन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत को संबोधित करते हुए एमएसपी पर गारंटी ,दस साल के लिए डीजल ट्रैंकर पर लगी रोक हटाने और गन्ना मूल्य बढ़ाने जैसे तमाम मुद्दे उठाकर सरकार से मांग की है। आजादी के बाद सत्तर के दशक में हरित क्रांति की कामयाबी के साथ किसानों ने फसल की उपज बढ़ाई तो अतिरिक्त पैदावार से उनकी आय का स्त्रोत मजबूत होता गया। लेकिन आठवे दशक के आते-आते फसलों की लागत और कीमतों का अंतर कम होने लगा। इसमें लाचार किसान एमएसपी में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन करने लगा। इस दौर में पश्चिमी उत्तरप्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन को सबसे मजबूत किसान आंदोलन के रूप में देखा जाता था। असल मे कांग्रेस के समय भाकियू का उदय भी कुछ ऐसे समय मे हुआ था। जिन हालात में कुछ दिन पूर्व में राकेश टिकैत ने पिछले साल किया था। किसानों की अहमियत नौवे दशक के मध्य तक बरकरार रही। लेकिन आर्थिक आंदोलन लागू होने के बाद किसान आंदोलन की कमजोर नहीं हुए,कोई बड़ा किसान आंदोलन ही नहीं हुआ। वही देश में कुकरमुत्तों की तरह उग आए नए संगठन किसानों के मुद्दे को दखल करना शुरु कर दिया। हालांकि किसानों के लिए बेहतर समय आया है। किसानों की आय बढ़ी है। आर्टिकल्चर उत्पादन निर्यात और वैश्विक स्तर पर कृषि उपज के दाम बढ़ने से देश के किसानों की आय बढ़ी है। कांग्रेस और प्रादेशिक सरकारों की नीतियों से किसानों की आत्महत्या की खबरें ही आती गई। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 से 2015 तक करीब तीन लाख 40 हजार किसानों ने खुदकुशी की थी। उसके बाद अब खुदकुशी नहीं करते हैं। सरकार हर समय अन्नदाता किसानों के लिए कदम कदम पर मदद के लिए तैयार है।उस दौर में 12 हजार किसान आत्महत्या कर रहे थे।अब समय बदला है किसान नए सिरे से अपने हक के लिए खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री का नारा ही नहीं कि देश बदल चुका है इसलिए किसान भी अपने दीनहीन और कमजोर छवि बदलने की और चल पड़ा। किसान क्रांति ने किसान सरकार से सब कुछ मनवा दिया है। कर्ज माफी की घोषणा से किसानों की आत्महत्या बन्द हुई है। जिस तरह किसान सड़कों पर आ रहे हैं। सरकार को कुछ बड़े कदम उठाकर किसानों की मांग पर जरूर अमल करना चाहिए। किसान संगठनों को भी देखना होगा कि वह संकट के दीर्घकालिक हल के लिए काम कर रहे है या तत्कालीन हल के लिए। बेहतर नतीजों के लिए दूरदर्शिता जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## फेस्टिवल सीजन में मार्केट में दिख रहा स्पेशल कलेक्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** गणेशोत्सव और हरतालिका तीज से फेस्टिवल सीजन की शुरुआत हो चुकी है। गणेशोत्सव के कुछ ही समय बाद गरबा नाइट और नवरात्रि का माहौल छा छाएगा। हर त्योहार के रंग में रंगने के लिए सिटी गर्ल्स और लेडीज तैयार हैं। ऐसे में सिटी मार्केट में फैशन के ट्रेंड भी अलग नजर आ रहे हैं। फेस्टिवल सीजन में जहां वाइब्रेंट कलर्स की डिमांड बढ़ी हुई नजर आ रही है, वहीं मार्केट में इंडो वेस्टर्न पैटर्न के ड्रेसेज पसंद किए जा रहे हैं।





**चटख रंग वाले ड्रेसेज की खरीदारी-** फेस्टिवल सीजन में चटख रंगों की डिमांड सिटी गर्ल्स के बीच बढ़ चुकी है। डार्क रेड, यलो, ऑरेंज, ग्रीन, पिंक और रॉयल ब्लू कलर्स के आउटफिट्स टॉप पर्चेजिंग में शामिल हैं। सिटी गर्ल्स का कहना है कि नवरात्रि में वैसे भी ट्रेडिशनल ड्रेसेज पसंद किए जाते हैं, ऐसे में अनारकली कुर्ती एंड लॉग्स कुर्ती विद पलाजो की डिमांड अधिक है।

इंडो वेस्टर्न का स्टाइल त्योहारों में ट्रेडिशनल पैटर्न की वैरायटीज सबसे ज्यादा नजर आ रही है।

इन दिनों मैरिड के साथ अनमैरिड गर्ल्स में साड़ी ड्रेपिंग का ट्रेंड नजर आता है। वे हर ओकेशन में सिम्पल साड़ी पहनना पसंद कर रहीं हैं। अनुश्री गुप्ता कहती हैं कि इंडो वेस्टर्न लुक के लिए जहां सिम्पल सलवार सूट और कुर्ती सेट प्रिफर करती हैं, वहीं घर में पूजा के लिए साड़ी लुक कैरी करती हैं।



### इन ड्रेसेज की डिमांड

- रिब्ड क्रॉप टॉप विद पलाजो एंड स्कर्ट
- फ्रंट कट कुर्ती
- रफल साड़ी
- ऑफ शोल्डर टॉप
- फ्लोर टचिंग कुर्ता
- ब्रोकेड एंड जैक्कॉर्ड पैटर्न
- कुर्ती एंड पलाजो
- शॉर्ट कुर्ती एंड स्कर्ट



## विकास रथ से हो रहा, सरकार की योजनाओं का प्रचार

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ चलाये जा रहे हैं।

मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केण्ट के अंतर्गत भीटा, शिवपुरी, कजरवारा, रानी दुर्गावती वार्ड, धोबीघाट, वाटरवर्क्स, पेंटीनाका तथा जबलपुर उत्तार विधानसभा के अंतर्गत उपरैनगंज, सराफा, गंजीपुरा, गुप्ता कालोनी, लटकारी का पड़ाव, सब्जी मण्डीव, निवाड़गंज, गढ़ाफाटक, पत्रकार अरूण शुक्लान मार्ग आदि क्षेत्र में विकास रथों से प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व उपलब्धियों की फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार पाटन एवं सिहोरा विधानसभा के क्षेत्रों में भी विकास रथ के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया गया।

जनहित की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने राज्य शासन द्वारा जबलपुर जिले में चार विकास रथ भेजे गये हैं। प्रत्येक विकास रथ जिले की दो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर वीडियो फिल्म के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहें है। इसके लिये विकास रथ में एलईडी लगाई गई है।

योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों का प्रदर्शन भी एलईडी पर किया जा रहा है।

## भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का आगमन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मप्र के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का कल बुधवार 20 सितम्बर को जबलपुर आगमन होने जा रहा है। श्री अग्रवाल यहां जनआशीर्वाद यात्रा के संदर्भ में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगे, साथ ही वरिष्ठ नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।

## पूर्व वित्त मंत्री ने 23 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम विधानसभा से विधायक व प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत के कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व वित्त मंत्री श्री भनोत के द्वारा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के त्रिपुरी एवं वल्लभ भाई पटेल वार्ड के अंतर्गत लगभग 23 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड, नाली एवं शेड निर्माण सहित अन्य जनहित के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। इस अवसर पर एमआईसी एवं पार्षद श्री गुड्डू तामशेतवार, अनुपम जैन, जग्गू लोधी, दुर्गेश पाठक, रोहित तिवारी, संजय चंद्रवंशी, दिनेश चौबे, चुँगा चौहान, चंदन राजपूत, किशोरी खलीफा, हिमांशु उपाध्याय, अजय राजपूत, अखिलेश सहित क्षेत्र के समस्त गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर ननि प्रशासन अलर्ट, निगमायुक्त ने मैदानी अमले की ली बैठक, दिये निर्देश



**जबलपुर, देशबन्धु।** विकास पर्व के तहत् आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 22 सितम्बर 2023 को जबलपुर आ रहे हैं। इस अवसर पर उनके द्वारा अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो के अंतर्गत भूमिपूजन एवं लोकार्पण, आदि कार्यक्रमों में भाग लिया जायेगा। उनके आगमन पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के द्वारा स्मार्ट सिटी कार्यालय में अपरान्ह 120:00 बजे से 02:00 बजे तक अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो से संबंधित जानकारी एकत्रित कर रिपोर्ट तैयार करें और उनके आगमन पर होने वाले सभी आयोजनों की तैयारियाँ भी समय के पूर्व सुनिश्चित करें।

निगमायुक्त श्री वानखेड़े ने नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर एवं एक दूसरे से तालमेल बैठाकर सभी कार्यो को गंभीरता से फील्ड में रहकर करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री जी के आगमन के दौरान किसी भी कार्य में एवं दी गई जिम्मेदारियों के प्रति कोई लापरवाही न बरती जाए। निगमायुक्त स्वप्निल ने सख्त लहजे में कहा कि अगर किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही पाई जाती है तो उस अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने साफ शब्दों में सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करने निर्देश प्रदान किये। बैठक में अपर आयुक्त वित्त विद्यानंद बाजपेयी, प्रभारी अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, समस्त कार्यपालन यंत्री, समस्त सहायक आयुक्त, विभागीय प्रमुख एवं सभी संभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## मोती नाला, छुई खदान पानी सप्लाई प्रभावित, कोतवाली में 1 टाईम पानी



### गढ़ा क्षेत्र मे प्रदूषित जल आपूर्ति, अभी दो दिन बनी रहेगी समस्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के उपनरीय क्षेत्रों के साथ ही कोतवाली, छुई खदान और मोती नाला में इन दिनों पानी को लेकर लोग परेशान हैं। यहां पर पानी की सप्लाई प्रभावित है। मोतीनाला, छुई खदान में तो पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है। कोतवाली में एक टाइम पानी की सप्लाई की जा रही है।

गढ़ा के एसबीआई बैंक के समीप, आनंद कुंज में पानी की आपूर्ति दोनों टाइम नहीं हो पा रही है। साथ ही पानी भी गंदा आ रहा है, जो पानी लायक नहीं है। इधर जल विभाग के कार्यापालन यंत्री ने कहा है कि रमनगरा राइजिंग लाइन में सुधार कार्य जारी है जो दो दिनों के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा, इसके बाद प्रभावित क्षेत्रों में पानी की सप्लाई पहले की तरह हो जायेगी। इस काम में नगर निगम का अमला पूरी ताकत के साथ लगा हुआ है। लोगों को होने वाली असुविधा के लिये महपौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने खेद जताया है।

यह भी बताया गया है जहां पर मटमेला पानी आ रहा है उसकी वजह स्थानीय स्तर पर पानी की लाईन का खराब होना हो सकता है, इसे भी दुरूस्त कराया जायेगा ताकि लोगों को शुद्ध जल प्राप्त हो सके।

## रांझी अस्पताल में भारी लापरवाही



**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी अस्पताल में भारी लापरवाही विगत 6 महीना से अस्पताल में ना तो सोनोग्राफी के डॉक्टर हैं ना ही बच्चों के डॉक्टर उपभोक्ता प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा लगातार जिला चिकित्सा अधिकारी से सूचना देने के बाद एवं रांझी अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी के डॉक्टर एवं बच्चों की डॉक्टर की व्यवस्था ना कर पाना किसी लापरवाही से कम नहीं विगत 1 वर्ष में कई मरीजों की जान भी जा चुकी है रांझी अस्पताल में व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं रांझी क्षेत्र जहां की 8 वार्ड और एक कैंटोमेंट वार्ड जहां लगभग 1 लाख से ऊपर की आबादी मजदूर परिवारों की भी संख्या सर्वाधिक होने के बावजूद भी हर व्यक्ति मजदूरी करने वाला निजी अस्पताल में इलाज नहीं कर सकता वह सोनोग्राफी के लिए 1000, 1500 कहां से दे या विक्टोरिया अस्पताल जाकर भटके इसके अलावा उसके पास कोई चारा नहीं सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों को उसकी कोई चिंता नहीं जहां रांझी क्षेत्र के रोज सैकड़ो लोग सोनोग्राफी और बच्चों के डॉक्टर के लिए परेशान होते नजर आ रहे इसके चलते आज उपभोक्ता प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष सुधीर सोनू दुबे एवं कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ताकि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान हो सके, इस मौके पर कांग्रेस नेता रमेश बोहित, अशोक बर्मन, शिव यादव, नेम सिंह, राजीत यादव, चंदू जैन, राजा दीक्षित, राकेश सैनी, जग्गू विश्वकर्मा, नारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सफाई अभियान के साथ-साथ पटवारी अपने शरीर पर कोड़े की बरसात करेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** लंबे समय से पटवारियों द्वारा आंदोलन किया जा रहा है किंतु हमारे प्रदेश के मुखिया जो सभी को उनका हक दे रहे हैं और हम पटवारी को नजर अंदाज कर रहे हैं इससे रुष्ट होकर मध्य प्रदेश शासन का ध्यान इस आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन अलग-अलग तरीकों से आंदोलन कर रहे हैं इसी तारतम में सभी पटवारी मालवीय चौक पर दोपहर 2: 00 बजे से 4:00 बजे तक सफाई अभियान के साथ-साथ शासन के सौतेले व्यवहार के विरुद्ध में अपने आप को कोड़े मारेंगे पटवारी संघ के अध्यक्ष जोगेंद्र पीपरी ने जानकारी दी।



## जबलपुर मंडल राजभाषा विभाग द्वारा प्रश्नमंच का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मंडल के दमोह स्टेशन में, राजभाषा विभाग के तत्वावधान में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन उपसमिति,दमोह द्वारा 19 सितंबर 2023 मंगलवार को स्टेशन प्रबंधक कार्यालय, दमोह में कर्मचारी हिंदी प्रश्नमंच का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष व स्टेशन प्रबंधक जे.एस.मीणा द्वारा की गई। सर्वप्रथम वरिष्ठ अनुवादक किशोर कुमार साहू ने राजभाषा मास-2023 के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। विधिवत शुरुआत हुई। उसके बाद कार्यक्रम के संचालक वरिष्ठ अनुवादक किशोर कुमार साहू द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जे एस मीणा ने द्वारा कर्मचारियों को हिंदी राजभाषा में कार्यालयीन कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद राजभाषा प्रतिनिधि द्वारा कर्मचारियों से मध्यप्रदेश, रेलवे, राजभाषा व राष्ट्रीय विषयों पर केंद्रित 50 प्रश्नों को पूछा गया। सही जबाब देने वाले कर्मचारियों को प्रति प्रश्न - 50/- नगद दिए गए। लगभग 30कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर उसे सफल बनाया।




## संसद की पुरानी इमारत और जबलपुर के सांसद

**जबलपुर, देशबन्धु।** संसद की 96 साल पुरानी इमारत में कार्यवाही का आखिरी दिन था। आजादी और संविधान को अपनाने की गवाह इस इमारत को विदाई देने तमाम सांसद पहुंचे। इस इमारत में जबलपुर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा के सदस्यों ने कई ऐतिहासिक प्रश्न पूछे और बहस में भाग लिया। 1952 से अभी तक जबलपुर ने लोकसभा को अलग अलग चुनाव में 12 सांसद दिए हैं। इनमें से शरद यादव को छोड़ कर कभी कोई केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं रहा। शरद यादव जब पहली बार मंत्रिमंडल में शामिल किए गए तब वे बदायूं से लोकसभा के सदस्य थे। अभी तक शरद यादव को छोड़ कर शेष जबलपुर के सांसद एक ही राजनीतिक दल से संबद्ध रहे। शरद यादव ने अपनी संसदीय यात्रा में जबलपुर से शुरुआत करते हुए भारतीय लोक दल के चिह्न से चुनाव जीता। फिर इसके बाद जनता दल, लोकतांत्रिक जनता दल, जनता दल यूनाइटेड व राष्ट्रीय जनता दल तक यात्रा पूर्ण की।

1952 में जब पहली लोकसभा का गठन हुआ उस समय जबलपुर की दो लोकसभा सीट थीं। जबलपुर उत्तर से सुशील कुमार पटेरिया और जबलपुर दक्षिण-मंडला से मंगरू गनु उइके सांसद के रूप में चुने गए। सुशील कुमार पटेरिया ने 1952 में जुलाई से नवम्बर तक के छोटे कार्यकाल में लोकसभा सदस्य के रूप में दो सत्रों में 14 प्रश्नों को पूछा व बहस में भाग लिया। वहीं मंगरु गनु उइके ने 18 दिसंबर 1953 को संसद में सांसद के रूप में अपना प्रथम प्रश्न पूछा। उन्होंने सांसद के कार्यकाल में कुल 172 प्रश्न पूछे व बहस में भाग लिया।

जबलपुर सांसद सेठ गोविंद दास ने देश की प्रथम लोकसभा में 19 मई 1952 को अपना पहला प्रश्न पूछा था। सेठ गोविंद दास ने जबलपुर लोकसभा का प्रथम से पांचवी लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें दूसरी, तीसरी, चौथी व पांचवी लोकसभा में प्रोटेम स्पीकर का गौरव भी मिला। लोकसभा डाटा के अनुसार सेठ गोविंद दास का ने 1302 बार प्रश्न व बहस में भाग लिया।

क्या आप जानते हैं कि शरद यादव ने लोकसभा में अपने कार्यकाल में कितने प्रश्न पूछे थे। जबलपुर से सांसद के रूप में अपना जीवन शुरु करने वाले शरद यादव ने कुल सांसद के रूप में कुल 1426 प्रश्न पूछे और बहस में भाग लिया। 1974 में जबलपुर लोकसभा के उपचुनाव में विजयी होने के पश्चात् 18 फरवरी 1975 को शरद यादव ने जबलपुर के सांसद के रूप में पहला प्रश्न लोकसभा में पूछा था कि सागर में एक हरिजन की मौत पुलिस की पिटाई से कैसे हुई। इसके बाद जो सिलसिला शुरु हुआ तो उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र जबलपुर के साथ पूरे देश की समस्याओं को प्रश्न व बहस के साथ उठाने का बीड़ा उठा लिया। उनके प्रश्न व बहस के विषय किसान, मजदूर, श्रमिक और आम आदमी रहते थे। शरद यादव ने वर्ष 1975 में पहली बार सांसद बनने के बाद 59 प्रश्न लोकसभा में पूछे।

वे आपात्काल के बाद वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में विजयी होने के बाद 1980 तक सांसद रहे। वे सात बार लोकसभा और चार बार राजसभा के सदस्य रहे। शरद यादव के साथ वशिष्ट बात यह रही कि वे जबलपुर के साथ बिहार के मधेपुरा से चार बार और जबलपुर से दो बार सांसद के रूप में चुने गए। वे एक बार उत्तर प्रदेश के बदायूं से लोकसभा के सदस्य रहे। शरद यादव ने 1981 में अमेठी से राजीव गांधी के विरूद्ध उपचुनाव लड़ा था। शरद यादव 1986 में पहली बार राजसभा के लिए चुने गए।

1980 में मध्यावधि चुनाव में मुंदर शर्मा जबलपुर के सांसद चुने गए। लोकसभा संदर्भ के अनुसार मुंदर शर्मा ने अल्प कार्यकाल में 290 बार लोकसभा में प्रश्न पूछे व बहस में भाग लिया। मुंदर शर्मा की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में बाबूराव परांजपे सातवीं लोकसभा के सांसद के रूप में वर्ष 1982 में चुने गए। वे 1989 में 9 वीं लोकसभा, 1996 में 11 वीं व 1998 में 12 वीं लोकसभा में सांसद के रूप में चुने गए। वे चार बार लोकसभा के सांसद चुने गए। बाबूराव परांजपे का 1982 से 1998 तक कुल 16 वर्ष में लोकसभा संदर्भ में 463 बार जिक्र मिलता है।

1984 में आठवीं लोकसभा के लिए जबलपुर से कर्नल अजय नारायण मुशरान चुने गए। लोकसभा संदर्भ के अनुसार उन्होंने अपने कार्यकाल में कुल 452 प्रश्न पूछे और बहस में भाग लिया।

1991 में दसवीं लोकसभा के लिए श्रवण कुमार पटेल चुने गए। लोकसभा संदर्भ के अनुसार 1469 प्रश्न व बहस उनके नाम रही। 1999 में जयश्री बेनर्जी 13 वीं लोकसभा के लिए चुनी गईं। 2004 तक के कार्यकाल में 343 बार उनका नाम लोकसभा में पुकारा गया।

राकेश सिंह 14, 15, 16 व 17 वीं लोकसभा के सदस्य रहे हैं। लोकसभा में वर्तमान में जबलपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने 13 जुलाई 2004 को लोकसभा में पहला प्रश्न पूछ कर लोकसभा में अपनी शुरुआत की। अभी तक उनके खाते में 1343 प्रश्न व बहस दर्ज हैं।

इस प्रकार लोकसभा की पुरानी इमारत में जबलपुर के लोकसभा सदस्यों के नाम कई जनहित के प्रश्न व बहस शामिल हैं। इन सदस्यों ने अपने कार्यकाल में कई संसदीय समितियों में प्रतिनिधित्वि किया है। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के मन-मस्तिष्क में भी संसद की पुरानी इमारत की छवि गहरे रूप में दर्ज है। संभावना है कि संसद की नई इमारत जबलपुर के लिए भी संभावना के नए द्वारा खोलेगी।

**- पंकज स्वामी**

## रादुविवि में 21 दिवसीय सुदूर एवं भौगोलिक सूचना यंत्र विषय पर प्रशिक्षण का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) के तहत 23 वीं 21 दिवसीय प्रशिक्षण सुदुर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना यंत्र विषय पर प्रशिक्षण का शानदार आयोजन प्रोफेसर डॉ. एस. बी. दास, कीट विज्ञान शास्त्र विभागाध्यक्ष, शाखा प्रमुख एवं डॉ. सी. एम. एबॉल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि डॉ. एस.बी.दास ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। आपने बताया कि सतत् 21 दिवस तक सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण के साथ ही रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक के सॉफ्टवेयर का बेहतर उपयोग करना एवं कृषि के क्षेत्र पर व्यवहारिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षार्थियों को प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर अध्यक्षता कर रहे नाहेप परियोजना प्रमुख समन्वयक डॉ. आर. के. नेमा ने बताया कि यह तकनीक आने वाले भविष्य में महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में उत्तरप्रदेश, नागालैंड, महाराष्ट्र और जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्विद्यालय, मध्यप्रदेश के 31 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण किट वितरित किया गया। 21 दिवसीय प्रशिक्षण में सह समन्वयक की भूमिका डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव द्वारा निभा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रशांत सिनोरिया एवं आभार प्रदर्शन नाहेप परियोजना के सह समन्वयक डॉ. एम. के. अवस्थी द्वारा किया गया। 21 दिवसीय प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम में श्री प्रशांत सिनोरिया, डॉ. सुमित काकडे, डॉ. दीपक पटले, डॉ. उमाकांत रावत, डॉ. देवेंद्र वास्ट, डॉ. पी. एस. पवार इंजी. कृष्णा सिंह, इंजी. अंजलि पटेल, इंजी रचित नेमा, इंजी. आनंद कौरवार, इंजी. राहुल दुबे सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं समस्त नाहेप सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# संस्कारधानी में गणेश उत्सव की धूम

## पंडालों और घरों में बप्पा को ले जाने का सिलसिला जारी





**जबलपुर देशबन्धु।** देशभर में मंगलवार से गणेश चतुर्थी का पर्व शुरू हो चुका है। जिसकी झलक संस्कारधानी में देखने को मिल रही है। दो दिन पहले से ही मूर्तिकारों ने घरों में स्थापित करने के लिये भगवान गणेश की प्रतिमाएं श्रृद्धालुओं के लिये सजा कर रख दी। जिसमें श्रृद्धालुओं ने भी मूर्तिकारों का प्रतिमाओं का न्यौछावर देकर गणपति बप्पा को अपने घर ले गये। यह क्रम देर रात तक चलता रहा। कुछ कॉलोनी वासियों ने भी सामूहिक तौर पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की हैं। जिसके लिये सभी एकजुट होकर मूर्तिकारों के कार्यस्थल पहुंचे और प्रतिमा लेकर जाने के लिये संसाधन की व्यवस्था की। जिसमें महिलाएंए बच्चे शामिल रहे। इसी तारतम्य में छोटी.छोटी गणेश प्रतिमाओं को श्रृद्धालुओं द्वारा घर ले जाते हुये देखा गया। जो गाजे.बाजे के साथ ढोल बजाते नाचते गाते भगवान गणेश की प्रतिमा ले जा रहे थे। इस समय शीतलामाई क्षेत्र में यह क्रम लगातार जारी है। जहां भगवान गणेश की प्रतिमाओं को पंडालों और घरों तक ले जाने का क्रम सिलसिलेवार चल रहा है। अभी मूर्तिकारों के गोदमों में बड़ी मूर्तियां जाने के लिये रखी हैंए तो वहीं छोटी मूर्तियां सब जा चुकी हैं। इक्का दुक्का प्रतिमाएं बची हैं। जिसके लिये दुकानदार श्रृद्धालुओं का इंतजार कर रहे हैं।

# एक गोली- एक दुश्मन ध्येय के साथ साधा निशाना





**जबलपुर, देशबन्धु।** सेना के जवानों की तर्ज पर एनसीसी कैडेट्स को तैयार किया जा रहा है। उन्हें ना सिर्फ पीटी और ड्रिल से जुड़ी बारीकियों से अवगत करवाया जा रहा हैए वहीं उन्हें फायरिंग के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। एक गोलीए एक दुश्मन के ध्येय के साथ एनसीसी कैडेट्स ने निशाना साधा। वनएमपी आरएनवी स्क्वॉर्डन एनसीसी यूनिट के तत्वावधान में वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में सीएटीसी.19 कैम्प लगाया गया है। इस कैम्प में कैडेट्स रोजाना टफ ट्रेनिंग से गुजरकर खुद को देश सेवा के लिए तैयार कर रहे हैं।

**ग्रेनेडियर्स की फायरिंग रेंज में शूटिंग**-एनसीसी कैम्प में कैडेट्स को ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल फायरिंग रेंज शूटिंग सिखाई जा रही है। ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर नवदीप दाहिया कैम्प कमांडेंट कर्नल जितेन्द्र तनेजा का सहयोग रहा। कैडेट्स को फायरिंग करवाई गई।

## कैम्पस टाइकून में होगा स्टार्टअप चयन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में ई.सेल के तत्वावधान में कैम्पस टाइकून का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों और एलुमिनाई मेंबर्स ने स्टार्टअप लेक्चर देकर युवाओं को स्टार्टअप टॉपिक फंडिंग और गवर्नमेंट सपोर्ट की जानकारी दी। क्विज कॉम्पीटिशन में युवाओं का टैलेंट दिखा। कैम्पस टाइकून कैम्पेन के अंतर्गत साल भर में 10 स्टार्टअप का चयन कर उन्हें सपोर्ट किया जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य पीके झिंगे ई.सेल समन्वयक जेएस ठाकुर मौजूद रहे।



## परिवार का आधार है ग्रेंड पैरेंट्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्रेंड पैरेंट्स परिवार का खजाना होते हैंए जो हर पीढ़ी को संस्कारों से सिंचित करते हैं। परिवार में ग्रेंड पैरेंटस की ऐसी ही उपयोगिता पर कोबरा आर्मी प्री.प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने बात कही। स्कूल में ग्रेंड पैरेंट्स डे सेलिब्रेशन खास रहा। कार्यक्रम में बच्चों ने दादा.दादी और नाना.नानी को समर्पित गीतों पर बेमिसाल नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं ग्रेंड पैरेंट्स के लिए हैंडमेड कार्ड भी तैयार किए। कुछ बच्चे ग्रेंड पैरेंट्स के लुक में नजर आए और परिवार को जोड़े रखने वाले डायलॉग्स बोले।




# श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में दस दिवसीय गणेश पर्व

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर जबलपुर में 19 सितंबर से 28 सितंबर तक दस दिवसीय गणेश पर्व श्रद्धा पूर्वक बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से सभी कष्टों को दूर करने वाले श्री गणेश जी की पूजन एवं धार्मिक उत्सव गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक प्रतिदिन प्रात: पूजन आरती अभिषेक माला अर्पण वस्त्र अर्पण अथर्वशीर्ष पाठ भजन कीर्तन श्री गणेश जाप सायं 7:15 बजे महा आरतीए प्रसाद एवं आशीर्वचन सायं 7:30 बजे से प्रतिदिन आयोजित है। 19 सितंबर मंगलवार को महामंडलेश्वर योगिनी गुरु माँ राधा सरस्वती जी द्वारा आशीर्वचन समिति के भक्तों द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ रात्रि 8:30 बजे से आयोजित है। श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के अनिल सिंह, विजय चौधरी एस सी तिवारी, अशोक जोशी, सीताराम नेमा प्रदीप जानी, राकेश पटेल, लखन मिश्र, अशोक शर्मा, राजेन्द्र राय एश्री रामेश्वर चौबे, मोहन अग्रवाल, विनय खरे,दिनेश गुप्ता आदि भक्तों ने पूजन अर्चन की, दस दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।





## सनातन धर्म के धर्म रक्षक हैं स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी-चैतन्यानंद महाराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में आज ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठ के ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी का 100वा जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम मां बगलामुखी का श्रृंगार एवं अर्चन किया एवं समस्त गुरु भक्तों द्वारा ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में एवं समस्त भक्तों ने पादुका पूजन की एवं भगवान शिव का अभिषेक इस अवसर पर ब्रह्मचारी जी द्वारा बताया कि पूज्य महाराज श्री का जन्म 1924 में सितंबर को सिवनी जिले के दिघोरी ग्राम में हुआ था, पूज्य महाराज श्री 8 वर्ष की आयु से झोतेश्वर में तपस्या कर तपस्वी जीवन व्यतीत किया पूज्य महाराज जी ने अनेक मानव कल्याण के कार्य को संपन्न कराया और साथ ही स्वतंत्र संग्राम की लड़ाई लड़ी और जेल भी गए हमारे सनातन धर्म की रक्षा की इसलिए हम सब पूज्य महाराज श्री को सनातन धर्म का धर्म रक्षक मानते हैं, इस अवसर पर भारत सिंह यादव मधु यादव, निलेश अवस्थी, अखिलेश त्रिपाठी नर्मदा प्रसाद शर्मा, प्रकाश द्विवेदी, राजेंद्र साहू, मनोज सेन आदि गुरु भक्तों की उपस्थिति रही।

## होमसाइंस कॉलेज में निबंध में समझाई ओजोन की महत्ता

**जबलपुर, देशबन्धु।** नाटक पोस्टर और निबंध में कॉलेज छात्राओं ने ओजोन लेयर की महत्ता समझाई। इस दौरान जहां उन्होंने ओजोन लेयर के सुरक्षा के मुद्दे रखे वहीं ग्लोबल वार्मिंग के कारण होने वाले ओजोन परत के नुकसान भी समझाए। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में क्यूरी क्लब के तत्वावधान में जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकारए विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना गुप्ता डॉ. प्रमेश कुमार बोहरे सीमा रानी डॉ.नलिनी मिश्रा डॉ. अर्चना खरे मौजूद रहीं।



## स्वर कोकिला की स्मृति में चित्रलतिका कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर कोकिला की स्मृति में सुर साधक समर्पण ग्रुप स्वर संगम और समर्पण द्वारा 21 से 28 सितम्बर तक विविध कार्यक्रम होंगे। इस दौरान जहां लता को समर्पित रामकृपाल नामदेव की एकल चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी वहीं देशभर से आए गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। लता आराधना की कड़ी में 21 सितम्बर को चित्रलतिका से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कार्यक्रम का आयोजन रानी दुर्गावती कलावीथिका में शाम 5 बजे किया जाएगा।

## यूथ फेस्ट के अंतर्गत सात किमी दौड़ेंगे धावक

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजनाए राष्ट्रीय एड्स कंट्रोल संगठन और मध्यप्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल समिति के संयुक्त तत्वावधान में यूथ फेस्ट के अंतर्गत बुधवार सुबह 6.30 बजे से मैराथन का आयोजन होगा। मैराथन में 7 किमी की दूरी तय करके धावक लोगों को एचआईवी के प्रति जागरुक करेंगे। मैराथन रानी दुर्गावती विवि परिसर से शुरू होगीए वहीं साइंस कॉलेजए साईं मंदिर चौक सिविल लाइन चौकए सतपुड़ा भवनए कैरव्स चौराहाए एम्पायर चौक होते हुए सृजन चौक समन्वय चौकए आईजी आफिस रोड कोबरा ग्राउंड होकर पुनः विवि पर समाप्त होगी। प्रतियोगिता में 11 ,25 आयु वर्ग के प्रतिभागी सहभागिता करेंगे।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 20 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पांचमी, नक्षत्र- विशाखा।**

**मेष** आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है।

**वृषभ** व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे।

**मिथुन** आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे।

क.

**तुला** आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक** आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें।

**धनु** व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा।

**कर्क** हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

**सिंह** आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है।

**कन्या** आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा।

**मकर** आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है।

**कुंभ** आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

**मीन** आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मा.

# शंख ध्वनि के साथ नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा कार्यालय उद्घाटन

**जबलपुर, देशबन्धु।** 396 नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का अस्थाई कार्यालय का उदघाटन जमुना सभागृह गोल बाजार में गणेश पूजन नर्मदा पूजन परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज के पूजन अर्चन के साथ स्वामी रामचंद्रदास महाराज जी के सानिध्य में किया गया। कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर सोमवार को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से विशाल नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकाली जाएगी यह 396 वी परिक्रमा रहेगी जिसमें देश के ख्याति संत एवं लाखों श्रद्धालु भक्त उपस्थित होते हैं। व्यवस्था की हर समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष योगाचार्य डॉक्टर शिव शंकर पटेल संकीर्तनचार्य पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल सुरेश विश्वकर्मा मोहित तिवारी रवि दुबे एडवोकेट आदि उपस्थित थे।



## मिलादुन्नबी के मौके पर मक्का मदीना के लिए रवाना



**जबलपुर, देशबन्धु।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आमीन टूर ट्रेवल के साथ शास्त्री वार्ड जबलपुर से मो इलियास सिद्दीकी और रेहाना बेगम, जियारते उमराह के लिए मक्का मदीना शरीफ रवाना हुए। जिसमें इनका स्टेशन में मो. इश्तियाक सिद्दीकी, मूसा केडी, मो. यासीन सिद्दीकी मो, अफजल, गज्जू सोनकर, रामसिंह जाट, सैय्यद शारिक अली, मतीन पार्षद ए ए राजू चाचा ए गुड्डू मार्बलए बबलू चाचाए मेहमूद भाईए कलीम हंफीए मंगु भाईए जियानए नैनाए हबीबाए मुकद्दसएजैनबए खतीजा ए ण्डिप्ड टीमएआदि लोग स्वागत करने पहुंचेए और हाजी हजरात से देश और अमन के लिए दुआएं करने के लिए अपील की ए और उनका आशीर्वाद और दुआएं ली।

# वूशु में पहली बार दो खिलाड़ियों का एशियाई खेलों में चयन

## अंजुल अब तीसरी बार खेलेंगे एशियाड

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश वूशु संघ की सचिव सारिका गुप्ता द्वारा दी जानकारी के अनुसार प्रदेश के प्रतिभावान वूशु खिलाड़ी अंजुल नामदेव तीसरा एशियन गेम्स खेलने हेतु चीन रवाना हो गएए उनके साथ रोहित जाधव भी पहली बार प्रदेश से वूशु खेल में एशियन गेम्स में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने हेतु अंजुल और रोहित दोनो ही गंजाओ चीन के लिये रवाना हो गए हैं। सारिका गुप्ता ने बताया कि दोनो ही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी हैं और कई अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले चुके हैं। वर्तमान में अंजुल नामदेव भारतीय वायु सेना में और रोहित जाधव आई टी बी पी में कार्यरत हैं। अंजुल पिछले एशियाड में चौथे नंबर पर रहे थेए लेकिन इस बार उनके एवं रोहित दोनो के पदक जीतने का मौका है। अंजुल एशियन गेम्स में चनकवान स्पर्धा में और रोहित दाओशू गुंशू स्पर्धा में भारत की तरफ से भाग लेंगे। अंजुल को मध्य प्रदेश शासन द्वारा एकलव्य एवम विक्रम दोनो ही पुरुस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। दोनो ही खिलाड़ी शुरू से भारतीय वूशु दल की प्रशिक्षक सारिका गुप्ता से प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। गुजरात राष्ट्रीय खेलों में एवम मॉस्को वूशु स्टार अन्तर्राष्ट्रीय वूशु स्पर्धा में इसी वर्ष के दोनो पदक विजेता खिलाड़ी हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर भारतीय वूशु संघ के संरक्षक भूपेंद्र सिंह बाजवाए अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा सचिव विजय सराफए सी ई ओ सुहेल अहमद मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष एन के त्रिपाठीएकोषाध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीवास्तवए सहसचिव राजनीश सक्सैनाए शैलेन्द्र शर्माए माया रजकए नितेश बर्मनएविकास चतुर्वेदी सहित खेल संचालक आदि ने बधाइयां प्रेषित की हैं।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री हिमांशु यादव**- अनुराधा कॉलोनी धोबीघाट वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री हिमांशु यादव (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूपराम बर्मन**- बदनपुर शक्ति नगर निवासी श्री रूपराम बर्मन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रशांत पाठक**- मस्ताना चौक रांझी निवासी श्री अरविंद पाठक के पुत्र श्री प्रशांत पाठक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती घसीटी बाई सेन**- त्रिमूर्ति नगर के पास निवासी श्री मूलचंद सेन की धर्मपत्नी श्रीमती घसीटी बाई सेन (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति खरे**- हैलटगंज सदर केंट क्वाटर्स निवासी श्री जुगल किशोर खरे की धर्मपत्नी श्रीमती शांति खरे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष सोनकर**- बेलबाग छ्ई मोहल्ला निवासी श्री मणिशंकर सोनकर के पुत्र श्री मनीष सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री लक्ष्मी ठाकुर**- समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री मोहन लाल ठाकुर की पुत्री सुश्री लक्ष्मी ठाकुर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई राजभर**- बजरंग नगर करमेता निवासी श्री रामधनी राजभर की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई राजभर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. अंकिता मेहता**- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री मनोज मेहता की पुत्री कु. अंकिता मेहता (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेंद सिंह विश्वकर्मा**- रिछाई निवासी श्री नरेंद सिंह विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चंदा बाई वाजपेयी**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री भगवान दास वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई वाजपेयी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव नाथ**- सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शिव नाथ (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**सुश्री मंजू वानखेड़े**- पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री देवराव वानखेड़े की पुत्री सुश्री मंजू वानखेड़े (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कोल**- आमनपुर कुलियाना मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री छिदामी लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कोल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुजाता सोनी**- कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रकाश चंद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता सोनी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# कई वर्षों से फरारी काट रहे 24 हजार का इनामी बदमाश व 457 वारंटी गिरफ्तार





## 111 गैर-म्यादी वारंटी-

काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब, आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 111 गैर म्यादी एवं 183 गरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 163 जमानती वारंट तामील किए गए।

## अवैध कारोबारी-

वहीं अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुए 40 आरोपियों को गिरफ्तार कर 106 लीटर कच्ची एव 626 पाव देशी-विदेशी शराब कीमती लगभग 1 लाख रुपए की जप्त की गई है। इसके साथ ही 09 आरोपियों को 4 चाकू, 2 बका, 1 तलवार, 1 पिस्टल, 1 कट्टा व 2 कारतूस सहित रंगे हाथ पकड़ा गया है।

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में लम्बे समय से फरारी काट रहे 24 हजार रुपए के इनामी बदमाश, 457 वारंटी, अवैध रुप से शराब बेचने वाले 40 तस्कर व 9 कुख्यात बदमाशों को चाकू, बका, तलवार, पिस्टल व कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के थाना प्रभारी, एसआई व एएसआई स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपराधिक तत्व, अवैध कारोबारियों व लम्बे समय से फरार आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। कॉम्बिंग गश्त में वारंटी तथा इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात में 87 टीमें लगी थी। 14 राजपत्रित अधिकारियों एवं 36 थाना प्रभारियों सहित लगभग 600 का बल लगा था।

**पुलिस के हत्थे चढ़े इनामी बदमाश-**

लार्डगंज में अस्सु उर्फ आशीष उर्फ प्रवीण पिता प्रदीप मराठा उम्र 28 वर्ष निवासी 101 खाई मोहल्ला थाना हनुमानताल 2000 रुपए, प्रदीप पिता स्वर्गीय सदाशिव मराठा उम्र 59 निवासी 101 खाई मोहल्ला हनुमानताल 2000 रुपए, कम्मू उर्फ कमलेश पिता किशनलाल यादव उम्र 29 निवासी गदहरी डुमना एयरपोर्ट रोड थाना बरेला 2000 रुपए, राजकुमार पिता प्यारेलाल रजक उम्र 22 निवासी बरिया तले हनुमानताल पर 2000 रुपए, थाना बेलबाग में शंकर पिता शेखर बेन उम्र 40 निवासी लकडगंज टोरिया थाना बेलबाग 3000 रुपए, मनोज पिता देशराज जयसवाल उम्र 45 निवासी प्रेमसागर पोस्ट ऑफिस के पीछे थाना मदनमहल 2000 रुपए, थाना रांझी में बेनी पिता विश्राम सतनामी उम्र 56 निवासी पुरानी बस्ती झण्डा चौक रांझी 2000 रुपए, राकेश उर्फ लल्ला पिता रमाकांत पाण्डेय उम्र 49 वर्ष निवासी चिंदी की दफाई जिला कटनी 2000 रुपए, एंव संजय पिता सुरेश थप्पा उम्र 30 वर्ष निवासी 6वी वाहनीं रांझी पर 2000 रुपए, थाना घमापुर में मुकेश झा पिता रामभरोसे झा उम्र 31 निवासी कस्तुरबा नगर कांचघर थाना घमापुर दो वारण्टो में 1000-1000 रुपए एंव विशाल पिता रामदास दमले उम्र 25 वर्ष निवासी बाम्बादेवी थाना घमापुर 2000 रुपए, थाना गोरखपुर में नईम उर्फ छोटू पिता शब्बीर खान उम्र 19 वर्ष निवासी भानतलैया थाना गोहलपुर पर 1000 रूपये का इनाम उद्घोषित था।

# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण पर साफ सफाई को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबन्धक विवेक शील के मार्गदर्शन में जबलपुर मंडल पर 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 19 सितंबर 2023 को कार्मिक विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साफ-सफाई को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साफ-सफाई को लेकर जागरूक किया गया।

इस स्वच्छता अभियान में अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा, सीनियर डीएमई मनीष कुमार, डीसीएम नितेश कुमार सोने, एवं पीके श्रीवास्तव, एसपी सिंह, पंकज कुमार दुबे,अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह उपस्थित थे। इसके साथ ही स्वच्छ स्टेशन दिवस के चौथे दिन मंडल के सभी छोटे स्टेशनों पर स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक के आस-पास, रेलवे कॉलोनियों आदि में स्वच्छ वातावरण मुहैया कराने के लिए नामित अधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा गहन साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

अधिकारियो ने कर्मचारियों के साथ स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्मों, कांकोर्स एरिया, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी, रेलवे ट्रैक, शौचालयों आदि का गहन साफ-सफाई सुनिश्चित कराई, साथ ही यात्रियों से स्टेशन पर कचरे को निर्धारित डस्ट बिन में ही डालनें, प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग बन्द करने एवं स्टेशन की स्वच्छता बनाये रखने में रेल प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। जबलपुर सहित पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, मैहर, सतना, रीवा, दमोह, सागर आदि स्टेशन क्षेत्र में कर्मचारियों द्वारा गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर यात्रियों से सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने की अपील की गई।

# कलेक्टर ने किया एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण





## छात्रावास में मिल रहे भोजन और नाश्ता को लेकर की छात्र-छात्राओं से की चर्चा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रामपुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में बीती रात विषाक्त भोजन का सेवन करने से सैकड़ों बच्चे बीमार बच्चे बीमार हो गये। रात होते-होते इनकी संख्या 114 हो गई। जिसके बाद कलेक्टर सौरभ सुमन एक्शन मोड पर आ गये हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने मंगलवार की शाम रामपुर छापर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पहुंचकर यहां रसोई, मेस एवं स्टोर रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भोजन बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता परखी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं और उनसे मिलने आये अभिभावकों से भी चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को चर्चा में कलेक्टर ने बताया कि भोजन करने के बाद बीमार हुये बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं तथा उन्हें किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। श्री सुमन ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुये उन्हें मिल रहीं सुविधाओं तथा उनकी जरूरतों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय में मिल रहे भोजन एवं नास्ते को लेकर भी उन्होंने छात्र-छात्राओं से अलग-अलग समूह में बातचीत की। इस दौरान विद्यालय के स्टॉफ को दूर रहने के निर्देश दिये ताकि बच्चे खुलकर अपनी बात उनसे कर सकें। आवासीय विद्यालय के छात्रों ने चर्चा के दौरान कलेक्टर से रिफरेंस बुक उपलब्ध कराने की मांग की तथा खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आग्रह किया। वहीं विद्यालय के छात्राओं ने चर्चा में कलेक्टर से प्रेक्टिकल कॉपी, बेडमिंटन के रैकेट और शटल कॉक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने बातचीत में छात्राओं से कैरम, शतरंज जैसे इण्डोर गेम में उनकी रूचि को लेकर सवाल किये। छात्राओं ने कलेक्टर से स्किपिंग रोप दिलाने की मांग भी की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एकलव्य आवासी विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ को छात्र-छात्राओं को समय पर और तय मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बालक छात्रावास भी गये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोरखपुर पंकज मिश्रा भी मौजूद थे।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्राचार्य सहित तीन निलंबित

सोमवार को रात्रि भोजन के बाद छात्र-छात्राओं के बीमार होने के प्रकरण में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य गीता साहू, बालिका छात्रावास की अधीक्षक प्राथमिक शिक्षक ज्योति बाला गोल्हानी एवं बालक छात्रावास के अधीक्षक उच्च श्रेणी शिक्षक मोहन पटेल को निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की जांच के लिये कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन द्वारा एसडीएम गोरखपुर पंकज मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सौंपे गये प्रतिवेदन पर यह कार्यवाही की गई है। विद्यालय की प्राचार्य गीता साहू को संभागायुक्त अभय वर्मा ने तथा बालक छात्रावास के अधीक्षक मोहन पटेल एवं बालिका छात्रावास की अधीक्षक ज्योति बाला गोल्हानी को कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



# एकलव्य आवासीय विद्यालय के बीमार बच्चों से मिलने पहुंची पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** आदिवासी एकलव्य छात्रावास में विषाक्त भोजन के कारण गंभीर रूप से बीमार हुए बच्चों से मिलने पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया विक्टोरिया एवं मेडिकल कॉलेज पहुंची। जहां उन्होंने बीमार बच्चों की स्वास्थ जानकारी ली। कौशल्या गोटिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं की इस हालत के लिए प्रशासन पूर्ण जिम्मेदार है, जिनकी लापरवाही से छात्र-छात्राओं की जान पर बन आई है, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया ने कहा है कि इस घटना की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्यवाही की जाए, साथ ही समस्त आदिवासी छात्रावास की जांच कर व्यवस्था दुरुस्त की जाए। यदि शीघ्र ही कार्यवाही नहीं की गई तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

# जगदीप प्रकाश टीटू बने भाजपा कानून व विधिक कार्य विभाग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद वीडी शर्मा की सहमति से भाजपा कानून एवं विधिक विभाग के प्रदेश संयोजक एड संतोष शर्मा ने विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी में जबलपुर नगर से जगदीप प्रकाश टीटू को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया है। जगदीप टीटू की नियुक्ति पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# चोरी के वाहनों में शराब तस्करी करते दो गिरफ्तार, 8 वाहन बरामद



**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम बिसैंधी में पुलिस ने चोरी की दोपहिया वाहन में शराब की तस्करी करते तस्करों को पकड़ा है तथा उनसे शराब के साथ-साथ चोरी की 8 वाहन भी बरामद किये हैं।

इस संबंध में पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बिसैंधी के आगे ग्राम निभौरा मोड़ में दबिश देते हुये काले रंग की बिना नंबर की हीरो हाण्डा पैशन मोटर सायकिल में अधिक मात्रा में अवैध शराब का परिवहन करते हुये करण चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बैहर थाना पनागर तथा अभिषेक चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम उर्दुआ खुर्द थाना पनागर को पकड़ा है। जिनसे 2 केनों में 60 लीटर कच्ची शराब मोटर सायकिल सहित जप्त करते हुये धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। ली हुई बिना नम्बर की मोटर सायकिल के सम्बंध में पूछताछ करने पर कोई कागजात पास मे न होना बताया सघन पूछताछ करने पर उक्त मोटर सायकिल चोरी की होना बताते हुये गोसलपुर, सिहोरा, मझौली, पान उमरिया, रांझी व कटनी से अन्य 7 मोटर सायकिले चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताया। दोनों आरोपियों के घर पर दबिश देते हुये अभिषेक चौधरी से मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 21 एमआर 8676, मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एनए 3904, मोटर सायकिल हीरो हॉण्डा क्रमांक एमपी 20 एमएन 8156 एवं बिना नम्बर की एचएफ डीलक्स लाल काले रंग की बिना नबर की मोटर सायकिल तथा करण चौधरी के घर से एक्टीवा एमपी 20 एस एक्स 2280 , मोटर सायकिल एच एफ डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एन एच 8863, टीव्ही एस फोनिक्स क्रमांक एमपी 20 एमयू 6803 बरमद की गयी। दोनों आरोपियों से चुराये हुये कुल 8 दुपहिया वाहन जप्त करते हुये दोनों के विरूद्ध धारा 41(1-4), 379 भादवि के तहत कार्यवाही की गयी।

# होटल पसरीचा के लॉन में चल रहा था जुआ, 8 सटोरियों दबोचा गये



**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी क्षेत्र स्थित एक नये शुभारंभ हुये होटल पसरीचा अपने अतिथि सत्कार के लिये जाना जाता है। वहीं दूसरी ओर अब वह एक नये मामले में सुर्खियों में बना है। होटल पसरीचा के लॉन में जमे जुआफड़ पर पुलिस ने दबिश दी है और 8 जुआरियों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से करीब 62 हजार रूपए जब्त करने की कार्रवाई की गई है। दरअसल सभी जुआरी होटल के मैदान में खंबे की लाइट के नीचे ताश के पत्ते खेल, जीत-हार का दाव लगा रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को अपने सूचना तंत्र से मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल होटल पसरीचा में छापा मार दिया। जहां लॉन में कुछ जुआरी जुआ खेलते मिले। पुलिस को आता देख जुआरियों में अफरा-तफरी मच गई। लेकिन पुलिस ने 8 जुआरियों को पकड़ लिया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि पसरीचा होटल के लॉन (मैदान) में खंबे की लाईट के नीचे कुछ जुआरी मन्ना खेल रहे हैं। क्राइम ब्रांच और थाने की संयुक्त टीम ने मौके से 8 जुआरी को दबोच लिया। पूछताछ में जिन्होंने क्रमशः अपने नाम विकाश कोरी (54) निवासी सदर, संदीप जैन (46) निवासी छोटा फुहारा, सजल गुप्ता (30) निवासी लार्डगंज, अभिषेक सिंघई (33) निवासी चेरीताल, सतीश जैन (45) निवासी निवासी छोटा फुहारा, रोहित सिह (26) निवासी व्यौहारबाग, अनुज खत्री (24) निवासी चेरीताल, पियूष जैन (33) वर्ष निवासी कमानिया गेट बताया। जिसके कब्जे से ताश के 52 पत्ते और 62 हजार एक सौ रूपए नगद जब्त करते हुऐ जुआरियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जेएनकेविवि कर्मियों के वेतन संबंधी मामले में ले उचित निर्णय




**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मियों के वेतन संबंधी मामले में उचित निर्णय लेने के निर्देश सरकार को दिये है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया ने कहा है कि सरकार सावतें वेतन आयोग की सिफारिश के अनुरूप न्यूनत्तम वेतनमान स्वीकार करने पर निर्णय ले, यदि आवश्यकता हो तो सरकार विवि को आर्थिक सहायत भी प्रदान करे। उक्त निर्देश के साथ न्यायालय ने मामले का निराकरण कर दिया। याचिकाकर्ता स्थायी कर्मियों की ओर से कहा गया कि कृषि विश्वविद्यालय ने सरकार की स्थायी कर्मी योजना को स्वीकार किया। जिसके अंतर्गत वे वेतनमान के न्यूनतम वेतन को प्राप्त करने के अधिकार हैं।

ऐसी स्थिति में एक जनवरी 2016 से सातवें वेतन आयोग की सिफारिश विश्वविद्यालय में लागू होने पर ये भी उक्त वेतनमान के अंतर्गत न्यूनतम वेतन प्राप्त करने के अधिकारी हैं। इस तरह का आदेश मप्र शासन के कुछ विभागों द्वारा पूर्व में जारी किया जा चुका है। मप्र शासन की ओर से स्वीकार किया गया है कि शासन द्वारा समय-समय पर घोषित नीतियों का क्रियान्वयन किया जाना विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त मत के साथ मामले का पटाक्षेप कर दिया। याचिकाकर्ता कर्मियों की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव व अभिजीत भौमिक ने पक्ष रखा।

## सरपंच चुनाव की पुनर्मतगणना पर रोक

### सागर जिले की रतौंना ग्राम पंचायत का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने सागर जिले की ग्राम पंचायत रतौंना में सरपंच पद के चुनाव की पुनर्मतगणना के सागर एसडीओं के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मामले में निर्वाचन अधिकारी व अनावेदक को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को निर्धारित की है।

हाईकोर्ट में यह मामला सागर निवासी सुरेंद्र सिंह चढ़ार की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि वे निर्वाचित सरपंच है। अनावेदक हेमंत सिंह चढ़ार ने एसडीओ राजस्व के समक्ष चुनाव याचिका दायर कर पुनर्मतगणना की मांग की थी। एसडीओ ने 4 सितंबर 2023 को पुनर्मतणना के आदेश दिए थे। आवेदक की ओर से कहा गया कि एसडीओ को चुनाव याचिका में पुनर्मतगणना करने का आदेश देने का अधिकार नहीं है। एसडीओं ने चुनाव याचिका की सुनवाई विधि विरुद्ध करते हुए पुनर्मतगणना का आदेश पारित किया और निर्वाचन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन किया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने एसडीओं के आदेश पर रोक लगाते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## ट्रांसपोर्टस की शिकायत पर लो उचित निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसायटीज को ट्रांसपोर्टस की उस शिकायत पर विचार कर उचित निर्णय पारित करने के आदेश दिए जिसमें फर्जी दस्तावेजों के जरिए जबलपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट (टेक्निक) एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित करने को चुनौती दी गई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता ट्रांसपोर्टस को हाईकोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ नए सिरे से असिस्टेंट रजिस्ट्रार को अभ्यावेदन पेश करने कहा है।

जिस पर वे 60 दिन में आदेश पारित करेंगे। जबलपुर निवासी संदीप चौधरी, भास्कर तिवारी, संजय जैन, विराग पौराणिक व अन्य ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि अनावेदक अरुण दुबे, हरि सिंह ठाकुर व महेन्द्र सिंह ठाकुर ने जबलपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट (टेक्निक) एसोसिएशन की आमसभा की बैठक में फर्जीवाड़ा कर क्रमशः स्वयं को अध्यक्ष, सचिव व कार्यकारिणी सदस्य घोषित कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय को बताया गया कि उक्त अनावेदकों ने एसोसिएशन की आमसभा की बैठक में मृत सदस्यों को जिंदा बताकर बैठक में उनकी उपस्थिति बताई। इसके अलावा सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर के जरिए जबलपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने 30 जून 2023 को असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसायटीज को अभ्यावेदन प्रस्तुत कर उक्त अनावेदकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश के साथ मामले का पटाक्षेप कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर सेअधिवक्ता सुनील कुमार पांडे ने पक्ष रखा।

## निर्जला हरितालिका व्रत रख पति के सौभाग्य और लम्बी आयु की कामना करेंगी महिलाएं

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** हरतालिका तीज को तीजा भी कहा जाता है। आज विशेषतौर पर विवाहित महिलाएं अपने पति की सेहत, लंबी उम्र और समृद्धि की प्रार्थना करेंगी और अविवाहित कन्याएं अच्छे जीवनसाथी की कामना लेकर व्रत करेंगी। घर-घर प्रकृति की हरियाली वाली हरित बेलपत्रों, लताओं, सुगन्धित फूलो से सुसज्जित फुलहरा बंधेंगे। हरतालिका तीज या तीजा के दिन माता पार्वती और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।




**इस प्रकार करें पूजन**- पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इस पूजन के लिए भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की प्रतिमा अपने हाथों से तैयार की जाती है। बालू रेत व काली मिट्टी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप अपने पूजास्थल को फूलों से सजा लें। अब एक चौकी रखें और उस पर केले के पत्ते रखकर भोलेनाथ, मां पार्वती और गणपति की प्रतिमा स्थापित करें, देवताओं का आह्वान करते हुए भगवान शिव, पार्वती माता और भगवान गणेश का षोडशोपचार पूजन करें। आप सुहाग की सारी वस्तुएं एक पिटारे में रखकर माता पार्वती को अर्पित करें। हरतालिका तीज के मौके पर आप शिवजी को धोती और अंगोछा चढ़ाएं। सुहाग की ये वस्तुएं अपनी सास के चरण से स्पर्श कराएं और फिर ब्राह्मणी और ब्राह्मण को दान कर दें। पूजन के पश्चात आप कथा सुनें और रात्रि जागरण करें। प्रात: काल में आरती के बाद माता पार्वती को सिंदूर चढ़ाएं और उन्हें ककड़ी तथा हलवे का भोग लगाकर अपना व्रत खोलें।

हरतालिका तीज के व्रत को निर्जला रखेंगी- मान्यता है कि माता पार्वती ने सर्वप्रथम हरतालिका तीज का व्रत किया था और इसके फलस्वरूप उन्हें भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए। महिलाएं भी आज निर्जला व्रत रखकर और अगले दिन पूजा के बाद ही व्रत खोलेंगी।व्रतधारियों को इस दिन सोने की मनाही होती है। अत: आज पूरी रात भजन कीर्तन में रतजगा होगा। इस दिन मेहंदी लगाने और झूला झूलने की भी परंपरा है।

## अटल उपाध्याय सम्मानित, शासकीय, सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान

**गोसलपुर, देशबन्धु।** ब्राह्मण एकता मंच संयोजक, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक दुबे योगेंद्र दुबे के साथ साथियों ने के साथ शासकीय कार्यों को लगन से करने और सामाजिक कार्यों में रुचि लेकर संपादित करने की प्रशंसा करते हुए अटल उपाध्याय का पुष्प हारों से स्वागत कर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

1995 से कर्मचारी हितों के लिए शासन, विभागीय एवं जिला प्रशासन स्तर पर प्रयास कर अनेक कर्मचारियों को शासन के आदेशों के तहत लाभ पहुंचाने में योगदान दिया है। कर्मचारियों के अनुकम्पा नियुक्ति, दैनिक वेतन भोगियों के नियमिति करण, मृत कर्मी के परिजनों को पेंशन, ग्रेच्युटी, उपादान, एक्स ग्रेसिया, वेतन भुगतान के प्रकरणों के निराकरण में अथक प्रयास किए गए है आज भी सार्थक सहयोग किया जा रहा है।

सामाजिक कार्यों में गरीब बच्चियों के विवाह के लिए आर्थिक सहयोग, जरूरत मंद परिवार के सदस्यों को जरूरत के अनुसार सहायता,गरीब बच्चों के सहयोग के साथ सामाजिक उत्थान के अनेक कार्य



किए जा रहे है। ब्राह्मण समाज में पुरुष के निधन होने के पश्चात उनकी विधवा पत्नियों का पुन: विवाह करवाने के लिए पुनर विवाह सम्मेलन के आयोजन करवाए गए आज भी आयोजन करवाए जाते है,पुनर विवाह करने वाले परिवारों को सम्मानित करते है। उत्तर मध्य विधान सभा लाल कुआं निवासी उच्च न्यायालय अधिवक्ता योगेंद्र दुबे,संजय यादव, आशुतोष तिवारी, मुकेश सिंह, ब्रजेश मिश्रा, विष्णु पांडेय , नरेंद्र उपाध्याय, नमन, अभय उपाध्याय,आलोक अग्निहोत्री, योगेंद्र मिश्रा,अभिषेक मिश्रा, सतीश, विनय नामदेव, मंसूर बेग सम्मान करते समय उपस्थित थे।

### सार-समाचार



## आज रखेंगी सुहागन और कुंवारी कन्याएं निर्जला तीज का व्रत

**पाटन देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में आज तीज का व्रत सभी सुहागन स्त्रियां एवं कुंवारी कन्याएं रखेगी कहा जाता है कि हरि-तालिका तीज का व्रत माता पार्वती जी ने शिवजी को प्राप्त करने के लिए किया था। इस व्रत में पानी तक का सेवन वर्जित है इसलिए सभी सुहागन स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए इस हरि-तालिका तीज का व्रत रखती है। भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की तिथि तृतीया को इस व्रत को रखा जाता है इस व्रत में रात्रि जागरण का विशेष महत्व होता है फूलों का फुलेरा बांधकर शिव पार्वती जी की बालू की प्रतिमा बनाकर पूजन किया जाता है तथा रात में भजन कीर्तन किया जाता है रात भर इस त्यौहार को बड़ी धूमधाम से महिलाएं मनाती है। कहा जाता है कि जो स्त्रियां हरि तालिका तीज का व्रत नहीं रख सकती है वह माताएं और बहाने अगर पांच घर के झूलते फुलेरा के दर्शन करती हैं तो उनकी भी समस्त मनोकामनाएं भोले बाबा पूरी करते हैं इस त्यौहार को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस त्यौहार में सभी सुहागन स्त्रियां और कुंवारी कन्याएं हाथों में मेहंदी लगा कर सोलह सिंगार करती हैं। और भोले बाबा की पूजा में लीन रहती हैं।

हरि तालिका तीज में जागरण का विशेष महत्व-इस व्रत में सुहागन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं रात भर शिवजी की आराधना में लीन रहती हैं फुलेरा झूलाती है और ब्रह्म मुहूर्त में फुलेरा को किसी पवित्र जलाशय नदी में विसर्जन करती हैं इस प्रकार तीज व्रत पूर्ण होता है और सुबह ब्राह्मणों को भोजन और दक्षिण देकर व्रत का पारण करती हैं।

## इटारसी नगर कांग्रेस सम्मेलन में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का किया स्वागत



**जबलपुर, देशबन्धु।** इटारसी नगर कांग्रेस सम्मेलन में पधारे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का स्वागत पेट्रोल पंप कांग्रेस मित्र मंडली परिवार ने स्वागत किया। पेट्रोल पंप कांग्रेस में स्वागत करने वालों में मध्य प्रदेश परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जिला कांग्रेस के महामंत्री सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया, अल्पसंख्यक विभाग की परमजीत सिंह लाली सलूजा, पेट्रोल पंप कांग्रेस परिवार के धर्मेंद्र मालवीय, चंदू दुबे, भारत सिंह राजपूत, नारायण गौर, भजन सलूजा, हनीफ खान, जीतू उपरीत, दयाल लालवानी, दीपक संजय धर, अमित गुप्ता, रेलवे इंटक यूनियन के कार्यकर्ता नगर कांग्रेस के सदस्यों ने पचौरी जी का स्वागत किया। आने वाली विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने का आश्वासन दिया और एकजुट होकर कांग्रेस के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## राजेश सोनी स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी कुंडम पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार प्रभारी श्री जेपी धनोपिया श्री नरेश सराफ की अनुशंसा पर स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री योगेश सराफ ने बघराजी निवासी राजेश सोनी को स्वर्ण कला प्रकोष्ठ का जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति पर मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजा सराफ ओम सोनी प्रदीप सोनी दीपू सोनी राजेंद्र सोनी संतोष सोनी रामकृष्ण गुड्डू सोनी आनंद सोनी प्रकाश गुड्डा सोनी लकी सोनी पंकज सोनी शरद सोनी अतुल सोनी लकी सोनी विक्की सोनी अंकित सोनी निर्मल सोनी अर्पित सोनी सीरीष अशोक सोनी सतीश सोनी मनोज सोनी दिनेश सोनी चमन सनी सोनी पंकज सोनी संतोष सोनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है इनकी नियुक्ति से स्वर्ण कला के कारीगरों को व्यवसाईयों को नई दिशा मिलेगी।

## पाटन में हर्षोल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा भगवान की जयंती

**पाटन, देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण इलाकों में 17 सितंबर 2023, दिन रविवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े धूम धाम से मनाई गई। हिंदू पंचांग के अनुसार विश्वकर्मा प्राकट्य दिवस हर साल कन्या संक्रांति के दिन मनाया जाता है इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-आराधना की जाती है। विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में चौधरी मोहल्ला पिपरहा कुआं से भव्य रैली निकाली गई जिसमें भगवान विश्वकर्मा जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण करके विधि विधान से पूजा अर्चना की गई उसके बाद रैली का शुभारम्भ किया गया जो बाजार से सरकारी अस्पताल होते हुए सिविल कोर्ट चौराहे से वापिस बस स्टेंड होते हुए सामुदायिक भवन बरगी कॉलोनी से होकर बाजार वार्ड से चौधरी मोहल्ले में स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रैली का समापन हुआ। उक्त रैली में पाटन नगर के समस्त विश्वकर्मा समाज के पुरुष एवं महिलाओं तथा युवाओं ने रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



### जगह-जगह मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर नगर सहित कछपुरा जुझारी सहित ग्रामीण अंचल में सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती नगर व अंचल मे बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। 17 सितंबर को मनाए जाने वाली विश्वकर्मा जयंती के मौके पर नगर व आसपास के शिल्पकार कारीगर कास्टकार बेलदर मिस्त्री ने अपने अपने कारखानो इकाइयों में सुबह से ही विशेष साज सज्जा कर सृष्टि के सृजनकर्ता एवं प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का तेल चित्र स्थापित कर विधि विधान से पूजन अर्चन कर सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया व अनेक जगहों पर भंडारे भी आयोजित किए गए विश्वकर्मा जयंती के मौके पर सभी कारखानों व अन्य निर्माण इकाइयों पर अवकाश रहा। सामूहिक रूप से कन्या भोजन भंडारे आयोजित किये गये।

## शौर्य यात्रा का कुंडम में भव्य स्वागत



**कुंडम, देशबन्धु।** शौर्य यात्रा पहुंची कुंडम नगर अयोध्या से 20 जनवरी 2024 अयोध्या में भगवान राम लाल होंगे विराजमान सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी ने कुंडम रंगमंच पंडित जयशंकर शुक्ला बस स्टैंड मैं सिहोरा विधायक ने समस्त क्षेत्र वासियों से अपने विचार में कहा की सौरयात्रा में आए भाई सुमित जी एवं उनके मित्र मंडली सहित कुंडम रंगमंच पहुंचे भगवान राम की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित जलाकर पुष्पमाला पहनकर आरती की गई और नंदनी मरावी ने भगवान राम अयोध्या में विराजमान होंगे 20 जनवरी 2024 को सभी भगवान राम के कार्यक्रम में लोग शामिल होंगे और सनातन धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हमारे सनातन धर्म की बात कही। इस कार्यक्रम में सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी शौर्य यात्रा से आए हुए भाई सुमित जी और उनके मित्र मंडली सहित विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी डॉ राजू साहू मंडल अध्यक्ष राजेश साहू पूर्व सरपंच राजकुमार साहू शीतल प्रसाद यादव दिन्नू नायक सदाफल कुंडम पुलिस बल व्यवस्था कुंडम थाना का सरायनी सहयोग रहा वहीं पर कुंडम सरपंच अर्चना रोहित साहू एवं समस्त पंचगणों के सहयोग से ग्राम पंचायत कुंडम के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर साफ सफाई कुंडम नगर में कराई गई है और देखने को सभी को मिली एवं समस्त क्षेत्र बासी माताएं बहनें भाइयों सहित लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए।




## प्राकृतिक खेती पर आधारित कृषि संगोष्ठी में दी किसानों का जानकारी

**मझौली देशबन्धु।** किसानों में प्राकृतिक खेती को उत्साहवर्धन बढ़ाने के लिए आज मझौली के ग्राम समघार में प्राकृतिक खेती पर आधारित कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें किसान एवं कृषि विकास जबलपुर द्वारा आई टीम ने किसानों को बताया कि प्रकृति खेती जो एक जैविक खेती है जैविक उर्वरक है इससे फसलों के साथ-साथ मनुष्य के जीवन में भी नया बदलाव आता है , फसलों को नुकसान नहीं होता,कीट नियंत्रण होता , मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने के साथ आयु बढ़ती है और रासायनिक उर्वरक के हानिकारक प्रभाव से बचा जा सकता है कृषि संगोष्ठी आयोजन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का मुख्य उद्देश्य बताया गया और किसानों को अधिक से अधिक जैविक खेती का लाभ मिल सके इसका प्रयास किया गया।।आज के कार्यक्रम में एस के निगम परियोजना अधिकारी, चेतन बंसल, देवेंद्र श्रीवास्तव सहित कृषि संगोष्ठी आयोजन के समस्त किसान उपस्थिति रहे।

## विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**गोसलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिहोरा द्वारा विकासखंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत सिहोरा के सभाकक्ष में किया गया सर्वप्रथम मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संभाग समन्वयक रवि वर्मन जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी विकासखंड समन्वयक आशीष जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित विकासखंड सिहोरा के पांचो सेक्टरों से प्रत्येक प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष एवं सचिवों ने भाग लिया। संभाग समन्वयक श्री बर्मन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को सक्रिय रूप से परिषद के कार्यो में लगने हेतु प्रेरित किया जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी द्वारा जन अभियान परिषद के आगामी कार्यक्रमों एवं कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही विकासखंड समन्वयक आशीष जैन ने बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को परिषद



के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए आगामी कार्य योजना के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु प्रेरित किया बैठक में उपस्थित समस्त सेक्टर प्रभारी नवांकुर संस्था के रूप में उपस्थित थे प्रत्येक नवाकुर संस्था प्रमुख ने अपने-अपने सेक्टर में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही बैठक में उपस्थित परामर्शदाताओं ने बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू छात्रों के लिए आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया बैठक में पांचो सेक्टर से साठ प्रतिभागियों ने सहभागीता की।

## ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन की सुर्खियों में छाए अनिरुद्धाचार्य महाराज

**सिहोरा, देशबन्धु।** हिन्दी दिवस के अवसर पर सनातन धर्म की अलख जगाकर घर घर तक मानवता और भक्ति को पहुंचाकर बिना किसी से भेदभाव किए सैकड़ों वृद्ध माताओं की अद्भुत सेवा, साथ ही गौ माताओं,संतों,भक्तों और अन्य जीवों पर मानवता की करुणा दिखाते हुए जो कार्य पूज्य महाराज अनिरुद्धाचार्य जी कर रहे हैं उसके लिए ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन (यूके) में सर्वोच्च सम्मान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन द्वारा सम्मानित किया गया। जो कि हमारे क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है।वहीं पूज्य अनिरुद्धाचार्य के सम्मान को लेकर लंदन स्थित अंतरास्ट्रीय सिद्ध आश्रम शक्ति सेंटर के संचालक धर्मगुरु राज राजेश्वर गुरु जी ने कहा कि ब्रिटिश योरोपियन राज्य में अनिरुद्धाचार्य जी जैसे पूज्य का सम्मान भारत की बढ़ती लोकप्रियता और गौरव को प्रदर्शित करता है।

## मझौली, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा के समर्थन के साथ जिला सिहोरा का दावा ठोका

**सिहोरा, देशबन्धु।** अपनी तीन दिन की जिला सिहोरा अधिकार यात्रा में बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा और मझोली विकासखंड के गांव गांव में संपर्क करने के बाद मिले समर्थन के बल पर लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने मध्य प्रदेश सरकार से सिहोरा जिला बनाने का दावा ठोका है।समिति का दावा है कि 2003 में जिस प्रकार से सिहोरा जिला प्रस्तावित किया गया था आज भी बहोरीबंद ढीमरखेड़ा और मझोली विकासखंड के लोग सिहोरा के साथ मिलकर जिला बनाने को तैयार हैं ।समिति ने अपनी अधिकार यात्रा के अंतिम दिन रविवार को बहोरीबंद क्षेत्र के ग्रामों में संपर्क किया।समिति ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इन क्षेत्रों में अपनी ओर से जनमत संग्रह या सर्वे करा लेने का भी आह्वान किया है। मझौली, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद का किया दौरा- ढीमरखेड़ा विकासखंड के सिलोडी, ढीमरखेड़ा, पान उमरिया में पूर्व से ही मिल रहे अपार समर्थन के बाद लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने जिला अधिकार यात्रा के माध्यम से पिछले तीन दिनों में मझौली और बहोरीबंद विकासखंड के दर्जनों गांव में संपर्क कर समर्थन मांगा।इसके लिए समिति ने इन क्षेत्रों के लोगो के समर्थन के छोटे छोटे वीडियो भी सोशल मीडिया में जारी किए। समिति का दावा है कि मझौली ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद का प्रत्येक जनमानस सिहोरा जिला के साथ आने को तैयार है ।समिति ने इन दोनों क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जनता की बात सरकार तक पहुंचाने की अपील की।

### मुख्यमंत्री से अपील करा लें जनमत संग्रह

विधायकों से की अपील- जिला सिहोरा अधिकार यात्रा की समाप्ति के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में समिति ने मझौली के विधायक माननीय अजय बिश्नोई और बहोरीबंद के विधायक प्रणय पांडे से अनुरोध किया कि वह अपने क्षेत्र की आम जनता की जन भावना के अनुरूप सिहोरा के जिला बनने में अपना समर्थन देकर सिहोरा को जिला बनवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करे।आज सिहोरा का प्रत्येक व्यक्ति इन दोनो विधायकों की ओर आशा से देख रहा है।

जनमत संग्रह करा लें मुख्यमंत्री- लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखकर निवेदन किया कि वह बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा और मझौली के क्षेत्र का अपने स्तर से सर्वे या जनमत संग्रह करा ले। समिति ने मुख्यमंत्री को चैलेंज किया की इन क्षेत्रों का प्रत्येक नागरिक सिहोरा जिला का समर्थक है सिहोरा का जिला बनना इन सभी क्षेत्र के लिए बेहतर है।

जारी रहेगा आंदोलन-लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने ऐलान किया कि आने वाले समय में जब तक सिहोरा जिला नहीं बन जाता यह आंदोलन जारी रहेगा।

## चीन में भारी बारिश की चेतावनी, ब्लू अलर्ट जारी

बीजिंग। चीन में कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका है के चलते देश के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को आंधी–तूफान के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि सोमवार सुबह 8 बजे से मंगलवार सुबह 8 बजे तक सिचुआन, चोंगकिंग, गांसु, शानक्सी, हुबेई, हेनान, शेडोंग, हेइलोंगजियांग, जिलिन और लियाओनिंग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है, अधिकतम प्रति घंटा वर्षा 60 मिलीमीटर से अधिक हो सकती है।

# अमेरिका में आशिकी कर बैठे थे चीन के पूर्व विदेश मंत्री, पता चलते ही सरकार ने छीना पद

चीन के विदेश मंत्री किन गांग को पद से हटाए जाने की वजह का खुलासा हुआ है। खबर है कि इसकी बड़ी वजह अमेरिका में उनके महिला से प्रेम संबंध बताए जा रहे हैं। हालांकिए चीन सरकार की ओर से इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। गांग को चीन सरकार ने जुलाई में ही पद से हटा दिया था।



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसारए एक जांच में पता चला है कि अमेरिकी राजदूत रहते हुए उनका प्रेम प्रसंग था और उनका एक बच्चा भी था। जांच में यह बात सामने आते ही उन्हें पद से हटा दिया गया था। खबर है कि अगस्त में शीर्ष अधिकारियों को जानकारी दी गई थी कि किन गांग को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से की गई जांच में श्लाइफस्टाइलश् से जुड़ी कई अहम बातें सामने आईं थीं। रिपोर्ट के मुताबिकए दो लोगों का कहना है कि इस प्रेम प्रसंग के चलते ही अमेरिका में उन्हें बच्चा हुआ। फिलहालए यह भी जांच की जा रही है कि इस अफेयर में राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता हुआ था या नहीं। खास बात है कि गांग सिर्फ7 महीने ही पद पर रहे थे और उस दौरान उन्हें हटाए जाने पर कोई भी वजह सार्वजनिक नहीं की गई थी। साल 2021 में गांग वॉशिंगटन पहुंचे थे। खास बात है कि उस दौरान उन्हें जमकर अमेरिकी संस्कृति का मजा लेते देखा गया था। एक ओर जहां वह बेसबॉल खेलते हुए नजर आए थे। वहींए उन्हें अरबपति एलन मस्क के साथ टेस्ला की सवारी भी की थी। खबर है कि विदेशियों से संपर्क को लेकर चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों की जांच की जा रही है। इनमें चीन की सेना भी शामिल है।

# अधिकारी की पहचान उजागर कर कनाडा ने की ओछी हरकत, चीन और पाक ने भी नहीं किया ऐसा

खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा और भारत के रिश्ते अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। कनाडा ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाते हुए भारतीय अधिकारी पवन कुमार राय को देश से निकलने का आदेश दिया। यह पहला मौका हैए जब किसी देश ने दूसरे मुल्क के अधिकारी का नाम उजागर करते हुए ऐक्शन लिया है। कनाडा की इस हरकत पर भारत ने सख्त आपत्ति जताई है। इसके जवाब में भारत ने भी कनाडा के खुफिया अधिकारी ओलिवियर सिल्वेस्टर को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

जानकारों ने कहा कि कनाडा की यह हरकत ओछी है और इससे पहले किसी भी देश ने इस तरह अधिकारी का नाम उजागर नहीं किया। यहां तक कि चीन और पाकिस्तान ने भी भारत के साथ ऐसा नहीं किया और न ही भारत ने किसी देश संग ऐसा किया। कनाडा का आरोप है कि पवन कुमार राय रॉ के अफसर हैं और हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का उनसे संबंध था। हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तानी आतंकी थाए जो कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित करता था। कुछ वक्त पहले उसकी कनाडा में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसकी मौत के पीछे खालिस्तानी और कनाडा सरकार भारतीय एजेंसियों का हाथ बता रहे हैं।

पहले तो कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने संसद में भारत पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया। फिर उनकी विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भारतीय अफसर को निकालने का ऐलान कर दिया। इसके जवाब में अब भारत ने भी एक अधिकारी को देश छोड़ने को कहा है। माना जा रहा है कि यह तनाव अभी और बढ़ सकता है। कारोबार रोकने और एक दूसरे पर कुछ प्रतिबंध तक बात पहुंच सकती है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने कनाडा के सारे आरोपों को खारिज करते हुए बेहूदा और मनगढ़ंत करार दिया है। कई दशकों से पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव रहा है।

## आज का इतिहास

1697– राइन्सविक की संधि पर फ्रांस और ग्रैंडअलांस के बीच हस्ताक्षर किए गए थे, जो नौ साल के युद्ध को समाप्त कर रहे थे।
1797– बोस्टन में यूएस फ्रिगेट संविधान लॉन्च किया गया।
1803– आयरिश विद्रोही रॉबर्ट एम्मेट को निष्पादित किया गया।
1819– कार्ल्सबैड डिक्रस जर्मन परिसंघ भर में जारी किए गए।
1831– भाप से चलने वाली पहली बस बनाई गयी। 30 लोगों की क्षमता तथा अत्यंत धीमी गति से चलने वाली इस बस के अविष्कारक गोर्डन ब्रान्ज़ थे।
1839– नीदरलैंड के पहले रेल मार्ग एम्सटरडम से हार्लेम का उद्घाटन हुआ।
1848– विज्ञान की प्रगति के लिए अमेरिकन एसोसिएशन बनाया गया।
1867– ऑस्ट्रिया में हंग्री के विलय के पश्चात फ्रांसवा जोज़फ औपचारिक रुप से ऑस्ट्रिया हंग्री के सम्राट बने।
1881– चेस्टर ए आर्थर ने 21 वे राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
1884– सैन फ्रांसिस्को में %इच्ल राइट्स पार्टी% का गठन किया गया।
1906– उस समय का सबसे बड़ा और सबसे तेज जहाज इंतेहाई दुनिया का महासागर लाइनर आरएमएस मूरतनिया लॉन्च किया गया था।
1925– हेरोल्ड लॉयड कॉमेडी फिल्म द फ्रेशमैन को परदे पर दिखाया गया।
1933–अग्रणी थियोसोफिस्ट, महिला अधिकारों की समर्थक, लेखक, वक्ता एवं भारत–प्रेमी महिला डाक्टर एनी बेसेन्ट का निधन हुआ।

## राकांपा ने सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अनुबंध के आधार पर कई विभागों में पदों को भरने के लिए कथित रूप से महाराष्ट्र सरकार की ओर से जारी सरकारी आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।
पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष महबूब शेख ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकारी आदेश युवाओं के रोजगार के लिए खतरा है। उन्होंने राज्य सरकार पर युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

## ओडिशा के कटक में सड़क दुर्घटना, चार की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक जिले में सोमवार को सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना कटक के टिगिरिया पुलिस सीमा के अंतर्गत नुआसादक चक के पास हुई जब एक वाहन को एक ट्रक ने आमने-सामने टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय वाहन अथागढ़ जा रहा था। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही टिगिरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सौंदर्यराजन ने राजभवन में की गणेश पूजा

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राज्यपाल डॉ.तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को यहां राजभवन में विशेष गणेश पूजा की।
राज्यपाल ने गणेश चतुर्थी समारोह के हिस्से के रूप में हैदराबाद में राजभवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल में स्थित खूबसूरती से सजाए गए पंडाल में पूजा-अर्चना की। डॉ. सौंदर्यराजन ने इस शुभ अवसर पर तेलंगाना के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## अब भारत का ऐक्शनए कनाडा के राजनयिक को देश से निकालाय राजदूत को भी तलब कर मांगा जवाब

खालिस्तान के मामले में कनाडा और भारत के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा ने भारतीय राजनयिक को देश से निकलने का आदेश दिया था और उसके जवाब में भारत ने भी कड़ा ऐक्शन लिया है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के राजदूत को तलब किया और फिर एक सीनियर डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दिया है। कनाडा के डिप्लोमैट को अगले 5 दिनों के अंदर भारत से लौटने को कहा गया है। भारत ने कनाडा के जिस अधिकारी को देश से बाहर जाने को कहा हैए उसका नाम ओलिवियर सिल्वसटेर है। ओलिवियर भारत में कनाडा की खुफिया एजेंसी के स्टेशन चीफ थे। भारत सरकार का कहना है कि कनाडा अपनी धरती पर खालिस्तानियों की हरकतों पर लगाम कसने में असफल रहा है। यही नहीं खुलेआम उनकी हिमायत भी की है।

# क्या है खालिस्तान की मांग जिसकी आग में झुलस रहा भारत.कनाडा का 75 साल पुराना मजबूत रिश्ता

एंड्रयू मिट्रोविका ने लिखा है कि अब ट्रूडो का उत्साह कम हो गया है। उनकी सरकार में भी घोटाले सामने आने लगे हैं। उनकी चिर परिचित शैली पर अब घमंड हावी होने लगा है।

उनकी लोकप्रियता दुश्मनी में बदल गई है ऐसे में कनाडा में परिवर्तन अब अपरिहार्य लगने लगा है। मिट्रोविका ने इस बात पर भी कनाडाई प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है कि उनकी विदेश नीति बेपटरी हो रही है। मिट्रोविका ने जूनियर ट्रूडो को अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो से भी सीख लेनी चाहिए।

ट्रूडो को हाल ही में सरकार के खिलाफ उपजे रोष की वजह से सरकार और अपनी कुर्सी को खोने की चिंता सता रही थी। उन्हें परेशान करने वाली कॉकस का सामना करना पड़ा था। दरअसलए ट्रूडो इसलिए भी सत्ता संचालन में सहमे हुए हैं क्योंकि 2019 के चुनावों में उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिली थी।

सरकार बनाने के लिए उन्हें 170 सीटें चाहिए थीं लेकिन उनकी लिबरल पार्टी ने सिर्फ 157 सीटें ही जीती थीं। तब उन्हें खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह की पार्टी छक्क् ने समर्थन दिया था। उसके पास 24 सांसद थे। चुनाव के बाद सिंह और ट्रूडो ने कॉन्फिडेंस.एंड. सप्लाई एग्रीमेंट साइन किया था। यह समझौता 2025 तक लागू रहेगा।

## सुडोकू 6322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | | | 8 |
| | | 5 | 6 | | 1 | 4 | | |
| 2 | | | 4 | 7 | | | | 9 |
| | | 1 | | 8 | | | 6 | |
| 3 | 9 | 2 | | 6 | | 5 | 8 | 4 |
| | 7 | | | 5 | | 2 | | |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 6 |
| | | 4 | 8 | | 9 | 7 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमान का मलबा मिला साउथ कैरोलिना में गायब हुआ था

अल जजीरा के मुताबिकए लड़ाकू विमान को साउथ कैरोलिना के 2 झीलों के पास ढूंढा जा रहा था। प्लेन का मलबा जॉइंट बेस चार्ल्सटन के उत्तर पूर्व भाग में 2 घंटे की दूरी पर मिला है। रविवार को उड़ान के दौरान एक लड़ाकू विमान खराब हो गया था। इसके बाद पायलट ने खुद को प्लेन से इजेक्ट कर लिया था। फाइटर जेट काफी देर तक ऑटो मोड में उड़ने के बाद दोपहर करीब 2 बजे गायब हो गया था।

जॉइंट बेस चार्ल्सटन के मास्टर सार्जेंट हीथर स्टैंटन के मुताबिक साउथ कैरोलिना के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्लेन का सर्च ऑपरेशन चल रहा था। मौसम ठीक होने के बाद साउथ कैरोलिना के कानून विभाग का एक हेलिकॉप्टर भी खोज में शामिल हो गया था।

**भारत को भी यही फाइटर जेट्स देना चाहता है अमेरिका**

फरवरी में बेंगलुरु में एयरो इंडिया शो हुआ था। इसमें दुनियाभर के विदेशी विमान शामिल हुएए लेकिन इनमें सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं थीं अमेरिका में बने f.35 फाइटर जेट ने। दरअसलए पहली बार अमेरिकी f.35 फाइटर भारत आए थे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत को रिझाने के लिए अमेरिका की ये एक कोशिश थी।


रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक. 27 साल के इतिहास में भारत के एयरो इंडिया शो के लिए अमेरिका ने अपने सबसे ज्यादा डेलिगेट्स भेजे थे। जिससे पता चलता है कि अमेरिका के लिए भारत कितना अहम होता जा रहा है।

रूसी एक्सपोर्टर रोसोबोरोना एक्सपोर्ट एयरो शो में सेंटर स्टेज पर रहता था। इस बार ये कम था। रिपोर्ट के मुताबिक. अमेरिका हथियारों की खरीद के मामले में भारत की रूस पर निर्भरता को खत्म करना चाहता है। इसी के चलते वो भारत को एफ–35 फाइटर जेट से रिझाने की कोशिश कर रहा है। आसानी से किसी देश को एफ–35 जेट नहीं देता है। वहीं जब अमेरिकी दूतावास में रियर एडमिरल माइकल एल बेकर से पूछा गया कि क्या वो ये फाइन जेट भारत को ऑफर करेंगे तो इस पर उन्होंने कहा कि भारत ये इन्हें खरीदने के विचार के शुरूआती स्टेज पर है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के इतिहास में सबसे महंगा विमान एफ–35 ही है। यह लड़ाकू विमान अब तक के सारे विमानों से आधुनिक और महंगा भी है। इसे बनाने का बजट अरबों रुपए था। 2013 में सरकार के अकाउंटेबिलिटी डिपार्टमेंट ने इसे जोखिमभरा फैसला बताया था।

पेंटागन को इस बात का अहसास भी है कि इस विमान को वह ज्यादा देशों को नहीं दे सका। शुरुआत से लेकर अब तक इस विमान पर 60 हजार अरब रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

# नवाज बोले- भारत चांद पर पहुंचा, हम पैसे मांग रहे कहा- आज हमारी कोई इज्जत नहीं


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा है कि भारत आज चांद पर पहुंच चुका है। वाय 20 समिट होस्ट कर रहा है। भारत के पास आज खजाने में 600 अरब डॉलर हैं।



वहीं पाकिस्तान 1.1 अरब डॉलर चीन और अरब देशों सहित दुनियाभर से मांग रहा है। ऐसे में हमारी उनके सामने क्या इज्जत रह गई है। हम कंगाल होने की कगार पर हैं। नवाज ने कहा। जिन लोगों ने पाकिस्तान का ये हाल किया है वो देश के सबसे बड़े मुजरिम हैं।

पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट की सरकार ने देश को डिफाल्ट होने से बचाया है वर्ना देश में पेट्रोल के दाम एक हजार रुपए प्रति लीटर तक पहुंच जाते। नवाज शरीफ ने देश की इस हालत के लिए रिटायर्ड आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा पूर्व चीफ फैज हमीद और पूर्व चीफ जस्टिस मियां साकिब निसार को जिम्मेदार ठहराया। नवाज ने कहा। आज देश में गरीब लोग रोटी के लिए तरस रहे हैं। कौन है जो देश को इस हालत में लेकर आया है। 2017 में पाकिस्तान में ये नजारा नहीं था। तब आटा, घी, चीनी सब सस्ते मिलते थे। बिजली के बिल लोगों की जेब के हिसाब से आते थे। आज लोगों के 30 हजार तक भी बिजली के बिल आते हैं। ऐसे में उनके पास बच्चों का पेट भरने के लिए पैसे नहीं बचते। मेरी हुकूमत में देश तरक्की कर रहा था। इसके बावजूद मुझे कोर्ट में 27 साल की सजा सुनाई गई। सालों तक मुझे देश से बाहर रहना पड़ा। इन सबके पीछे जनरल बाजवा और जनरल फैज का हाथा था। 1990 में भारत ने हमें देखकर इकोनॉमिक रिफार्म ऑर्डर लागू किया। आज देखिए उनका मुल्क कहां पहुंच चुका है। जब वाजपेयी जी भारत के प्रधानमंत्री बने थे तब उनके देश के पास 1 अरब डॉलर भी नहीं था और आज उनके पास 600 अरब डॉलर हैं।

## वर्ग पहेली 6322



**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन. फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी–गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात–मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधिरवर्ग (ब्लड ग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना, मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

## वर्ग पहेली–6321



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**सतर्क** *एलओसी से सटे इलाकों में सेना ने संभाला मोर्चा*

# घुसपैठ रोकने की कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती सेना

■ सुरेश एस डुग्गर
जम्मू, (देशबन्धु)।

**एलओसी से सटे इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए अगले कुछ दिन परेशानी और दहशत से भरे हो सकते हैं। ऐसा पाकिस्तानी सेना द्वारा अपने जहां रुके पड़े प्रशिक्षित आतंकियों को सीमा की ओर धकेलने की कोशिशों में तेजी लाने तथा भारतीय सेना उन्हें रोकने की कवायद में जुटी हैं।**

दरअसल पाक सेना बर्फबारी से पहले ही आतंकियों को धकेलने को उतावली है क्योंकि बर्फबारी के बाद घुसपैठ के रास्ते बंद हो जाते हैं। इस दहशत के पीछे का कारण यह बताया जा रहा है कि पाक सेना एक बार फिर घुसपैठ के लिए कवर फायर की नीति अपनाने लगी है। यह उड़ी में दो दिन पहले साफ हो चुका है। हालांकि इसके प्रति सिर्फ अनुमान ही हैं कि एलओसी के पार पाक कब्जे वाले कश्मीर में चल



■ **एलओसी पर सभी लूप होलों को बंद करने की कोशिश की जा रही है**

रहे आतंकवाद का प्रशिक्षण देने वाले कैम्पों में कितने आतंकी प्रशिक्षण ले रहे हैं और कितने इस ओर आने को तैयार बैठे हैं, पर यह जरूर कहा जा रहा है कि जो भी घुसपैठ में कामयाब होगा वह कश्मीर के हालात को फिर से पीछे मोढ़ने में कामयाब हो जाएगा।

नतीजतन सेना घुसपैठ रोकने की खातिर कोई कोर–कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती।

सेना की नार्दन कमान के प्रवक्ता दावा करते हैं कि एलओसी पर सभी लूप होलों को बंद करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल एलओसी की स्थिति ऐसी है कि चप्पे–चप्पे पर जवानों को तैनात करने के बावजूद घुसपैठियों को रोक पाना संभव नहीं हो सकता। जबकि सेना आप इसे मानती है कि एलओसी पर तारबंदी उतनी कामयाब नहीं हो पाई है जितनी प्रभावी वह इंटरनेशनल बार्डर पर है।

एलओसी पर तारबंदी की हालत यह है कि हर साल बर्फबारी के बाद वह क्षतिग्रस्त हो जाती है और उसकी मुरम्मत का कार्य कठिन होने के कारण कई स्थानों पर कई कई महीनों तक वह क्षतिग्रस्त ही रहती है। इन्हीं परिस्थितियों का लाभ पाकिस्तान सेना उठाने की कोशिश में है।

वह घुसपैठ के परंपरागत रास्तों को छोड़ कर अब दुर्गम और नए रास्तों का इस्तेमाल कर भारतीय सेना की परेशानियां बढ़ा रही है। इसी प्रकार की परेशानी एलओसी से सटे इलाकों में रहने वाले सीमावासियों की इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पाक सेना घुसपैठ की खातिर कवरिंग फायर की नीति का इस्तेमाल करने से नहीं चुकती है और इस ओर से भी जब जवाबी कार्रवाई होती है तो गोलों और गोलियों का शिकार सीमावासी ही बनते हैं चाहे वे इस ओर के इलाके में रहते हों या फिर एलओसी के पार। यही कारण था कि एलओसी के बनते–बिगड़ते हालात के चलते सीमावासी परेशान हैं क्योंकि सुरक्षा एजेंसियां यह कह कर उन्हें हमेशा दहशतजदा करती रही हैं कि एलओसी पर घुसपैठ के प्रयास घमासान हो सकते हैं।

# खेल जगत

## अगर मैं संजू की जगह होता तो मुझे बहुत निराशा होती : इरफान पठान

**नई दिल्ली**। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर वह सैमसन की जगह होते तो उन्हें बहुत निराशा होती। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की टीम की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पठान ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- अगर मैं अभी संजू सैमसन की जगह होता, तो मुझे बहुत निराशा होती..। हैरानी की बात यह है कि सैमसन पर तिलक वर्मा और रुतुराज गायकवाड़ को तरजीह दी गई। वर्मा, जिन्होंने हाल ही में अपना वनडे डेब्यू किया, बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप 2023 सुपर 4 गेम में सिर्फ पांच रन पर आउट हो गए।



# अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भारत ने मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के लिए टीम में चुना है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वनडे मैचों के लिए 15 तथा तीसरे और आखिरी वनडे 17 सदस्यीय टीम चुनी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की शुरू के दो मैचों के लिए तीनों फॉर्मेट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा, धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली , उपकप्तान हार्दिक पांड्या और तुरुप के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को आराम दिया है। चोट के बाद फिट होकर एशिया कप में कामयाब वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के शुरू के दो वन ढे मैचों में भारत के कप्तान तथा ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा उपकप्तान होंगे।



भारत ने रोहित और विराट की जगह ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को तथा फिलहाल चोट के कारण बाहर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह शुरू के दो वन डे में दो ऑफ स्पिन ऑलराउंडरों -रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह दी है। अक्षर पटेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल जरूर किया गया है लेकिन वह फिट होने पर खेलेंगे। भारत ने तीसरे वनडे के लिए वन डे विश्व कप के लिए चुनी गई टीम के साथ अश्विन और सुंदर को भी टीम में जोड़ा है।मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम पहला वनडे मोहाली (22 सितंबर), दूसरा 24 सितंबर को इंदौर और तीसरा और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच 27 सितंबर को राजकोट में खेलेगी।

अश्विन ने भारत के लिए अंतिम वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच करीब डेढ़ बरस पहले खेला था। अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में वाशिंगटन सुंदर के साथ शामिल करने का मकसद है यदि अक्षर पटेल वन एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में लगी चोट के डे विश्व कप के लिए समय से फिट न हो पाए तो उसके पास ये दो विकल्प के रूप में उपलब्ध रहे। अश्विन पिछले कुछ हफ्तों से स्पिन सलाहकार सैराज बाहुतुले के साथ ट्रेनिंग करने के साथ एनसीए बेंगलुरु में फिजिकल कंडीशनिंग में जुटे थे। भारत के मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर ने कहा हमें उम्मीद है कि अक्षर पटेल फिट हो जाएंगे। वाशिंगटन सुंदर एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले थे। अश्विन खासे अनुभवी है और यदि वन डे विश्व कप में जरूरत पड़ी तो हमारे पास अश्विन और सुंदर के रूप में बढियाा विकल्प रहे।

वहीं अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल करने की बाबत भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, अश्विन जैसे अनुभवी गेंदबाज के लिए मैच खेलने का वक्त और मैदान पर वक्त बिताना कोई बड़ा मसला नहीं है। हमने इसलिए सोचा यदि अश्विन के रूप में हमारे पास विकल्प है तो हमें उन्हें टीम में शामिल करना चाहिए। उनका अनुभव हमारे लिए बेशकीमती साबित होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वन डे सीरीज में उन्हें मौका देने हमें यह समझने का मौका मिलेगा कि वह कहां खड़े हैं और शारीरिक रूप से वह कितने तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि अश्विन बीते बरस से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं हां वह भारत के लिए वन डे क्रिकेट जरूर बीते काफी समय से नहीं खेले हैं लेकिन हाल ही में वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेले थे और यदि मैं गलत नहीं हूं तो वह टीएनपीएल में खेले। कोई तुलना नहीं है वह कुछ क्रिकेट जरूर खेले है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हें यह जानने का मौका देंगे कि अश्विन इस समय कहां खड़े हैं।

### भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए क्रिकेट टीम

केएल राहुल(कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा (उपकपतान), शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे अंतर्राष्ट्रीय वन डे के लिए भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल(कप्तान), इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा , शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, हार्दिक पांड्या , विराट कोहली,कुलदीप यादव, अक्षर पटेल (बशर्ते फिट हों) रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

## एशियाई खेल के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम घोषित



**लखनऊ**। चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से शुरु होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय महिला हैंडबाल टीम की घोषणा मंगलवार को कर दी गयी। महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान रेलवे की ज्योति शुक्ला होंगी जबकि उपकप्तान हिमाचल प्रदेश की दीक्षा कुमारी बनाई गयी है। टीम में उत्तर प्रदेश की शिवा सिंह और तेजस्विनी सिंह का भी चयन किया गया है। एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में हैंडबॉल के मुकाबले 24 सितंबर से पांच अक्टूबर तक होंगे। इसके लिए टीम दिल्ली से 20 सितंबर को हांगझोऊ के लिए रवाना होगी।

भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को प्रारंभिक राउंड के ग्रुप बी में जगह मिली है। इस ग्रुप में भारत के साथ चीन, जापान, नेपाल और हांगकांग चाइना को जगह मिली है। भारतीय टीम 25 सितंबर को जापान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद भारतीय टीम की 27 सितंबर को हांगकांग चाइना, 29 सितंबर को चीन और 30 सितंबर को नेपाल की टीम से टक्कर होगी।

अयोध्या के डा.भीमराव अंबेडकर इंडोर स्टेडियम में आयोजित टीम के शिविर की समाप्ति कें बाद रवानगी से पूर्व भारतीय टीम का विदाई समारोह लखनऊ में एक निजी होटल में किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की अध्यक्ष व बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर अलका दास ने खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय के अनुसार शिविर में खेल की तकनीक, इंडयोरेंस, स्टेमिना व गति में सुधार के लिए कड़ा अभ्यास कराया गया है।

**एशियन गेम्स के लिए चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम**

नीना शील (पश्चिम बंगाल), दीक्षा कुमारी, निधि शर्मा, शालिनी ठाकुर, भावना, मिताली शर्मा, प्रियंका ठाकुर (हिमाचल प्रदेश), शिवा सिंह, तेजस्विनी सिंह (उत्तर प्रदेश), मेनिका, , सुषमा, ज्योति शुक्ला, प्रियंका (भारतीय रेलवे) सोनिका, आशा (हरियाणा), पूजा कंवर (राजस्थान)

**कोच :** एम.कार्तिकेयन, सचिन चौधरी, प्रवीण कुमार सिंह, मनीषा, अतनु मजूमदार

## चहल को ऑस्ट्रेलिया वनडे से बाहर किए जाने पर हैरान हरभजन

**नई दिल्ली**। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी घरेलू वनडे सीरीज से लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को बाहर किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इससे पहले, युजवेंद्र चहल को भारत की 15 सदस्यीय विश्व कप टीम से भी बाहर कर दिया गया था और तब से वह केंट के लिए काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए हरभजन ने कहा, युजवेंद्र चहल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में होना चाहिए था। उन्हें मौका नहीं दिया गया है। यह मेरी समझ से परे है। या तो उन्होंने किसी के साथ लड़ाई की है या उन्होंने किसी को कुछ कहा है, मुझे नहीं पता। अगर सिर्फ स्किल की बात करें तो उनका नाम इस टीम में होना चाहिए था क्योंकि टीम इंडिया के कई खिलाड़ी आराम कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज 3-2 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया का सामना भारत से होगा।

एक तरफ जहां भारतीय टीम एशिया कप में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ खेल रही थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से था। ऑस्ट्रेलिया एक मजबूत टीम है। हरभजन ने कहा, आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उनके पास नंबर 7-8 तक अच्छी बल्लेबाजी है।

विश्व कप में भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना 8 अक्टूबर को होगा। उससे पहले, भारत 22 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा जिसके लिए भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है।

## हमें हांगजू एशियाई खेलों में है हॉकी में पदक जीतने की आस : हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली**। दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 19 वें एशियाई खेलो में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से मंगलवार देर रात हांगजू(चीन) रवाना होने से पहले टीम के इन खेलों पदक जीतने की आस जताई। भारत पूल ए में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, मौजूदा चैंपियन जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ है। वहीं दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, मेजबन चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया की टीमें पूल बी में हैं। पूल ए और पूल बी से शीर्ष दो-दो टीमें सेमीफाइनल में स्थान बनाएंगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 24 सितंबर को पूल ए में उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी। भारत अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 30 सितंबर को भिड़ेगा भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमारी टीम ने हांगजू एशियाई खेलों के लिए जमकर तैयारी की है। हमने बीते महीने चेन्नै में



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 पुरुष हॉकी में अजेय रह कर खिताब जीता था। हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में भी इसी तरह का बढिया खेल जारी रखने पर है। बेशक हमारे पूल में कई मजबूत प्रतिद्वंद्वी हैं लेकिन हमें अपनी तैयारियों पर पूरा भरोसा है। हमें हांगजू एशियाई खेलों में हॉकी में पदक जीतने की आस है। वहीं भारत के उपकप्तान चतुर मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा, हम हांगजू एशियाई खेलों के लिए जेहनी और शारीरिक रूप से एकदम बढियाा स्थिति में है। हमारा पूल खासा चुनौतीपूर्ण है। हमने हाल ही के महीनों में जैसा बढियाा प्रदर्शन किया है, हमारा लक्ष्य लगातार वैसा ही बढियाा प्रदर्शन जारी रखना है। हमारा लक्ष्य हांगजू (चीन) एशियाई खेलों से पदक के साथ लौटना है।

**हांगजू एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम है**

**गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **रक्षापंक्ति:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान),अमित रोहिदास, जर्मनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, संजय। **मध्यपंक्ति :** हार्दिक सिंह(उपकप्तान), विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह, सुमित व शमशेर। **अग्रिम पंक्ति :**मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह

## 8 खिलाड़ियों, अधिकारियों पर ईसीबी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत आरोप लगाया गया

दुबई। टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 2021 टी10 टूर्नामेंट के आठ प्रतिभागियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर निराशा व्यक्त की। टी टेन ने एक बयान में कहा,हम इस प्रकृति के सभी आरोपों को गंभीरता से लेते हैं और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के लिए हमारी शून्य-सहिष्णुता की नीति है। हम टी10 टूर्नामेंट के अपने कैलेंडर पर आईसीसी के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे और क्रिकेट की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए हमारे नियंत्रण में सब कुछ करेंगे।

इससे पहले, अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी10 लीग के दौरान ईसीबी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए कई खिलाड़ियों और अधिकारियों पर आरोप लगाया था। आठ खिलाड़ियों, अधिकारियों और टीम मालिकों पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के विभिन्न मामलों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। आरोप 2021 अबू धाबी टी10 लीग के संबंध में हैं। उक्त टूर्नामेंट 19 नवंबर, 2021- 4 दिसंबर, 2021 के बीच हुआ। टूर्नामेंट में छह टीमें खेलीं।

ईसीबी की ओर से यह कहा गया, वे लीग में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं। इन प्रयासों को बाधित किया गया था। ईसीबी ने टूर्नामेंट के दौरान ईसीबी के कोड के प्रायोजनों के लिए आईसीसी को नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) के रूप में नियुक्त किया। इस प्रकार, आईसीसी ये आरोप जारी कर रहा है। बयान में कहा गया है कि छह आरोपियों - कृष्ण कुमार चौधरी, पराग सांघवी, अज़हर जैदी, रिज़वान जावेद, सलिया समन और सनी ढिल्लों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और सभी के पास आरोपों का जवाब देने के लिए 19 सितंबर 2023 से 14 दिन का समय है।

## भारत के फीफा एथलीट हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए रवाना

**नई दिल्ली**। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित बहु-खेल टूर्नामेंटों में से एक में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार, भारत के फीफा ऑनलाइन 4 स्टार चरणजोत सिंह और करमन सिंह ईए स्पोर्ट्स एफसी ऑनलाइन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए हांगझाऊ के लिए रवाना हो गए हैं।

2018 में एक प्रदर्शन कार्यक्रम के रूप में प्रदर्शित होने के बाद, ईस्पोर्ट्स एशियाई खेलों 2022 में एक आधिकारिक पदक खेल के रूप में अपनी पूर्ण शुरुआत करेगा। दोनों एथलीटों ने एशियाई खेल 2022 के लिए हाल ही में आयोजित सीडिंग इवेंट के दौरान अपनी छाप छोड़ी, जिसमें चरणजोत सिंह ने दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शीर्ष वरीयता हासिल की, जबकि करमन सिंह ने पांचवीं वरीयता हासिल की। दोनों एथलीट, जो वैश्विक फीफा समुदाय में प्रसिद्ध नाम हैं, ने एस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) द्वारा आयोजित नेशनल ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (एनईएससी) के फाइनल में पहुंचकर एशियाई खेल 2022 में अपना स्थान अर्जित किया। टूर्नामेंट के करीब आने पर अपनी भावना व्यक्त करते हुए, चरणजोत सिंह ने कहा- जैसे-जैसे टूर्नामेंट नजदीक आ रहा है, यह अवास्तविक लगता है कि एशियाई खेलों 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना आखिरकार वास्तविकता बन रहा है। करमन और मैं दोनों अपना प्रदर्शन करने के लिए लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस मंच पर महाद्वीप के बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ कौशल दिखाने, अपने देश को गौरवान्वित करने और एक ऐतिहासिक पदक घर लाने के लिए दृढ़ हैं। एशियाई खेल 2022 भारतीय ईस्पोर्ट्स के लिए खुद को वैश्विक मंच पर एक पावरहाउस के रूप में घोषित करने का एक बड़ा अवसर है। मैं टूर्नामेंट में पदक खेल के रूप में ईस्पोर्ट्स की पहली उपस्थिति में देश का झंडा उठाने वाले पहले एथलीटों में से एक होने पर सम्मानित महसूस करता हूं।



## अगर जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड नहीं बनाया होता तो वो निराश होते : राफेल नडाल

**मैड्रिड (स्पेन)**। दिग्गज टेनिस स्टार और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने कहा है कि उनके प्रतिद्वंद्वी नोवाक जोकोविच ने सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का रिकॉर्ड नहीं बनाया होता तो वे खुद से काफी निराश होते। पिछले हफ्ते, जोकोविच ने यूएस ओपन में अपना 24वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता, जिसने एक दिग्गज खिलाड़ी के रूप में उनकी पहचान को और मजबूत कर दिया है।

वह यह खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं और उन्होंने पुरुष या महिला टेनिस में सर्वाधिक जीत के मामले में मार्गरेट कोर्ट की बराबरी कर ली है। नडाल ने स्पेनिश डिजिटल प्लेटफॉर्म मूवीस्टार प्लस को बताया, मैं किसी भी कारण से निराश नहीं हूं। मेरा मानना है कि अपनी क्षमता के अनुसार मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है कि चीजें मेरे हिसाब से चलते रहे। नोवाक निराश हो सकते हैं क्योंकि



उन्होंने हर चीज को अधिक तीव्रता से जीता है और यही कारण है कि वह सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं कई वर्षों से सर्किट पर सबसे निष्क्रिय खिलाड़ियों में से एक रहा हूं, मैंने साढ़े चार साल तक ग्रैंड स्लैम मिस किया है। खेल का मतलब ही यही है। जोकोविच इसलिए भी अधिक सफल हैं क्योंकि उनके पास फिटनेस है जिसने उन्हें मुझसे अधिक खेलने की अनुमति दी है।

नडाल, इस साल की शुरुआत में कूल्हे की सर्जरी के बाद 2024 में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट को जीतने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। 37 वर्षीय स्पैनियार्ड जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के दूसरे दौर में हार के दौरान कूल्हे की मांसपेशियों में चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी टेनिस से अनुपस्थित हैं।

वह इस साल के फ्रेंच ओपन से चूक गए, एक टूर्नामेंट जिसमें वह 14 खिताबों के साथ 18 वर्षों से एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वह विंबलडन और हाल ही में समाप्त हुए यूएस ओपन से भी चूक गए। नडाल ने आगे कहा कि वह 27 जुलाई से 4 अगस्त तक रौलां गैरो में आयोजित 2024 पेरिस ओलंपिक में अपना करियर समाप्त कर सकते हैं।

नडाल, 20 वर्षों में पहली बार दुनिया के शीर्ष 100 खिलाड़ी की लिस्ट से बाहर हो गए हैं। वर्तमान में, वह वर्ल्ड नंबर 237 की रैंक पर हैं।

## एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के लिए दावा कर सकती हैं दीक्षा

**होल्ज़हौसर्न,** स्विट्जरलैंड। 22 वर्षीय दीक्षा डागर लेडीज यूरोपियन टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट रेस टू कोस्टा डेल सोल में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। 22 वर्षीय भारतीय, जिसने एलईटी टूर पर अपने करियर का दूसरा खिताब जीता, अब तीसरे स्थान पर है, लेकिन दूसरे स्थान पर मौजूद स्पेन की एना पेलेज़ ट्रिविनो से केवल कुछ अंक पीछे है।

फ्रांस की सेलीन बाउटियर दौड़ में सबसे आगे हैं और दीक्षा को उनसे आगे निकलने के लिए, घरेलू इवेंट, हीरो महिला इंडियन ओपन सहित शेष पांच स्पर्धाओं में कुछ और अच्छे परिणामों की आवश्यकता होगी।

दीक्षा ने कहा, मैं बहुत आश्वस्त हूं और अच्छा खेल रही हूं। मैं इस सप्ताह एलईटी टूर का ध्यान सोलहेम कप पर केंद्रित होने के कारण ब्रेक ले रही है। इस सीजन की 22 शुरुआतों में दीक्षा ने एक बार जीत हासिल की है और छह बार टॉप-10 में रही है। फिर भी सीजन का उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन एआईजी महिला ओपन में टी-21 भी रहा है, जहां उनका परिणाम महिला मेजर में किसी भारतीय महिला द्वारा हासिल किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। दीक्षा के लिए

## सार संक्षेप

### चेन्नईयिन एफसी ने लज़ार सिर्कोविच के साथ किया अनुबंध

**चेन्नई**। चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब (एफसी) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन से पहले सर्बियाई डिफेंडर लज़ार सिर्कोविच के साथ अनुबंध कर अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत किया। इंडियन सुपर लीग सीजन से पहले क्लब में अनुबंध कर शामिल किये जाने वाले सर्बियाई डिफेंडर पांचवें विदेशी खिलाड़ी है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने क्लब की मीडिया टीम को बताया, हमें लजार सिर्कोविच को क्लब में लाकर बहुत खुशी हो रही है। हमने उसको अपने साथ लाने के लिए काफी मशक्कत की। कई क्लबों ने उसमें बहुत रुचि दिखाई थी क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। सिर्कोविच ने 2022-23 सीज़न में हंगेरियन फर्स्ट डिवीजन में 17 मुकाबले खेले। उन्होंने एफके रेड, एफके पार्टिज़न बेलग्रेड और किस्वर्डा एफसी के लिए 146 मुकाबले खेले हैं। सिर्कोविच ने कहा, मैं भारतीय चुनौती के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं मैदान पर उतरने और अपनी नयी टीम के साथियों और प्रशंसकों के लिए मुकाबले का इंतजार नहीं कर सकता। जल्द ही मिलते हैं, चेन्नई।

### प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने लॉन्च किया विजाग ओपन

**विशाखापत्तनम**। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, विशाखापत्तनम के साथ मिलकर मंगलवार को एक नया कार्यक्रम विजाग ओपन लॉन्च किया, जो 20-23 सितंबर से ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की कुल पुरस्कार राशि 1 करोड़ रुपये है। पीजीटीआई विजाग ओपन के उद्घाटन के साथ नए क्षेत्र की खोज कर रहा है क्योंकि यह दौरा आंध्र प्रदेश राज्य और प्रतिष्ठित ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में अपनी शुरुआत कर रहा है।

### सुडोकू 6322 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 |

| SENSEX | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 67596.84 ▼ 241.79 | NSE | 20133.30 ▼ 59.05 | MCX | Gold 59252 ▲ 239 | silver 72585 ▲ 431 | देशबन्धु |

# [ अर्थ जगत ]

## किसानों के लिए लॉन्च हुआ नया पोर्टल

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसान ऋण पोर्टल (केआरपी) को लॉन्च कर दिया है। इस पोर्टल को कई सरकारी विभागों के सहयोग से विकसित किया गया है और यह किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के अंतर्गत क्रेडिट सेवाओं तक पहुंच प्रदान करेगा। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म किसान डेटा, लोन वितरण की जानकारी, ब्याज सहायता और योजना की प्रगति के बारे में जानकारी देगा। केसीसी ऋण खाताधारकों से जुड़ी जानकारियां अब किसान ऋण पोर्टल पर आसानी से व्यापक रूप में उपलब्ध होंगी। यह सुविधा पहले नहीं थी। इसके साथ ही सभी केसीसी खाताधारकों का सत्यापन आधार के जरिए किया जाएगा।



## आयकर विभाग ने धर्मार्थ ट्रस्ट के लिए आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाकर 30 नवंबर तक की


**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने धर्मार्थ ट्रस्ट, धार्मिक संस्थानों और पेशेवर निकायों के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा एक महीने बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दी है। विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, किसी फंड, ट्रस्ट, संस्थान या किसी विश्वविद्यालय या शैक्षणिक व चिकित्सकीय संस्थान द्वारा फॉर्म 10बी/10बीबी में 2022-23 के लिए ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियत तारीख को भी एक महीने बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2023 तक कर दिया गया है। विभाग ने कहा, आकलन वर्ष 2023-24 के लिए फॉर्म आईटीआर-7 में आय का रिटर्न दायर करने की नियत तारीख जो 31 अक्टूबर 2023 थी उसे 30 नवंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया है। आईटीआर-7 राजनीतिक दलों तथा चुनावी ट्रस्ट के अलावा धर्मार्थ व धार्मिक गतिविधियों में शामिल संस्थानों और पेशेवर निकाय द्वारा दाखिल किया जाता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए आईटीआर दाखिल करने की डेडलाइन 31 जुलाई तक थी। जिस समय इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा खत्म होने वाली थी, उस वक्त अटकलें लगाई जा रही थीं कि सरकार इसे आगे बढ़ा सकती है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 जुलाई तक रिकॉर्ड 6.77 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए।

# 100 डॉलर की दहलीज पर कच्चा तेल

*नई दिल्ली। ओपेक प्लस देशों की तरफ से तेल उत्पादन में कटौती की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें पहले ही तेज हैं और अब अमेरिका में उत्पादन घटने की भविष्यवाणी की वजह से इसका भाव और भी बढ़ गया है. विदेशी बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 95.33 डॉलर प्रति बैरल के ऊपरी स्तर तक गया है जो 10 महीने का नया ऊपरी स्तर है. आशंका जताई जा रही है कि कीमतें बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल का स्तर दिखा सकती हैं, बल्कि कुछ देशों में कच्चे तेल की कई वैरायटी का भाव पहले ही 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है. स्विडिश बैंक एनालिस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक नाइजीरियाई क्रूड और मलेशियाई क्रूड का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है.*

एनर्जी इनफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी श्द्ध की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि सितंबर के दौरान अमेरिका में कच्चे तेल के रोजाना औसत उत्पादन में लगातार तीसरे महीने गिरावट देखने को मिलेगी. सितंबर के दौरान अमेरिका का रोजाना औसत तेल उत्पादन 93.9 लाख बैरल रहने का अनुमान है, अगस्त में यह 94.33 लाख बैरल था. उधर ओपेक प्लस संगठन के सदस्य सऊदी अरब और अमेरिका ने पहले ही घोषणा की हुई है कि वे कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के फैसले को दिसंबर तक लागू रखेंगे. अब अमेरिका में भी उत्पादन कम हो रहा है, इस वजह से ग्लोबल बाजार में कच्चे तेल की सप्लाई घटने की आशंका बढ़ गई है जिस वजह से इसकी कीमतों में तेजी देखी जा रही है.विदेशी बाजार में कच्चे तेल का भाव पिछले साल भी 100 डॉलर के ऊपर था लेकिन उस समय भारत को रूस से सस्ते में कच्चे तेल की सप्लाई हो रही थी, अब रूस ने भारत को सस्ती दरों में तेल की सप्लाई रोक दी है जिस वजह से भारत में पेट्रोल-डीजल के सस्ता होने की उम्मीद कम हो गई है. भारत के लिए रुपए की गिरावट की वजह से चुनौती ज्यादा बड़ी है क्योंकि कमजोर रुपए की वजह से विदेश से कच्चे तेल के इंपोर्ट का खर्च बढ़ गया है और विदेशी बाजार में कच्चे तेल का भाव ज्यादा बढ़ा तो पेट्रोल-डीजल के महंगा होने की आशंका बढ़ जाएगी. 100 डॉलर के लेवल को पार करने की भविष्यवाणी सिटी बैंक ने यह भविष्यवाणी की कि बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमतें इस साल 100 डॉलर के लेवल को पार कर सकती हैं।

शेवरॉन के सीईओ माइक विर्थ ने भी कहा है कि उन्हें क्रूड ऑयल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर



## क्या बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम?

## क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों का असर, रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** क्रूड ऑयल की इंटरनेशनल मार्केट में कीमत में लगातार तेज रुझान भारतीय रुपये का परेशान कर रहा है। क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमत ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को 83.2675 के अब तक के रिकॉर्ड लो लेवल पर ले आया है। बताया जा रहा है कि रुपये में कमजोरी की संभावना अभी बनी हुई है। खबर के मुताबिक, क्रूड ऑयल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास है। आगे रुपये की चाल पूरी तरह तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा। खबर के मुताबिक, भारतीय मुद्रा को सपोर्ट करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक बाजार में डॉलर जारी कर रहा है। लेकिन यह बहुत मदद नहीं करेगा क्योंक भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत तेल आयात करता है, जिसके लिए डॉलर में तत्काल पेमेंट करना होता है।



## एनबीएफसी को बैंक लोन जुलाई में 23.6 प्रतिशत बढ़कर 13.8 लाख करोड़ रुपये पर



**नई दिल्ली।** एक रेटिंग एजेंसी ने रिजर्व बैंक के मासिक आंकड़ों का विश्लेषण कर बताया कि इससे समीक्षाधीन महीने के दौरान उनकी कुल हिस्सेदारी 9.3 प्रतिशत हो गई है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को बैंकों का कर्ज जुलाई में सालाना आधार पर 23.6 प्रतिशत बढ़कर 13.8 लाख करोड़ रुपये हो गया। एक रेटिंग एजेंसी ने रिजर्व बैंक के मासिक आंकड़ों का विश्लेषण कर बताया कि इससे समीक्षाधीन महीने के दौरान उनकी कुल हिस्सेदारी 9.3 प्रतिशत हो गई है। एजेंसी 'केयर एज' के पत्र के अनुसार, वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीतियों को कड़ा करने के बाद बढ़ी हुई वैश्विक ब्याज दरों के कारण इस महीने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कम उधारी देखी गई।

वित्त वर्ष 2011-12 की दूसरी छमाही में एनबीएफसी को बैंक ऋण में लगातार बढ़ोतरी का रुझान रहा है, जो कोविड महामारी के बाद अर्थव्यवस्था के चरणबद्ध तरीके से फिर से खुलने के साथ मेल खाता है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान और वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में वृद्धि और तेज हो गई।

केयर एज ने कहा कि हालांकि मासिक आधार पर एनबीएफसी के कुल कर्ज में 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण एक जुलाई से एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक के साथ विलय है।

# देश के आयात में 12 प्रतिशत गिरावट, कुल निर्यात भी घटा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीने में भारत के कुल आयात में 12 प्रतिशत की कमी आई है। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वाणिज्यिक आयात के 10 केंद्रों में से सिर्फ रूस और स्विट्जरलैंड से आयात बढ़ा है।

भारत की रूस के कच्चे तेल पर निर्भरता बीते डेढ़ वर्ष में बढ़ गई है। इससे रूस से होने वाले आयात में वृद्धि हुई है। देश में अप्रैल-अगस्त के दौरान सालाना आधार पर वस्तुओं का आयात 86.56 प्रतिशत बढ़कर 25.69 अरब डॉलर हो गया। इस क्रम में भारत को होने वाले कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी बढ़कर 9.45 प्रतिशत हो गई जबकि यह बीते साल की आलोच्य अवधि में 4.45 प्रतिशत थी। अप्रैल-अगस्त के दौरान मूल्य के संदर्भ में देखा जाए तो रूस दूसरा सबसे बड़ा आयातक था। इसके बाद चीन था। स्विट्जरलैंड से आयात बढ़ने का प्रमुख कारण सोने की मांग में इजाफा होना था। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक जुलाई से सोने के कुल आयात में बढ़ोतरी हुई। इसका प्रमुख कारण त्योहारी मौसम का शुरू होना था। स्विट्जरलैंड से आमतौर पर सोने का आयात होता है। अप्रैल से अगस्त के दौरान भारत के कुल आयात में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी बढ़कर 3.08 प्रतिशत हो गई थी जबकि एक साल पहले की आलोच्य अवधि में 2.16 प्रतिशत थी। जुलाई से अगस्त के दौरान अलग-अलग देशों के कारोबार का आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। अप्रैल-जून की



अवधि में रूस से होने वाले कच्चे तेल के आयात में छूट मिलने के कारण 171 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इस अवधि में सोने के आयात में 30 फीसदी का इजाफा हुआ था जिससे इससे अवधि में स्विट्जरलैंड से होने वाले आयात में इजाफा हुआ। भारत के आयात में गिरावट आई है। शीर्ष 10 आयात साझेदारों में चीन (-4.37 प्रतिशत), यूएसए (-17.61 प्रतिशत), संयुक्त अरब अमीरात (-23.43 प्रतिशत), सऊदी अरब (-28.44 प्रतिशत), इराक (-34.77 प्रतिशत), इंडोनेशिया (-32.5 प्रतिशत), सिंगापुर (-8.93 प्रतिशत), दक्षिण कोरिया (-0.83 प्रतिशत) हैं। भारत के कुल वाणिज्यिक आयात में शीर्ष 10 देशों की हिस्सेदारी 59.3 प्रतिशत रही।

**निर्यात-** भारत के शीर्ष 10 निर्यात साझेदारों में यूएसए, यूएई, चीन, सिंगापुर, बांग्लादेश और जर्मनी को होने वाले निर्यात में गिरावट हुई। इससे भारत के कुल निर्यात में 12 प्रतिशत की गिरावट आई। इस क्रम में 10 में से चार बाजारों नीदरलैंड, यूके, सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया को होने वाले निर्यात में इजाफा हुआ। इन दस देशों की भारत के कुल निर्यात में हिस्सेदारी 49 फीसदी है। इस साल की शुरुआत से ही भारत के वाणिज्यिक निर्यात में गिरावट के प्रमाण मिले हैं। इसका कारण प्रमुख बाजारों के केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति की सख्ती और महंगाई के कारण मांग का कम होना था। इससे इन देशों की ब्राह्य मांग पर असर पड़ा था। भारत के बीते एक दशक से सबसे बड़े निर्यात मार्केट अमेरिका को होने वाला निर्यात का मूल्य 10.24 प्रतिशत गिरकर 31.55 अरब डॉलर हो गया। भारत का कुल निर्यात गिरकर 17.9 प्रतिशत आ गया जबकि एक साल पहले यह 18.24 प्रतिशत था।

भारत के सबसे बड़े कारोबारी साझेदार और चौथे सबसे बड़े निर्यात साझेदार चीन से निर्यात 7.62 प्रतिशत गिरकर 6.3 अरब डॉलर हो गया


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60700 चांदी टंच-72800
चांदी रिफाइन -74200

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60700 चांदी टंच-72800
चांदी रिफाइन -74500


# भारत में जीएसटी चोरी में 1.25 लाख कंपनियों के खिलाफ जांच

**नई दिल्ली।** जीएसटी विभाग देशभर की सवा लाख कंपनियों पर शिकंजा कसने जा रहा है। बताया जा रहा है कि इन कंपनियों ने जीएसटी चोरी के लिए फर्जी टैक्स छूट (इनपुट क्रेडिट टैक्स) दावे किए हैं, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है. यह दिसंबर तक जारी रहेगा.बताया जा रहा है कि ये सवा लाख कंपनियां देशभर की हैं।

इनमें से अधिकतर नकली हो सकते हैं. इसके अलावा इनमें कई सरकारी एजेंसियां और प्रतिष्ठित कंपनियां भी शामिल हैं। इनके खिलाफ केंद्र और राज्यों के जीएसटी अधिकारी जांच कर रहे हैं. धोखाधड़ी में दिल्ली की एक फर्जी कंपनी ने मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों की पांच कंपनियों को सप्लाई की है।

**जांच का दूसरा चरण-** गौरतलब है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने दो महीने का विशेष जांच अभियान शुरू किया था. इसे 14 मई से 14 जुलाई के बीच अंजाम दिया गया. इसके तहत 77,200 संस्थानों और कंपनियों की जांच की गई. इनमें से 20,800 नकली पाए गए। बोर्ड के अनुसार, सबसे पहले संस्थानों की पहचान जोखिम में के रूप में की गई थी।

इसके बाद दायरा बढ़ाया गया और 1.25 लाख कंपनियों की जांच की गई. उनके खिलाफ यह जांच का दूसरा चरण है.

**इस तरह किया जाता है फर्जीवाड़ा-** इनपुट टैक्स क्रेडिट के तहत, जीएसटी करदाता को उत्पाद में उपयोग किए गए इनपुट (कच्चे माल) पर भुगतान किए गए कर पर छूट की अनुमति है। कई कंपनियां फर्जी बिल या इनवॉइस के जरिए फर्जी टैक्स छूट का दावा करती हैं।

इसके लिए वे वास्तव में वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति नहीं करते बल्कि फर्जी बिल जमा कर इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करते हैं। इससे सरकारी राजस्व की हानि होती है.

**इस तरह पकड़ी गई टैक्स चोरी-** संदिग्ध कंपनियों की सूची केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के डेटा विश्लेषण के साथ-साथ अन्य विभागों से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारी और डेटा के आधार पर तैयार की गई है। इसके अलावा, आयकर विभाग और जीएसटी पंजीकरण डेटा के साथ व्यापारियों द्वारा दाखिल किए गए कॉर्पोरेट टैक्स रिटर्न सहित अन्य जानकारी का विश्लेषण किया गया है।

**एक लाख करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई-** वित्त वर्ष 2022-23 में 1.01 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की जीएसटी चोरी पकड़ी गई. पिछले साल की तुलना में यह आंकड़ा लगभग दोगुना है. वित्त वर्ष 2021-22 में डीजीसीआई ने 54,000 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी. पिछले वित्तीय वर्ष में टैक्स चोरी के करीब 14,000 मामले दर्ज किए गए, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 12,574 था.




## ट्रक चालकों की बेटियों को उनकी पढ़ाई के लिए मिलेगा महिंद्रा सारथी अभियान स्कॉलरशिप

**पुणे।** इस ड्राइवर्स डे पर, महिंद्रा समूह की सहायक कंपनी, महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी), महिंद्रा सारथी अभियान के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों की बेटियों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करेगा। प्रोजेक्ट महिंद्रा सारथी अभियान उच्च शिक्षा के अधिकार का समर्थन करके इन लड़कियों के जीवन को बदलने की दिशा में एक छोटा सा योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। महिंद्रा इस पहल को आगे बढ़ाने वाले पहले वाणिज्यिक वाहन निर्माताओं में से एक है और चयनित उम्मीदवारों को उनकी उपलब्धि के सम्मान में प्रमाण पत्र के साथ 10,000/- रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान करता है। यह प्रयास महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन की ट्रक ड्राइवर समुदाय के प्रति चल रही प्रतिबद्धता में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसे 2014 में महिंद्रा सारथी अभियान के साथ शुरू किया गया था। प्रारंभिक आउटरीच, पूरे भारत में 75+ परिवहन केंद्रों पर पहुंच कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित किया गया था और यह प्रक्रिया सुस्पष्ट, पारदर्शी और स्वतंत्र थी। अब तक, 8928 युवतियों को इस पहल के तहत छात्रवृत्ति से लाभ मिल चुका है, जिससे उन्हें अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु आगे बढ़ने का मौका मिला है। इस अवसर पर बोलते हुए, जलज गुप्ता, बिजनेस हेड - वाणिज्यिक वाहन, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा, महिंद्रा सारथी अभियान वाणिज्यिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसका उद्देश्य चालक समुदाय के जीवन को बेहतर बनाना है। इस कार्यक्रम के जरिए हमें ट्रक चालकों की बेटियों को बड़े सपने देखने का अवसर प्रदान करने और उन्हें उनके करियर लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने की प्रसन्नता है। महिंद्रा सारथी अभियान को हमारे ड्राइवरों और साझेदारों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है, जो युवतियों को अपने सपनों को हासिल करने में सक्षम बनाने में इसकी प्रभावशीलता को दर्शाता है।

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.26 |
| एक यूरो | 88.99 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.20 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.77 |
| एक जापानी येन | 00.56 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 125 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-135 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# खत्म हुआ इंतजार, रिलायंस ने लॉन्च किया जियो एयरफाइबर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर जियो एयरफाइबर को लॉन्च किया। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने इसकी घोषणा कंपनी की एजीएम यानी सालाना आम बैठक में की थी। जियो एयरफाइबर, रिलायंस जियो की एक वायरलेस इंटरनेट सर्विस है। इसमें 5 जी टेक्नोलॉजी के जरिए बेहतरीन वायसेल हाईस्पीड इंटरनेट एक्सेस जीयो यूजर्स को मिलेगा।

**8 मेट्रो शहरों से हुई जियो एयरफाइबर की शुरुआत-** कंपनी ने जियो एयरफाइबर और इससे जुड़ी सर्विस की शुरुआत 8 मेट्रो शहरों से की है। इन शहरों में अहमदाबाद, बेंगलूरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और पुणे शामिल है। रिलायंस जियो अपने घरेलू उपकरणों को जियो एयरफाइबर के साथ बिना किसी अतिरिक्त कीमत पर पेश कर रहा है। इन उपकरणों में एक वाई-फाई राउटर, एक 4के स्मार्ट सेट टॉप बॉक्स और एक वॉइस कमांड पर काम करने वाला रिमोट भी शामिल है।

**जियो एयरफाइबर का बेस प्लान 599 रुपये से शुरू-** जियो एयरफाइबर का सबसे सस्ता बेस प्लान 599 रुपये से शुरू हो रहा है। इस प्लान में यूजर्स को न सिर्फ हाईस्पीड इंटरनेट मिलेगा बल्कि 550 से अधिक डिजिटल चैनलों और 14 ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन भी मिलेगा। इतना ही नहीं जियो एयरफाइबर यूजर्स को कई अन्य तरह के फीचर्स भी उपलब्ध कराएगा जिससे यूजर्स का ओवरऑल इंटरनेट उपयोग करने का अनुभव बेहतर होगा।

इसमें पैरेंटल कंट्रोल, वाई-फाई 6 और इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी फायरवॉल जैसे फीचर्स शामिल है। साथ ही कंपनी ने दावा किया है कि इसस वीजीबीपीएस की हाई स्पीड इंटरनेट स्पीड मिलेगी।

**हम अपने बाजार का विस्तार कर रहे हैं- आकाश अंबानी-** रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, जियो एयरफाइबर के साथ, हम अपने देश के हर घर को समान गुणवत्ता वाली सेवा के साथ तेजी से कवर करने के लिए अपने बाजार का विस्तार कर रहे हैं। जियो एयरफाइबर शिक्षा, स्वास्थ्य, निगरानी और स्मार्ट होम में अपने समाधानों के माध्यम से लाखों घरों को विश्व स्तरीय डिजिटल मनोरंजन, स्मार्ट होम सेवाओं और ब्रॉडबैंड से जोड़ेगा।


### देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# विषाक्त भोजन खाने से बीमार पड़े बच्चों की हालत स्थिर, कलेक्टर बोले- लापरवाहों को बख्शा नहीं जायेगा



**जबलपुर, देशबन्धु।** रामपुर क्षेत्र स्थित एकलव्य आदर्श आदिवासी विद्यालय के छात्रावास में रह रहे बच्चों को रात का खाना खाते ही उन्हें फूड प्वॉइजनिंग का शिकार होना पड़ा। बताया जा रहा है कि रात के भोजन में बच्चों दाल, चावल, रोटी के साथ कटहल की सब्जी दी गई थी।

जिसके बाद बच्चों को उल्टी, चक्कर और दस्त की शिकायत होने लगी थी। जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्रीयजनों की मदद से विक्टोरिया, मेडिकल और निजि अस्पतालों में इलाज के लिये भेजा था। बीती रात को बीमार बच्चों की संख्या लगभग 80 बतायी गई थी जो सुबह होते तक 100 पार हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं की हालत फिलहाल स्थिर है। घटना के बाद कलेक्टर सौरभ सुमन ने स्वत: इस मामले को संज्ञान में लिया और रात भर इसकी मॉनिटरिंग की। और सुबह बच्चों से मिलने अस्पताल पहुंचे।

सीएचएमओ डॉ. संजय मिश्रा के मुताबिक मंगलवार सुबह तक 20 से ज्यादा छात्राओं को आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ा है। मामला जिले के रामपुर छापर का है। स्टूडेंट्स 6वीं से 11वीं क्लास के हैं।

सोमवार शाम हॉस्टल के मेस में भोजन करने के बाद बच्चे लगातार बीमार पड़ते गए। उल्टी-दस्त की शिकायत पर 65 बच्चों को मेडिकल कॉलेज और 35 बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। निजी अस्पतालों में भी कुछ बच्चों को भर्ती कराया गया है। बच्चों ने बताया कि उन्होंने दाल-चावल और कटहल की सब्जी खाई थी। इसके बाद ही उनका जी मिचलाने लगा और चक्कर आने लगे। हॉस्टल में 450 बच्चे रहते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भोजन का सैंपल लिया है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही आगे बढ़ने की संभावना है।

### मामले में कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा

घटना के बाद कांग्रेस और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा है। उनका आरोप है कि सरकार द्वारा सड़ा गला अनाज खाकर बच्चों को यह हाल हुआ है। मुख्यमंत्री स्वयं इस संबंध में जवाब दे और कठोर कदम उठाये।

**भनोत बोले- बच्चों के लिए एम्बुलेंस नहीं मिली**

पूर्व वित्त मंत्री व विधायक तरुण भनोत, महापौर जगत बहादुर सिंह और भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू भी देर रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। पूर्व मंत्री ने कहा, बच्चों को सड़ा हुआ खाना दिया गया था। प्रशासन की पोल तब खुल गई जब इतनी गंभीर घटना में एम्ब्यूलेंस नहीं मिली तो ई-रिक्शा और स्कूटर से बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। जो चर्चा का विषय बन गया है। वहीं विधायक विनय सक्सेना ने कहा, ये बहुत ही दुखद घटना है। जो बच्चे गंभीर हैं, उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े अस्पताल में भर्ती करवाया जाए। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में जल्द से जल्द बेहतरी मिल सके।

### पूरी रात मॉनिटरिंग की और सुबह-सुबह मेडिकल और विक्टोरिया अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

रामपुर छापर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बच्चों के अस्वस्थ्य होने की जानकारी लगते ही कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन द्वारा मौके पर अपर कलेक्टर, एसडीएम गोरखपुर और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल भेजते हुए खुद पूरी रात पल-पल की मॉनिटरिंग करते रहे और सुबह-सुबह विक्टोरिया हॉस्पिटल पहुंच गए और बच्चों और उनके परिवार जनों से मिले और उन्हें भरोसा दिलाया और कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया एकलव्य आवासीय विद्यालय के सभी बच्चों की हालत में बहुत तेजी से सुधार हो रहा है चिंता जैसी कोई बात नहीं है। सतर्कता के बतौर बच्चों को रात भर अस्पतालों में ही रखा गया था।

### सरकार पदस्थापना दे या एनओसी

# एमबीबीएस डॉक्टरों ने याचिका दायर कर चाही राहत, नोटिस जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमबीबीएस कोर्स पूर्ण करने के छह माह बाद भी सरकार द्वारा पदस्थापना या एनओसी न दिये जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। दायर मामलों में कहा गया कि सरकार ने अनुबंध किया था कि एमबीबीएस कोर्स पूर्ण करने के बाद उन्हें एक साल तक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देनी होगी, लेकिन वह पिछले छह माह से पदस्थापना की राह देख रहे है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह मामले याचिकाकर्ता डॉक्टर सिद्धार्थ कसाना, डॉ. सोनाली अग्रवाल सहित अन्य पांच की ओर से दायर किये गये है। जिनमें कहा गया कि उन्होनें साल 2017 में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लिया। कोर्स मार्च 2022 में पूर्ण हो गया। इसके बाद उन्होनें एक साल तक इंटरशिप का कार्यकाल पूर्ण किया। दाखिला लेते हुए सरकार ने एक अनुबंध किया था कि कोर्स पूर्ण होने के बाद वह प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक साल तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। जिन्होनें न्यायालय को बताया कि सभी याचिकाकर्ता दूसरे प्रदेश के निवासी है। कोर्स व इंटरशिप पूर्ण किये उन्हें छह माह से अधिक का समय हो गया है, लेकिन सरकार ने अब तक उनकी पदस्थापना ग्रामीण इलाकों में नहीं की है और न ही उन्हें एनओसी प्रदान की। आवेदकों की ओर से कहा गया कि उनके प्रदेश में डॉक्टरों की सीट रिक्त पड़ी है। कोर्स पूर्ण करने के बावजूद भी याचिकाकर्ता विगत छह माह से सिर्फ समय काट रहे है।

याचिका में प्रमुख सचिव तथा संचालक मेडिकल एजुकेशन तथा संचालक स्वास्थ्य सेवा को पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# भोपाल सेंट्रल जेल में आतंकी भूख हड़ताल पर बैठे, सामूहिक नमाज, लायब्रेरी, घड़ी की कर रहे मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की सेंट्रल जेल में सिमी के आतंकी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। 14 सितंबर से शुरू भूख हड़ताल का जेल प्रशासन को दो दिन बाद पता चला। इसके बाद उनके स्वास्थ्य की मॉनीटरिंग बढ़ा दी है। साथ ही वरिष्ठ कार्यालय को जेल प्रशासन ने पूरी स्थिति से अवगत कराया है।





जेल सूत्रों के अनुसार जेल की हाई सिक्योरिटी सेल में बंद सिमी के आतंकी कमरुद्दीन, अबू फैसल, कामरान और शिवली भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। वह सामूहिक नमाज, लायब्रेरी, न्यूज पेपर और घड़ी की मांग कर रहे हैं। जेल प्रशासन सुरक्षा का हवाला देकर उनकी मांगों को मानने से इंकार कर रहा है।

आतंकियों को भूख हड़ताल के लिए भड़काने के पीछे आंतकी अबू फैजल और कामरान को बताया जा रहा है। इन दोनों ने पहले भूख हड़ताल शुरू की थी। उल्लेखनीय है कि जेल में बंद उज्जैन निवासी कमरुद्दीन पुत्र चांद मोहम्मद नागौरी को कोर्ट ने 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, केरल निवासी शिवली पुत्र करीम भी आजीवन कारावास की सजा में जेल में बंद है। दोनों एक ही संगठन से जुड़े हुए थे।

# सायकिल लाने की जिद से नाराज पिता ने बेटे को कुल्हाड़ी मारकर उतारा मौत के घाट

**सागर, देशबन्धु।** सागर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपने नाबालिग बेटे की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी। बेटा पिता से साइकिल दिलाने की मांग कर रहा था, लेकिन पिता की आर्थिक स्थिति बेटे को साइकिल दिलाने योग्य नहीं थी। बेटे की जिद से परेशान होकर पिता ने गुस्से में अपने 12 साल के बेटे को मौत के घाट उतार दिया।



घटना बंडा थाना क्षेत्र के कांटी गांव की है, बेटे की हत्या करने के बाद आरोपी पिता फरार हो गया, जिसे पुलिस खोजने में जुटी है। बंडा थाना प्रभारी नसीर अहमद फारुखी के अनुसार सागर जिले में बंडा क्षेत्र के कांटी गांव के निरपत लोधी से उसका 12 वर्षीय बेटा यशवंत साइकिल दिलाने की जिद कर रहा था, जिससे क्रोधित होकर निरपत लोधी ने अपने बेटे को कुल्हाड़ी मार दी, कुल्हाड़ी के वार से मासूम यशवंत की मौत हो गयी।

घटना के बाद आरोपी पिता निरपत लोधी फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पिता निरपत लोधी को फिलहाल पुलिस तलाश रही है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है।

# बाघ ने फिर किया एक और चरवाहे पर हमला

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर क्षेत्र में लगातार जंगली जानवर खासकर बाघ लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। जहां एक चरवाहा अपने मवेशियों को लेकर जंगल की तरफ गया ही था कि झाड़ियों के पीछे घात लगाकर छिपे बैठे बाघ ने चरवाहे के ऊपर हमला कर दिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र पतौर रेंज की घटना है। जहां बंदरछुई हार की आरएफ-407 में बाघ ने मवेशी चराने गए चरवाहे के ऊपर हमला कर दिया। हमले में चरवाहे के दोनों हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने बताया कि घायल की पहचान पटेहरा गांव के रहने वाले श्यामकिशोर पाल उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई है।

# वड़ोदरा मंडल में भारी बारिश के चलते पमरे से प्रारम्भ होने वाली रेलगाड़ी आंशिक निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम रेल, वड़ोदरा मण्डल में भारी वर्षा के चलते ट्रैक पर जल भराव होने के कारण संरक्षा एवं यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये एहतियात के तौर पर कुछ गाड़ियों को शार्ट टर्मिनेट/ऑरिजेनट करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 20905/20906 एकता नगर (केवड़िया) - रीवा- एकता नगर (केवड़िया) एक्सप्रेस ट्रेन को वड़ोदरा जंक्शन पर शार्ट टर्मिनेट/ऑरिजेनट करने का निर्णय लिया गया है। अर्थात यह रेलगाड़ी एकता नगर (केवड़िया) -वडोदरा जंक्शन के मध्य दोनों दिशाओं में आंशिक निरस्त रहेगी। 22 सितम्बर को गाड़ी संख्या 20905 एकता नगर-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन वड़ोदराजंक्शन से ओरिजिनेट होगी।



इसी प्रकार 23 सितम्बर को गाड़ी संख्या 20906 रीवा-एकता नगर ट्रेन वड़ोदरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी।

# नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पमरे से दो जोड़ी ट्रेनें निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना के कार्य को गति प्रदान करने के लिए निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मध्य रेल, सोलापुर मण्डल पर दोहरीकरण रेल लाइन को जोड़ने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। जिससे कुछ रेलगाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट गाड़ी संख्या 02132/02131 जबलपुर-पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन एवं गाड़ी संख्या 22172/22171 रानी कमलापति-पुणे-रानी कमलापति हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी।

निर्धारित तिथियों में प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त की जाने वाली रेलगाड़ियां

1) गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन 24 सितम्बर 2023 को तथा गाड़ी संख्या 02131 पुणे-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 25 सितम्बर 2023 को निरस्त रहेगी।

2) गाड़ी संख्या 22172 रानी कमलापति-पुणे हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन 23 सितम्बर 2023 को तथा गाड़ी संख्या 22171 पुणे - रानी कमलापति हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन 24 सितम्बर 2023 को निरस्त रहेगी।

# अब चीनी हुई महंगी

# फुटकर भाव 43-44 रूपये किलो की ऊंचाई पर



**जबलपुर, देशबन्धु।** जैसे-तैसे टमाटर की लोकल आवक बढ़ने से कीमतों में तेज गिरावट के बाद उपभोक्ताओं को महंगाई में कुछ राहत महसूस हुई थी लेकिन अब चाय की मिठास भी चीनी महंगी होने के कारण कड़वी होने लगी है।

आलम यह है कि, फुटकर बाजार में चीनी के दाम बढ़कर 43 रूपये से लेकर 44 रूपये किलो तक हो गए हैं। यही नहीं मुनाफाखोरी के चलते कहीं-कहीं चीनी 45-46 रूपये किलो तक बेची जा रही है और मुनाफाखोर इसमें तगड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। खबरों के मुताबिक इस बार इंडियन सुगर मिल्स एसोसिएशन यानी इस्मा में शुरूआती अनुमान में 2023-24 में 3.62 करोड़ टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया है। जो कि कम आका जा रहा है। दरअसल कर्नाटक व महाराष्ट्र में गन्ने की कमी के कारण चीनी उत्पादन में कमी के अनुमान लगाये जा रहे हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन बेहतर होने के अनुमान लगाये जा रहे हैं। देश के चीनी उत्पादन में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी इन तीन राज्यों की रहती है।

इनका उत्पादन चीनी की कीमतों को तय करता है। महाराष्ट्र में चीनी के थोक भाव बढ़कर 37 रूपये और यूपी में चीनी के दाम 39 रूपये एक्समिल प्लस जीएसटी तक बढ़ गए हैं। चीनी उत्पादन कम होने की आशंका से इस बार वर्ष 2023-24 में चीनी निर्यात आधा होने की उम्मीद भी लगाई जा रही है।

हालांकि घरेलू खपत के हिसाब से चीनी का स्टॉक पर्याप्त माना जा रहा है। एक सितम्बर को करीब 80 लाख टन मौजूदा स्टॉक रहा, जो कि नवम्बर तक के लिए पर्याप्त माना जा रहा है। बावजूद इसके चीनी की कीमतें बढ़ना समझ से परे है। सूत्रों का कहना है कि चीनी के कम उत्पादन को लेकर स्टॉकिस्ट, बिचौलिये, मुनाफाखोर व सटोरिए बाजार में हावी हो गये हैं। और यही वजह है कि चीनी में अधिक तेजी देखने को मिल रही है।

### चीनी से महंगा गुड़

बाजार में चीनी से महंगा गुड़ बिक रहा है। फुटकर में गुड़ की कीमत क्वालिटी अनुसार 55 से 60 रूपये किलो तक बताई जा रही है। वहीं ठण्ड सीजन के नजदीक होने से गुड़ की मांग में इजाफा होने की उम्मीद भी लगाई जा रही है। यदि मांग में इजाफा होता है तो गुड़ की कीमत भी तेज हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि चीनी में सरकारी नियंत्रण है लेकिन गुड़ में सरकारी नियंत्रण न होने के कारण मुनाफाखोर इसकी कीमत अनाप-शनाप तय कर रहे हैं।

# अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी कोच में मिला दुर्लभ प्रजाति का कछुआ

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी में रेलवे पुलिस ने अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी कोच से एक दुर्लभ प्रजाति का कछुआ पकड़ा है, जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग को कछुआ सौंपा गया है। बताया जा रहा है ट्रेन में मिले इस कछुए की कीमत काफी ज्यादा है। जानकारी के अनुसार कटनी साउथ स्टेशन में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब ट्रेन क्रमांक 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी कोच में एक दुर्लभ प्रजाति का कछुआ निकल आया।



इसे देखकर सभी यात्री भयभीत होने लगे, जिसकी सूचना मिलते ही कटनी आरपीएफ से अनिल कुमार दीक्षित अपने स्टाफ के साथ एसी कोच में पहुंचकर बेशकीमती कछुए को सुरक्षित उठाते हुए पानी के टब में रख दिया। वहीं, मामले की जानकारी लगते ही वन अमला भी आरपीएफ थाने पहुंचा। वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि ट्रेन में एक दुर्लभ प्रजाति का कछुआ मिला है। जो की समुद्री तटीय इलाकों में पाया जाता है। यह एक विलुप्त प्रजाति का कछुआ है, जिसे इंडियन फिलिप सेल टर्टल के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है यह श्रेणी-2 स्तर का जीव है, जिसे आरपीएफ ने हमें सुपुर्द किया है। कछुए का स्वास्थ्य परिक्षण करवाए जाने पर वह स्वस्थ पाया गया है। ट्रेन में यह कछुआ कहां से आया, इसकी कोई तस्करी तो नहीं करता है। इसकी जांच कटनी आरपीएफ के साथ मिलकर वन विभाग की टीम करेगी।


**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 135
मुर्गा मीडियम - रु. 125
मुर्गा बड़ा - रु. 120
मुर्गा जम्बो - रु. 120
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 116
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 121
छोटा ब्रॉयलर - रु. 131
मोबाइल नं. 9300692405

**A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL**

Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
TUESDAY SHOW OFFER RS. @ 120/-
JAWAN 09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 02:00 PM 03:15 PM 04:15 PM 06:30 PM 07:30 PM 08:30 PM 10:00 PM 10:45 PM
DREAM GIRL-2 12:30 PM 05:30 PM 10:30 PM
THE NUN II IN HINDI 10:15 AM 03:00 PM 08:00 PM
GADAR-2 10:45 AM 05:15 PM

**आसान किस्तों में उपलब्ध** **मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर मो. 9200000162 फोन- 2626496

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से **मोतियाबिंद ऑपरेशन**
मध्य भारत का सबसे आधुनिक **नया युग**
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ।पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर